CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 08°C

लखनऊ, सोमवार 19 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 75 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में करीब चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी पेज 2



इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब खेल टाइम्स



कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ, अफवाह व दुष्प्रचार सम्पादकीय



ट्रम्प ने आठ यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर: तीन साल बाद गैंगरेप पीड़ित युवती की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। एक न्यूज चैनल के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी। महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली। पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए। ड्राइवर को छोड़कर उनमें से तीन ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया था।

### धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है। दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी है, इसलिए ऐसा ज्ञान वहां नहीं मिलता। धर्म सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। प्रकृति की हर चीज का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है।

### घने कोहरे से उड़ानें बाधित, परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के मद्देनजर एयर इंडिया और इंडिगो सहित विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों में संभावित देरी और रुकावटों को लेकर यात्रियों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। एयर इंडिया ने कहा कि सोमवार सुबह दिल्ली सहित कई क्षेत्रें में दृश्यता कम रहने के कारण उड़ानों के परिचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि उसने रुकावटों को कम करने के लिए पहले से ही कदम उठाए हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों को आश्वासन दिया है कि देरी, मार्ग परिवर्तन या रद्द होने की स्थिति में हवाई अड्डा पर मौजूद कर्मचारी सहायता प्रदान करेंगे। कोहरे से प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से चेतावनी मिलेंगी, जिसमें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान रीशेड्यूल करने या रद्द होने की स्थिति में बिना किसी जुर्माना के पूरी राशि पाने का विकल्प होगा।

## महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंसा

# शिंदे गुट ने ढाई साल तक बीएमसी मेयर पद मांगा

## 29 पार्षद होटल भेजे, भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू, बहुमत का आंकड़ा 114

**मुंबई।** बीएमसी के चुनावी नतीजों से महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंस गया है। भाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार भाजपा का मेयर बनने के साफ संकेत हैं।

हालांकि, एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। इस पर भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू हो गई है। इधर, रविवार को उद्धव गुट के संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वे पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। वहीं, मुंबई में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने यह कहकर अटकलों को और बढ़ा दिया कि अगर

- संजय राउत बोले: शिंदे खुद नहीं चाहते मुंबई में भाजपा का मेयर हो



'भगवान' चाहेंगे, तो उनकी पार्टी का मेयर हो सकता है। मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट ने 29 वार्ड जीते हैं। बहुमत के आंकड़े 114 के लिए भाजपा को शिंदे गुट के 29 पार्षदों की जरूरत है। उद्धव के 'मराठी कार्ड' खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या सीमित रह गई। अब शिंदे गुट ने मेयर पद का दांव चला है। अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती, तो सत्ता के समीकरण बिगड़ सकते हैं। इसके चलते शिंदे ने तय किया है कि होटल में ही बैठक कर पार्टी नेता का चुनाव किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि हॉर्स- ट्रेडिंग को रोकने के लिए यह सब किया जा रहा है। सभी 29 पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। यानी अगले 3 दिन वहीं रहना होगा। इससे पहले 2017 में नगर निगम चुनावों के बाद अविभाजित शिवसेना ने 7 मनसे कॉर्पोरेटर का दलबदल करवाया था। शिंदे गुट का पार्षदों को होटल में रखना, 2022 की उस बगावत की भी यादें ताजा कर रहा है, जिसके कारण शिवसेना टूट गई थी। दरअसल, मई 2022 महाराष्ट्र सरकार में नगर विकास मंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने 39 विधायकों के साथ बगावत कर दी थी।

### दिल्ली में सांसों पर 'आफत' AQI '493' पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है और रविवार को यहां के आनंद विहार में वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) औसतन 493 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह यहां के ज्यादातर हिस्सों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। बोर्ड के अनुसार आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता सबसे खराब रही, जहां एक्यूआई 493 दर्ज किया गया।

# भाजपा-एनडीए ने बिहार में जंगलराज रोका: पीएम मोदी

## कहा: अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार, घुसपैठ रोकने को फेंसिंग जरूरी

**कोलकाता/गुवाहाटी, वार्ता**

**पीएम नरेंद्र मोदी** ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। प. बंगाल में मोदी ने कहा कि टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो। टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा। जब यहां माफिया, दंगाइयों को हटाया जाएगा। बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। पीएम ने असम में कहा कि हर साल जब ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ता है, तो यहां के वन्यजीव ऊंचे इलाकों की ओर निकलते है। रायनो हाथी सड़क के किनारे फंस जाते हैं। इसीलिए यहां 90 किमी लंबा कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 7 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों को आय के नए अवसर मिले हैं। असम आज दुनिया को दिखा रहा है कि विकास के साथ-साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है। दशकों तक लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे रह गए हैं। इस सोच को बदलने का काम किया गया और नार्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता दी गई। कांग्रेस ने असम की मिट्टी को घुसपैठियों को सौंप दिया। इनकी सरकार के दौरान असम में घुसपैठ बढ़ती गई। कांग्रेस को असम के इतिहास, संस्कृति और आस्था से कोई सरोकार नहीं था। कांग्रेस की नीति है कि घुसपैठियों को बचाओ, उनकी मदद से सत्ता पाओ, बिहार में कांग्रेस ने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकालीं, बिहार ने इन्हें बाहर कर दिया, मुझे विश्वास है असम भी यही करेगा।





- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है: पीएम
- प्रधानमंत्री ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया
- अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर और कामाख्या- रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई

### टीएमसी जनता से दुश्मनी निकाल रही: मोदी

**कोलकाता।** बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। बंगाल की धरती ने देश की विरासत देश की आजादी के लिए जो दिशा दी, जो नेतृत्व दिया।

बीजेपी उस प्रेरणा को राष्ट्र के कोने-कोने तक ले जा रही है। भाजपा सरकार ही है जिसने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर इंडिया गेट के सामने नेताजी सुभाषबाबू जी की तस्वीर लगाई है। आजाद हिंदी फौज के त्याग को नमन किया गया। नेताजी के नाम पर अंडमान में द्वीप का नाम रखा गया। पहले 26 जनवरी के कार्यक्रम 24-25 को शुरू होकर 30 तारीख को पूरे होते थे। हमने अब इसे बदल दिया, अब 23 जनवरी सुभाष बाबू की जयंती से शुरू करके महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरा किया है।

# यूपी में कोहरे में 70 वाहन टकराए, 12 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में रविवार को घना कोहरा छाया रहा। जीरो विजिबिलिटी के कारण अलग-अलग शहरों में 70 वाहन टकराए। कुल 22 हादसों में 12 की मौत हुई, 75 लोग घायल हैं।

अकेले अमरोहा में 15 वाहन टकराए। शनिवार को भी 16 जिलों में सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हुई थी। यूपी के लखनऊ, बाराबंकी, प्रयागराज, अयोध्या समेत 50 ज्यादा जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर तक रह गई है। उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी हुई है। इसके साथ ही पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में ताबो का तापमान राज्य में सबसे कम -2.6 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को

- उत्तराखंड के चमोली स्थित हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी व पिथौरागढ़ में हल्का हिमपात हुआ

बर्फबारी हुई। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। यहां के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। भागलपुर के साबौर में सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है। बिहार के कई हिस्सों में सुबह और रात के वक्त घना कोहरा बरकरार है। मौसम विभाग ने रविवार को बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान सबसे ठंडा सबौर (भागलपुर) रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब में रविवार सुबह घनी धुंध रही। इस वजह से बठिंडा के मौड़ मंडी में पीआरटीसी बस गैस सिलेंडर से भरे ट्रक से टकरा गई।

# प्लेन में बम की सूचना पर इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एटीसी को रविवार सुबह 8:46 बजे इंडिगो की 6ई-6650 फ्लाइट में बम की सूचना मिली।

विमान सुबह 9:17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यात्रियों को उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। करीब आठ घंटे तक जांच की गई। बम की सूचना झूठी होने की पुष्टि होने के बाद शाम 4:40 बजे यात्रियों समेत

- विमान में 230 यात्री थे सवार

डेस्टिनेशन के लिए रवाना हुआ। विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी लिखी मिली। लिखा था कि प्लेन में बम है। एक यात्री को यह नैपकिन दिखी तो उसने इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी। बाद में विमान को तत्काल लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड, मेडिकल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को घेर लिया। विमान में 230 यात्री (8 बच्चे भी), 6 क्रू मेंबर और 2 पायलट सहित कुल 238 लोग सवार थे। सभी को चेकिंग के बाद सुरक्षित उतार दिया गया।

# लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक जेल में फर्श पर सो रहे

**नई दिल्ली।** लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमो ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं।

सोनम वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह कार्रवाई लेह में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद की गई थी। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हुई थी और 90 लोग घायल हुए थे। गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम



वांगचुक की हिरासत के खिलाफ विरोध न होने से वह थोड़ी निराश हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए। आंगमो के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिए, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए। उन्होंने कहा कि यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी

- वांगचुक की पत्नी गीतांजलि बोलीं: बैरक में टहलने तक की जगह नहीं,
- सरकार जानती है, उनके केस में दम नहीं

आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए। जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। जिन पांच एफआईआर का हवाला दिया गया है, उनमें से तीन में वांगचुक का नाम नहीं है। जिन दो एफआईआर में नाम है, उनमें से एक अगस्त 2025 की है, जिसमें न तो नोटिस दिया गया और न पूछताछ हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला मजिस्ट्रेट का हिरासत आदेश पुलिस के प्रस्ताव की कॉपी-पेस्ट है। अधिकारी को अपना दिमाग लगाना चाहिए, सिर्फ कागजों की नकल नहीं करनी चाहिए। आंगमो ने कहा कि वे मामले को राजनीतिक नहीं बनाना चाहतीं। लेकिन उन्होंने कोर्ट में हो रही देरी पर चिंता जताई। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की ओर से तारीख पर तारीख ली जा रही है। गीतांजलि आंगमो ने बताया कि सोनम जेल के अपने अनुभव पर जो किताब लिख रहे हैं, उसका टाइटल शायद फॉरएवर पॉजिटिव होगा। अगर वह कुछ चींटियों और उनके व्यवहार को देखते हैं, तो वह मुझसे चींटियों के व्यवहार पर किताबें लाने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि चींटियों के समुदाय में बहुत एकता, बहुत टीम भावना होती है, तो शायद वह उसका अध्ययन करना चाहते हैं।

# नोएडा में कार सहित दलदल में गिरा इंजीनियर, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में घने कोहरे की वजह से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दलदल में गिरकर मौत हो गई। वह करीब 80 मिनट तक पिता के सामने चिल्लाता रहा। उनसे फोन कर कहा कि पापा मुझे बचा लो, मैं मरना नहीं चाहता। इसके बाद कार समेत नाले के पानी से भरे 30 फीट गहरे दलदल में समा गया।

इंजीनियर युवराज मेहता अपनी ग्रैंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। रास्ते में एटीएस ले ग्रांड के पास कार नाले

- 80 मिनट तक मदद के लिए चिल्लाता रहा
- पिता को फोन कर कहा: मैं मरना नहीं चाहता

की दीवार तोड़ते हुए 30 फीट गहरे पानी से भरे दलदल में गड्ढे में गिर गई। युवराज की कार गड्ढे में गिरते ही दलदल में समाने लगी। युवराज किसी तरह कार से निकलकर उसके ऊपर चढ़ गए। पिता को फोन करके पूरी घटना बताई। -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बलों ने की 306 एकड़ में फैली अफीम की खेती नष्ट

**इंफाल।** मणिपुर प्रशासन ने पिछले सप्ताह से जारी अभियान में 306 एकड़ भूमि में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांगपोकपी जिले के साइ. कुल थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर 12 से 17 जनवरी तक चलाए गए अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और वन विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग 306 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। इस अभियान के तहत खेतों में बनाई गई 43 अस्थाई झोपड़ियों के साथ-साथ स्प्रे पंप, पाइप, नमक, कीटनाशक और खरपतवारनाशक को भी नष्ट कर दिया गया। पूरे मणिपुर में गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है, जिससे कई गिरफ्तारियां हुई हैं और अवैध अफीम की खेती के बड़े इलाकों को नष्ट किया गया है।

### तेजस राजधानी में बम की अफवाह से अफरा-तफरी

**चंदौली।** राजेंद्र नगर पटना से नई दिल्ली जा रही 12309 तेजस राजधानी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना से शनिवार की रात यहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ट्रेन को दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (मुगलसराय) पर रोककर सुरक्षा एजेंसियों ने गहन जांच अभियान चलाया। किसी तरह की विस्फोटक सामग्री बरामद ना होने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। तेजस राजधानी एक्सप्रेस शनिवार रात करीब 10:15 बजे पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंची थी। इसी दौरान रेलवे बोर्ड को सूचना मिली कि ट्रेन में बम रखा गया है। अलर्ट मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ, जिला पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया।

# मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी

**प्रयागराज, वार्ता**

■ भीड़ का आलम ये था 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया था

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी में पावन डुबकी लगा चुके थे। आज सुबह चार बजे से ही मौनी अमावस्या का स्नान शुरू हो गया था।

जैसे जैसे सूरज निकला उसी रफ्तार से श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ने लगी भीड़ का आलम ये था कि 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगो ने स्नान कर लिया था। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने भी अपनी योजना में बदलाव करते हुए दूसरे रास्ते से स्नान घाट तक पहुंचाया। मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया और खिली खिली धूप मे लोग स्नान करते रहें। प्रशासन की तरफ से बताया गया कि आज शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने वाले लोगो पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मौनी अमावस्या का स्नान सबसे बडा स्नान पर्व होता हैं। मेला प्राधिकरण का अनुमान था कि आज के दिन तीन से साढ़े तीन करोड़ लोग स्नान करेंगे लेकिन दो बजे तक ही तीन करोड़ लोगो नें स्नान कर लिया था। लिहाजा ये आकड़ा और बढ़ेगा, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार कल देर रात 12 बजे से ही घाट पर डटे रहें और खुद ही पूरी व्यवस्था की निगरानी करते रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ एक जगह एकत्र न हो, शहर के अंदर भी पुलिस ने खास इंतजाम किए हैं। जानसेन गंज चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाली रोड घे बंद कर दिया गया था। बिजली घर से सिविल लाइन्स जाने वाले रास्ते पर भी बैरिकेटिंग की गई हैं। इसके अलावा सिविल लाइन्स रेलवे स्टेशन साइड पर पैदल ही श्रद्धालुओं घे जाने दिया जा रहा हैं। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और उनकी टीम ने जिस तरह से ट्रैफिक प्लान तैयार किया हैं उससे काफी अच्छा असर पड़ा है। श्रद्धालु स्नान कर रहें हैं और शहर मे जाम भी नहीं लगा। मौनी अमावस्या का स्नान करने शंकराचर्या स्वामी अविमुकतेशवारा नन्द महाराज अपने रथ पर सवार होकर भीड़ के बीच जा रहे थे। तभी पुलिस नें रथ की बजाए पैदल जाकर स्नान करने की अपील की जिस पर शांक. राचार्य के साथ चल रहे लोगों ने पुलिस से कहासुनी कर ली।

### प्रियंका ने दीं मौनी अमावस्या की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर देश भर के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी देशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। श्रीमती वाड्रा ने एक्स हैंडल पर साझा किए गए एक संदेश में कहा कि तपस्या, त्याग, ध्यान और दान को समर्पित मौनी अमावस्या के पवित्र त्योहार पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मोक्षदायिनी मां गंगा देश के सभी नागरिकों का कल्याण करें।

# स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के लिए फिट इंडिया जरूरी: किशन रेड्डी

**हैदराबाद, वार्ता**



केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने गाचीबोवली स्टेडियम में 'संडेज ऑन साइकिल' के 57वें हैदराबाद संस्करण को हरी झंडी दिखाई और एक स्वस्थ और विकसित भारत बनाने में फिजिकल फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया।

केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है और केंद्र फिट इंडिया आंदोलन के जरिए उस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, खान-पान की आदतें, शारीरिक गति. विधियों में कमी और पर्यावरणीय बदलावों के कारण मोटापा और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार मोटापा कम करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम लागू कर रही है। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत नागरिकों से तेल की खपत कम करने की भी अपील की है। रेड्डी ने बताया कि मानसिक तनाव कई बीमारियों के पीछे एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति और रोजमर्रा की जिदगी में शारीरिक श्रम का बोझ कम होने से भी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। मंत्री ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत में युवाओं की आबादी बहुत अधिक है और अगर युवा स्वस्थ रहेंगे, तभी एक स्वस्थ भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक फिट और सक्षम पीढ़ी राष्ट्रीय सेवा में बेहतर योगदान दे सकती है, जिससे विकास और प्रगति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवाओं की बुद्धि और ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने नागरिकों से सक्रिय जीवनशैली अपनाने और फिटनेस को आदत बनाने का आग्रह किया।

# अवैध धर्मातरण केस में एटीएस ने आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी

**लखनऊ/नागपुर।** उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मातरण से जुड़े बड़े मामले में यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस टीम ने एक दिन पूर्व शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर से ईदुल इस्लाम नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी छांगुर उर्फ जलालुद्दीन के कथित अवैध धर्मांतरण नेटवर्क से जुड़ा बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद एटीएस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ ला रही है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी। एटीएस के अनुसार आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी है और उसके खिलाफ एटीएस थाने में दर्ज मुकदमे में कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। इसमें धारा 121ए (देश के खिलाफ साजिश), 153ए (सांप्रदायिक विद्वेष फैलाना) सहित धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराएं शामिल हैं। इसके साथ ही आरोपी पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के तहत भी कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया है कि ईदुल इस्लाम नागपुर में 'भारत प्रतिकार्थ सेवा संघ' नामक संगठन का संचालन कर रहा था। एटीएस का आरोप है कि इसी मंच के जरिए अवैध धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। बताया गया है कि संगठन में ईदुल ने छांगुर उर्फ जलालुद्दीन को अवध प्रांत का अध्यक्ष भी नियुक्त किया था, ताकि उत्तर प्रदेश में नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। एटीएस जांच में यह भी सामने आया है कि ईदुल इस्लाम केवल संगठन से जुड़ा नाम भर नहीं था, बल्कि छांगुर के गिरोह का सक्रिय सदस्य था और सीधे तौर पर गतिविधियों में सहयोग कर रहा था। एजेंसी को

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किया यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन

# यूपी बनेगा देश का बड़ा हेल्थकेयर-हेल्थटेक कॉरिडोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: प्रदेश अब मेडिकल इनोवेशन, मेडिकल डिवाइस व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनेगा

■ राज्य सरकार उप्र दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और मेडिकल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में आयोजित यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं में केवल उपभोक्ता राज्य नहीं रहेगा, बल्कि मेडिकल इना. वेशन, मेडिकल डिवाइस और फार्मा मैन्युफैक्चरिग का बड़ा केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ नहीं, बल्कि यूपी के साथ आसपास के राज्यों की जरूरतों को मिलाकर करीब 35 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य की बड़ी जिम्मेदारी निभाता है। सरकार का लक्ष्य है कि चिकित्सा सुविधा हर नागरिक तक, विशेषकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बीते पौने नौ वर्षों के बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसके साथ ही प्रदेश में दो एम्स, जिला अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण, सीएचसी-पीएचसी नेटवर्क और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विस्तार कर ग्रामीण क्षेत्रों तक नि:शुल्क सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। यूपी में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान कार्ड मिल चुके हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज मिल रहा है। जिन परिवारों का छूट जाना संभव था, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुधारों का असर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों पर भी दिखा है। साथ ही, एक समय प्रदेश में कहर बन चुकी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर निर्णायक रणनीति अपनाकर नियंत्रण पाया गया है। टेक्नोलॉजी के उपयोग पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि अब लक्ष्य है कि स्क्रीनिंग और प्राथमिक जांच गांव स्तर पर ही हो जाए, जिससे मरीजों को अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े। टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन और एआई आधारित स्क्रीनिग को राज्य में बड़े पैमाने पर बढ़ाया जाएगा। योगी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क तथा ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं।

### सीएम ने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया

कार्यक्रम में उन्होंने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण और क्लिनिकल ट्रायल से जुड़े एसओपीयस प्रकाशन का विमोचन किया। उन्होंने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि यूपी में बेहतर इंफास्ट्रक्चर, सुरक्षित माहौल और सिगल विडो व्यवस्था उपलब्ध है, सरकार समयबद्ध स्वीकृतियों के साथ हर स्तर पर सहयोग देगी। वहीं गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को व्यापक मंच देने के उद्देश्य से राज्य सरकार उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह त्रिदिवसीय आयोजन राजधानी के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ आयोजित किया जाएगा।



**सेंसेक्स** 83570.35
**निफ्टी** 25694.35



**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287550
प्रति किलो



# कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार को मिलेगी दिशा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह प्रमुख सूचकांकों के सपाट रहने के बाद आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार की दिशा तय होगी। आईटी कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणामों से इस सेक्टर में तेजी बनी हुई है, जो आने वाले सप्ताह में जारी रहने की संभावना है।

अगले सप्ताह संसेक्स की कंपनियों में इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। संसद में 01 फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशक सतर्कता बरत सकते हैं। पिछले सप्ताह बृहन्न मुंबई नगर निगम चुनाव को कारण गुरुवार को बाजार में अवकाश रहा था। सोमवार और शुक्रवार को प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि मंगलवार और बुधवार को गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 5.89 अंक की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 11.05 अंक की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 25,694.35 अंक पर रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के लिए बीता सप्ताह अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक भी 0.46 अंक ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 19 के शेयर पिछले सप्ताह टूट गए, जबकि अन्य 11 में साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 4.24 फीसदी लुढ़का। मारुति सुजुकी में 3.91 प्रतिशत, सन फार्मा में 3.51, एशियन पेंट्स में 2.39, आईटीसी में 2.33, इंडिगो में 2.19 और बीईएल में 2.08 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.86 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.67, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.20, बजाज फाइनेंस का 1.05 और अडानी पोर्ट्स का 0.99 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 5.65 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील का शेयर भी 5.50 प्रतिशत, इंफोसिस 4.62, भारतीय स्टेट बैंक 4.23, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.52 और एनटीपीसी 3.04 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर 2.20 फीसदी, एक्सिस बैंक के 1.78 और इटरनल के 1.11 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहे।

## एफपीआई ने जनवरी में निकाले 19,940 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 19,940 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। शुद्ध बिकवाली का मतलब है कि उन्होंने बाजार में जितना पैसा लगाया है, उससे अधिक निकाले हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इक्विटी में 22,530 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। वहीं डेट, हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स और म्यूचुअल फंड में उनका निवेश सकारात्मक रहा है। डेट में उनका शुद्ध निवेश 2,150 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 392 करोड़ रुपये पर रहा। हाइब्रिड में उन्होंने अबतक 52-58 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले, साल 2025 में एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 83,972 करोड़ रुपये निकाले थे। इक्विटी में उनकी शुद्ध निकासी 1,60,103 करोड़ रुपये थी।

# चावल, गेहूं में साप्ताहिक तेजी, चीनी नरम, दालों, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही।

चीनी की कीमतों में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 39 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,795 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 13 रुपये मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 2,867 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये सस्ता हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार- चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 186 रुपये और सरसों तेल की 103 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 34 रुपये और वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 67 रुपये और सोया तेल की 46 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 35 रुपये और उड़द दाल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत चार रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल घट गए। चीनी भी 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069.98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608.86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी, श्याम लाल कॉलेज द्वारा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर 16-17 जनवरी 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन श्याम लाल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया।

उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अकादमिक दृष्टि ने इस आयोजन को स्पष्ट दिशा प्रदान की तथा भारतीय ज्ञान-परंपरा एवं भाषाई विरासत के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं को केवल संप्रेषण का माध्यम न मानकर, उन्हें भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना एवं सभ्यतागत विरासत के संवाहक के रूप में समझना था। सम्मेलन के शैक्षणिक एवं वैचारिक संचालन में सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. कुशा तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में सम्मेलन की विषयवस्तु और सत्र संरचना को अकादमिक दृष्टि से समग्र एवं अंतर्विषयक स्वरूप प्राप्त हुआ। दो दिनों के दौरान उद्घाटन सत्र, थीम आधारित सत्र, प्लेनरी सत्र, राउंड टेबल चर्चा, पैनल चर्चा तथा तकनीकी सत्रों के माध्यम से भारतीय भाषाओं के विविध पक्षों पर व्यापक विमर्श किया गया। सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. चंद किरण सलूजा रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, विशिष्ट वक्ता प्रो. पवन कुमार शर्मा (भारतीय भाषा समिति) तथा विशिष्ट अतिथि डा. मंथा श्रीनिवासु (संयुक्त सचिव, यूजीसी) उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नोएडा में...** डायल-112 पर सूचना देकर पिता मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह भी फोर्स के साथ वहां आए। दमकल कर्मी भी छोटी-बड़ी क्रेन के साथ पहुंचे। युवराज से कुछ ही मीटर दूर पिता और तमाम फोर्स थी, लेकिन कोहरे की वजह से वह एक-दूसरे को देख नहीं पा रहे थे। वह मोबाइल का टार्च जलाकर चिल्लाता रहा- पापा मुझे बचा लो, मेरी कार डूब रही है। कुछ ही समय में उसकी आवाज आनी बंद हो गई। करीब ढाई घंटे बाद उसका शव निकाला गया। घटना शुक्रवार देर रात की है।

# गरुड़ कमांडोज के लिए मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की विशेष बल इकाई 'गरुड़' के जवानों के प्रशिक्षण की सफल समाप्ति के उपलक्ष्य में रविवार को गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर (जीआरटीसी), एयर फोर्स स्टेशन चंडी नगर में मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा एयर स्टाफ ऑपरेशंस (एयर डिफेंस) के सहायक प्रमुख ने की। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि इस अवसर पर गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर के कमांडेंट ने प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 'गरुड़' जवानों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप विशेष बलों के लिए कठोर प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर सफल प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रोफिशिएंसी बैज और स्पेशल फोर्सेज टैब प्रदान किए गए, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफियां भी सौंपी गईं। पासिग आउट समारोह के दौरान गरुड़ कमांडोज ने कॉम्बैट फायरिग, बंधक बचाव अभियान, फायरिग ड्रिल, असॉल्ट एक्सप्लोसिव्स, बाधा पार, दीवार चढ़ाई, स्लिथरिग, रैपलिग तथा सैन्य मार्शल आर्ट्स जैसे कौशलों का प्रदर्शन किया। मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड 'गरुड़' बल के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण है, जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल परिणति और प्रशिक्षुओं के 'युवा विशेष बल ऑपरेटर' के रूप में रूपांतरण को दर्शाता है।

# रेलवे ने ट्रैक के आधुनिकीकरण और सुरक्षा क्षेत्र में लगाई लंबी छलांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा, 7,500 ट्रैकों का नवीनीकरण जारी

देश में पिछले एक साल में रेलवे ट्रैकों के नवीनीकरण की दिशा में काफी तेज गति से काम हुआ है, जिसके कारण रेल सुरक्षा मजबूत हुई है। रेलवे की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा हुआ है और मौजूदा समय में 7,500 ट्रैकों के नवीनीकरण का काम चल रहा है, जिसके वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा होने का अनुमान है।

इसके अलावा, 2026-27 के लिए 7,900 किमी ट्रैक का नवीनीकरण करने की योजना है। रेलवे ने बताया है कि 2024-25 में, 7,161 थिक वेब स्विच और 1,704 वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील (सीएमएस) क्रॉसिंग लगाए गए। वहीं 2025-26 में, 8,000 से ज्यादा थिक वेब स्विच और 3,000 से ज्यादा वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग लगाए जाने की योजना है। रेलवे ने बताया कि ट्रैक की स्थिरता बनाए रखने और राइड क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए जरूरी बैलास्ट की मशीनीकृत डीप स्क्रीनिंग लगातार की गई है। रेलवे के मुताबिक 2024-25 के दौरान, 7,442 ट्रैक किलोमीटर की डीप स्क्रीनिग पूरी की गई, जबकि 2025-26 में 7,500 से ज्यादा ट्रैक किलोमीटर में डीप स्क्रीनिग किए जाएंगे। मशीनीकृत रखरखाव में मदद करने और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए रेलवे ने अपने ट्रैक मशीन बेड़े का काफी विस्तार किया है। वर्ष 2014 से अब तक 1,100 से ज्यादा ट्रैक मशीनें खरीदी गई हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क का रखरखाव तेजी से और ज्यादा कुशलता से हो रहा है। रेलवे ने बताया है कि पशुओं के ट्रेन की चपेट में आने और अनाधिकृत प्रवेश की घटनाओं को कम करने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे सेफ्टी फेंसिग को प्राथमिकता पर लिया गया है, जिससे कुल मिलाकर सुरक्षा बढ़ी है। अब तक लगभग 15,000 किलोमीटर की फेंसिंग लगाई गई है, जिससे उन सेक्शनों पर सुरक्षा में सुधार हुआ है, जहां ट्रेनें 110 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलती हैं। रेलवे ने कहा है कि वर्ष 2014 में 110 किमी प्रति घंटे और उससे ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के योग पटरियों की लंबाई 31,445 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 40 प्रतिशत) थी, जो अब बढ़कर 84,244 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 80 प्रतिशत) हो गई।

# विकसित भारत के सपने को साकार करेगा हेल्थ सेक्टर: ब्रजेश पाठक

## कहा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा अपना उत्तर प्रदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में हेल्थ सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री से नेतृत्व में अपना उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

यूपी की अगुवाई में जल्द ही हमारा देश स्वास्थ्य के क्षेत्र में गौरवशाली स्थान पर काबिज होगा। एआई और डिजिटल मेडिकल सिस्टम बहुत तेजी से हमारे देश में संचालित हो रहा है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वे रविवार को यूपी हेल्थ टेक कान्कलेव के पहले संस्करण के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थित में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि वैश्विक स्तर पर किसी भी राष्ट्र का जब आंकलन किया जाता है तो हेल्थ सेक्टर का सर्वोच्च स्थान होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में हेल्थ सेक्टर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएगा। उन्होंने कहा कि आज देश में कहीं भी भारत की बात होती है तो हमारे वैज्ञानिकों का उल्लेख जरूर होता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस हेल्थ टेक कान्क्लेव के माध्यम से यह चर्चा करेंगे कि उत्तर प्रदेश की अगुवाई में हमारा देश स्वास्थ्य के क्षेत्र में



किस तरह नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठनों के अनुसारस लगभग 60 से 70 फीसदी स्वास्थ्य निर्णय समय पर और स्टीक डायग्नोसिस पर निर्भर सकते हैं। इसमें हेल्थ टेक की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल हेल्थ को नीति के केंद्र में रखा गया है ताकि तकनीक सीधे स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करे। उन्होंने कहा कि डिजिटल हेल्थ तभी सफल है, जब वह सरल,स सुरक्षित और भरोसेमंद हो। केवल हाई टेक होना पर्याप्त नहीं है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में हेल्थ टेक का स्केल अप, मातृ शिशु स्वास्थ्य, गैर संचारी रोगों और डायग्नोस्टिक्स में बड़ा बदलाव ला सकता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि एआई और डिजिटल टूल्स का उद्देश्य डाक्टर की जगह लेना नहीं बल्कि क्लिनिकल निर्णयों से अधिक सटीक बनाना है।ष उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस है कि इनोवेशन प्रयोगशालाओं से निकल कर अस्पताल, जिला स्तर और प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था तक पहुंचे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य अमित कुमार घोष, सचिव, औषधि विभाग, भारत सरकार मनोज जोशी, औषधि, महानियंत्रक, भारत सरकार डा. राजीव सिंह रघुवंशी, मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, विप्रो, जीआई हेल्थ केयर वीएस राघवेंद्र राव एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# जजों के कोड ऑफ कंडक्ट के ख़िलाफ आचरण कर रहे हैं CJI: शाहनवाज़ आलम

**▪ साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 230वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता**

**लखनऊ।** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का हरियाणा के मुख्यमंत्री और अन्य भाजपा नेताओं के साथ सार्वजनिक तौर पर मकरसंक्रांति का त्योहार मनाना जजों के कोड आफ कंडक्ट के ख़िलाफ है। ऐसे आचरण से न्यायपालिका की छवि जो पहले से ही खराब थी और धूमिल हो जाएगी।

ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 230 वीं कड़ी में कहीं।शाहनवाज़ आलम ने कहा कि ऐसा लगता है कि तथ्यों के बजाए आस्था के आधार पर बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि मामले में फैसला सुनाने वाले पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की राह पर ही मौजूदा सीजेआई सूर्यकांत भी चल रहे हैं। इसी के तहत चंद्रचूड़ की तरह ही वी भी जजों के लिए 1997 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए कोड आफ कंडक्ट का मजाक बनाते हुए सत्ताधारी दल के नेताओं के साथ निजी स्तर पर धार्मिक त्योहारों को मना रहे हैं।

### 25 ग्राम स्मैक सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कमरौली अमेठी।** थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति को 25 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया है बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत रविवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कमरौली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मेराज पुत्र अल्ताफ निवासी नासिरगंज मजरे बहुआ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ।

### राजभवन में छह से आठ फरवरी तक प्रादेशिक फल व पुष्प प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**लखनऊ।** राजभवन में 6 से 8 फरवरी तक प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 3 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 6, 7 और 8 फरवरी को होगा प्रदेश भर से उद्यान और गृहवाटिकाएं लेंगी प्रतियोगिताओं में भाग व्यक्तिगत बंगलों कार्यालयों स्कूलों और पब्लिक पार्कों की होंगी अलग-अलग श्रेणियां ऐतिहासिक एवं प्राचीन स्थलों के उद्यान भी होंगे शामिल आनलाइन पंजीकरण 16 जनवरी से 30 जनवरी दोपहर 3 बजे तक तय समय के बाद मिले आवेदनों पर नहीं होगा विचार http:@@upflower-showlko-com पर कराया जा सकता है पंजीकरण पंजीकरण के बाद आवेदन प्रति राजकीय उद्यान आलमबाग में जमा करना अनिवार्य प्रतियोगिताओं की जजिंग 31 जनवरी व 1 फरवरी को होगी।

### शक्ति तीर्थ पत्रिका का हुआ विमोचन

**लखनऊ।** मां दुर्गा उत्थान समिति, लखनऊ द्वारा आयोजित काव्य समारोह के अवसर पर शक्ति तीर्थ पत्रिका के 17 वे अंक का विमोचन एवं काव्य समारोह संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता पद्मश्री डा. विद्या बिंदु सिंह तथा रूप शर्मा के मुख्य अतिथि में सुनील कुमार बाजपेई ने कुशल संचालन में शशांक पांडे ने वाणी वंदना से समारोह का शुभारंभ हुआ स महामंत्री जे बी सिंह ने संस्था का परिचय कराते हुए सभी का स्वागत अभिनंदन किया।

# मातृ-शिशु मृत्युदर में उल्लेखनीय गिरावट: मुख्यमंत्री

## निवेशकों को यूपी आने का आमंत्रण, टेक्नोलॉजी से ईज़ ऑफ लिविंग की ओर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने मातृ एवं शिशु मृत्युदर को नियंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

संस्थागत प्रसव अब राष्ट्रीय औसत के समकक्ष पहुंच चुका है। कई जनपद ऐसे हैं, जहां ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया है। एक समय उत्तर प्रदेश वेक्टर जनित रोगों की चपेट में रहता था। मानसून आते ही इंसेफेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व कालाजार जैसी बीमारियां विकराल रूप ले लेती थीं। इंसेफेलाइटिस के कारण पिछले 40 वर्षों में उत्तर प्रदेश में लगभग 50 हजार मासूम बच्चों की मृत्यु हुई थी। वर्ष 2017 में सरकार ने इसके खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू किया। समय पर पहचान, स्थानीय स्तर पर इलाज और



जवाबदेही तय करने की व्यवस्था लागू की गई। मात्र दो वर्षों के भीतर इस बीमारी को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया और आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से ज़ीरो डेथ दर्ज की जा रही है। डेंगू, मलेरिया, कालाजार और चिकनगुनिया पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अगला लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ईज़ आफ लिविंग' विज़न को साकार करना है। इसके लिए टेक्नोलाजी का अधिकतम उपयोग आवश्यक है। स्क्रीनिंग की प्रक्रिया गांव स्तर से शुरू होनी चाहिए, ताकि मरीज को अनावश्यक रूप से 40-50 किलोमीटर दूर न जाना पड़े। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ही यह तय हो जाए कि मरीज को किस स्तर की चिकित्सा की आवश्यकता है। टेलीकंसल्टेशन, टेलीमेडिसिन और एआई आधारित स्क्रीनिंग से यह संभव है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क और ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क का विकास युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल आत्मनिर्भर भारत नहीं, बल्कि श्मेक इन इंडियाश से श्मेक फार द वर्ल्डश की दिशा में आगे बढ़ना है। कोविड काल ने यह सिखाया कि संकट के समय दुनिया अपनी मोना. पोली दिखाती है। ऐसे में देश व प्रदेश को स्वास्थ्य और मेडिकल टेक्नोलाजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना ही होगा।

# 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आज से शुरू

## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल उद्घाटन भाषण देंगी

**मुहम्मद जान तुर्की**

**▪ सम्मेलन का समापन 21 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष के समापन संबोधन के साथ होगा**

**लखनऊ/ नई दिल्ली।** 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन सोमवार (आज) से विधान सभा में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के उद्घाटन भाषण के साथ प्रारंभ होगा।

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन सत्र को संबो. धित करेंगे।उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना स्वागत भाषण देंगे।उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह उद्घाटन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे।इस अवसर पर राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री माता प्रसाद पांडेय भी विशिष्ट जनसमूह को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, उत्तर प्रदेश विधान परिषद एवं उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य तथा अन्य गणमान्य अतिथि भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।19 से 21 जनवरी, 2026 तक आयोजित तीन-दिवसीय सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित विषयों पर विचार-मंथन किया जाएगा। पारदर्शी, प्रभावी एवं नागरिक-केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग। कार्यकुशलता बढ़ाने एवं लोकतांत्रिक शासन को सुदृढ़ करने हेतु विधायकों की क्षमता निर्माण( तथा जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही।सम्मेलन का समापन 21 जनवरी को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के समापन संबोधन के साथ होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना समापन सत्र की शोभा बढ़ाएंगे और उसे संबोधित करेंगे।19 जनवरी, 2026 से होने वाले 86वें एआईपीओसी से पहले लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय विधायी निकायों के सचिवों का 62वां सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा।

# शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से हो निस्तारण : डीएम

**मुहम्मद जान तुर्की**

**▪ सम्पूर्ण समाधान दिवस: 440 शिकायत दर्ज, 87 का मौके पर हुआ निस्तारण**
**▪ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बख्शी का तालाब में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन**

**लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी0 ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें।

श्री विशाख जी0 ने बताया कि तहसील बीकेटी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 131 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 37 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 36 में से 04 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मलिहाबाद में 52 में से 04 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 131 में से 37 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 133 में से 34 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 93 में से 08 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये। आज जनपद में पुलिस 57, राजस्व 262, विकास 22, शिक्षा 01, स्वास्थ्य 02, समाज कल्याण 10, नगर निगम 06 तथा अन्य 85 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकर्ताओं से काल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील बी के टी साहिल कुमार, तहसीलदार बी के टी, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गांव से होकर जाएगा विकसित भारत का सपना : अमरपाल मौर्य

## विकसित भारत - जी राम जी जागरण अभियान के तहत कृषक श्रमिक ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

**बाजार शुकुल, अमेठी।** सरकार का विकसित भारत का सपना गांव से होकर जायेगा तब विकसित भारत 2047 का सपना पूरा होगा।



यह बातें बाजार शुकुल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हुसैनपुर में रविवार को विकसित भारत -जी राम जी जागरण अभियान के तहत आयोजित कृषक श्रमिक ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य ने कही।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विकसित भारत -जी राम जी 2025 लागू कर कृषकों व श्रमिकों को 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है।परन्तु विपक्ष द्वारा विकसित भारत -जी राम जी के बारे में गुमराह किया जा रहा है।राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य द्वारा लोगों को विकसित भारत -जी राम जी 2025 के बारे में जानका. रियां देकर जागरूक किया गया और कहा गया कि विकसित भारत -जी राम जी आजीविका व रोजगार का माध्यम बनेगा।उन्होंने कहा कि सरकार ने किसान सम्मान योजना लागू कर किसानों को लाभान्वित करने व अन्य जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को लागू कर सभी वर्गों को लाभान्वित करने का कार्य किया है।कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी ने संबोधित करते हुए विकसित भारत -जी राम जी के बारे में जानकारियां दी और सरकार की योजनाओं को बताकर सरकार का गुणगान किया।भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने भी विक. सित भारत - जी राम जी के बारे में जानकारियां दी। कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजक प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष सतीश मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य,क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी,भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को अंग वस्त्र पहनाकर व माल्यार्पण एवं बुके स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष सतीश मिश्रा द्वारा ठंड से बचाव के लिए ग्राम पंचायत के हजारों जरूरतमंद लोगों को कम्बलों का भी वितरण किया गया।साथ ही खिचड़ी भोज कार्यक्रम भी चलता रहा। कार्यक्रम के आयोजक सतीश मिश्रा द्वारा आए हुए अतिथियों संभ्रांत जनों सहित उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार भी जताया गया।कार्यक्रम का संचालन निर्मेश शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी अंजली सरोज,भाजपा मण्डल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, अमन शुक्ला, समर बहादुर सिंह, राजीव पाण्डेय,रमन तिवारी, मनोज त्रिपाठी, संदीप शुक्ला,संतराम मौर्या,संजय मौर्या,प्रशांत शुक्ला, रविन्द्र सिंह, सतगुरु शुक्ला, राजकुमार तिवारी,मनोज मौर्या, मनोराज यादव,जगदीश पाल, रमेश शुक्ला, गंगा प्रसाद, नीरज त्रिपाठी, महेश दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में इन्हौना के डाक्टर ने लिखी बाहर की दवाई

## एडिशनल सीएमओ डा. राम प्रसाद ने मामले का लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर अमेठी।** ब्लॉक अंतर्गत इन्हौना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में लगभग एक सैकड़ा मरीज इलाज कराने पहुंचे। चिकित्सकों के अनुसार, बीते एक सप्ताह में दिन में तेज धूप व रात में ठंड सेहत पर बुरा असर डाल रही है। सर्दी जुकाम व गले के खराश के साथ खांसी के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

बहुत से मरीज गले में संक्रमण, टासिल की समस्या और कान में दर्द से पीड़ित हैं। फार्मासिस्ट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि संक्रमण ज्यादातर गले और श्वसन तंत्र को प्रभावित कर रहा है। आरोग्य स्वास्थ्य मेंले के दौरान लगभग 22 मरीजों खून पेशाब बलगम का लैब सहायक जनार्दन मिश्रा ने सैम्पल लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंह. पुर भेजा इन्हौना में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेंले में लगभग सौ मरीजों का पंजीकरण ओपीडी में किया गया जिसमें 24 बच्चे 36 महिलाएं तथा 40 पुरूषों ने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेंले में उपचार कराया वहीं दूसरी ओर इन्हौना पीएचसी प्रभारी डा. अनूप कुमार आर्य द्वारा एक बच्चे तथा महिला का बाहर से पर्चा लिखे जाने पर एडिशनल सीएमओ डा राम प्रसाद ने गहरी नाराजगी जताते हुए बाहर की दवा लिखने वाले चिकित्सक पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वा. सन दिया। वहीं डिप्टी सीएमओ डा. राम प्रसाद ने मामले को संज्ञान लेते हुए इस मामले में सिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्र के अधीक्षक से जानकारी ली तो इन्हौना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया डिप्टी सीएमओ डा. राम प्रसाद ने




जानकारी देते हुए बताया कि जिले भर में सरकारी अस्पतालों में दवाई की कोई कमी नहीं है यदि डाक्टर ने बाहर की दवाई के लिए मरीज को पर्चा लिखा तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि उक्त मामले में जांच पड़ताल करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेंले में इन्हौना के डाक्टर अनूप कुमार आर्य द्वारा इन्हौना की एक महिला रामावती पत्नी राम नरेश मियां पुरवा को एक खांसी का एसकोरेलेस लिखा था जिसकी शिकायत सीएमओ डा राम प्रसाद तक पहुंची तो स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेंले में रविवार को डाक्टर अनूप कुमार आर्य, फार्मासिस्ट अनिल कुमार गुप्ता चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अमरनाथ, स्टाप नर्स मालती यादव, सीएच ओ, नेहा तथा नीतू एनम के अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग से डाक्टर विवेक कुमार शास्त्री वार्ड ब्वाय समर बहादुर मौजूद रहे विवेक शास्त्री ने बताया कि होम्योपैथिक पद्धति से 20लोगो का उपचार किया गया इसके अलावा आधा दर्जन आशा बहुएं भी मौजूद रही।

### बहराइच में ट्रक-जीप में टक्कर, पांच घायल

**बहराइच।** जिले के अंतर्गत बहराइच बलरामपुर मार्ग पर रविवार सुबह एक ट्रक और मैरिडियन जीप की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। यह हादसा ओवरटेक करने के प्रयास के दौरान हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के वजीरबाग निवासी आदर्श कुमार अग्रवाल अपने परिजनों के साथ निजी मैरिडियन जीप से बलरामपुर जा रहे थे। वाहन को अमित चला रहा था। सिटकहना केशव जोत के पास पहुंचते ही चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया, इसी दौरान ट्रक से जीप की टक्कर हो गई। हादसे में आदर्श अग्रवाल, प्रकाश चंद्र, किरण अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल तथा चालक अमित घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वाहन से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स
में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ
कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालय: फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। रविवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। कोहरे व कड़ाके की सर्दी होने के बाद भी श्रद्धालुओं की अच्छी संख्या देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने निर्धनों, जरूरतमंदो और पुरोहितों को सामर्थ्य अनुसार नकद धनराशि, वस्त्र आदि भी दान किए। दोनों ही स्थानों पर सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस तैनात रही।

शनिवार शाम से ही ब्रजघाट में पतित पावनी गंगा तट पर मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब आदि तक के श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। देर रात तक सभी धर्मशालाएं और होटल बुक हो गए थे। रात के समय श्रद्धालुओं ने

### कोहरे के बावजूद ब्रजघाट व तिगरी में उमड़े श्रद्धालु

भगवान का संकीर्तन किया और भोर होते ही मोक्षदायनी गंगा में स्नान करना शुरू कर दिया था। सुबह के समय कोहरा और कड़ाके की सर्दी होने के बाद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। धूप निकलने पर श्रद्धालुओं की संख्या और भी ज्यादा बढ़ गई। बूढ़े एवं बच्चों को उनके परिजन हाथ पकड़कर गंगा में स्नान करा रहे थे। गंगा मैया के जयकारों से गंगा तट गूंज रहे थे। आरती स्थल पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से गंगा मैया की आरती के स्वर गूंज रहे थे। यहां के साथ साथ ब्लॉक क्षेत्र के गंगा धाम तिगरी में भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करके पुण्य लाभ कमाया। तिगरी में ग्रामीण आंचलिक क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की संख्या सबसे ज्यादा रही। श्रद्धालुओं ने घाटों पर बैठे पुरोहितों के माध्यम से कथा का जाप कराया और अपने पूर्वजों को स्मरण किया। पुरोहितों को दान दक्षिणा भेंट की। दोनों ही स्थानों पर पुलिस बल और स्थानीय गोताखोर तैनात रहे। गजरौला के बुधबाजार स्थित आचार्य पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान का विशेष महत्तव है। इस दिन पितृ शांति के लिए भी गंगा स्नान किया जाता है। भूखे को अन्न और प्यास को पानी दिए जाने का भी मौनी अमावस्या पर खास महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दान देने से हमें कई गुना प्रतिफल प्राप्त होता है।



गजरौला। मौनी अमावस्या पर ब्रजघाट स्थित गंगा में स्नान करते श्रद्धालु।

# घर में घुसकर सास-बहु के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर सास बहु के साथ मारपीट की और तमंचा दिखाकर डराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 16 जनवरी की शाम को थाना क्षेत्र के गांव ग्राम सुल्तानठेर निवासी प्रशांत सिंह के परिजन चाचा रमेश सिंह के घर पर जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर पर केवल प्रशांत की मां और पत्नी थे। रात के करीब 8:30 बजे गांव निवासी मुकेश यादव अपने पुत्र आर्यन व रोहताश के साथ घर में घुस आए। आरोपियों ने सास-बहु के

### तीन आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। जब प्रशांत की मां और पत्नी ने विरोध जताया तो आरोपियों ने लाठी डंडे से उनके साथ मारपीट की और तमंचा दिखाकर डराया। शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रशांत के घर पहुंचने पर उसकी पत्नी निक्की शर्मा ने घटना के बारे में बताया। जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी मुकेश, आर्यन व रोहताश के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# तालीम व समाजसेवा ही इस्लाम की पहचान

### मजिलस में 'मैं अस्करी हूं' का इजरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। अंजुमन तहफ्फुज-ए-अजादारी के पूर्व अध्यक्ष अस्करी रजा एडवोकेट के चेहलुम पर शहर के मोहल्ला सटटी स्थित इमाम बारगाह शाह अबुल हसन में रविवार को मजलिस का आयोजन किया गया। जिसे प्रख्यात शिया वक्ता एवं पूर्व मंत्री मौलाना जावेद आबिदी ने खिताब किया। मजलिस में सैय्यद जफर और उनके साथियों ने मर्सिया सोज और सलाम पेश किया। इसके बाद मास्टर असलम उस्मानी, पंडित योगेंद्र शर्मा, वाहिद अमरोहवी, अमीरूल हसन जाफरी एडवोकेट और मौलाना मंजर सिरसवी ने अस्करी रजा एडवोकेट की जिंदगी और उनके किए हुए कार्यों पर रोशनी डालते हुए उनकी यादों को ताजा किया। मुरादाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमीरूल हसन जाफरी ने पिछले नौ अध्यक्षों का शोक संदेश पढ़ कर सुनाया। इसी दौरान अस्करी रजा की जिंदगी, उनके कार्यों और शोक संदेशों पर आधारित किताब 'मैं अस्करी हूं' का विमोचन भी हुआ। मौलाना जावेद आबिदी ने अपनी तकरीर में कहा कि समाज के लिए कार्य करने वाले लोगों को हमेशा याद किया जाता है। मजहब इस्लाम हमें शिक्षा हासिल करके समाज के लिए कार्य करने का संदेश देता है। यहां मौलाना डा.एहसन अख्तर, शायर मीर नजीर बाकरी, अली गदीर सिरसवी, शजर अब्बास नौगांवी, नूर अब्बास राणा, अश्तर इकरोटवीं, पूर्व एमएलसी परवेज अली, महावीर सिंह एडवोकेट, डॉ.सोहराब मारूफ, विवेक विश्नोई, खुर्शीद अनवर, इब्ने हैदर, आदिल अब्बासी, कौसर अली अब्बासी, खुर्रम रिजवी, अली हसनैन नकवी, अली इमाम रिजवी, मैकश अमरोहवी, दिलनवाज रजा, शहजाद रजा एडवोकेट व अन्य लोग मौजूद रहे।संचालन प्रोफेसर नाशिर नकवी ने किया।

# विवेचना की गुणवत्ता सुधारने को लेकर गोष्ठी

### 105 बीएनएसएस के प्रावधानों से कराया अवगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। अभियोजन अधिकारी के.के. तिवारी की अध्यक्षता में विवेचकों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन पुलिस कार्यालय सभागार में शनिवार को किया गया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य 105 बीएनएसएस के प्रभावी अनुपालन तथा विवेचना के दौरान ध्यान रखने योग्य आवश्यक बिंदुओं के संबंध में विवेचकों को अवगत कराना एवं विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाना रहा। अभियोजन अधिकारी द्वारा 105 बीएनएसएस के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि उक्त प्रावधानों का पालन किस प्रकार से समयबद्ध, विधिसम्मत एवं साक्ष्य-आधारित विवेचना सुनिश्चित करने में सहायक है। उन्होंने विवेचना के प्रत्येक चरण में कानूनी प्रावधानों के अनुपालन, साक्ष्यों के संकलन, गवाहों के बयान, केस डायरी के समुचित लेखन एवं अभियोजन के दृष्टिकोण से मजबूत चार्जशीट प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया। इसके अतिरिक्त गोष्ठी में विवेचना के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों, उनके दुष्परिणाम तथा उनसे बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई। विवेचकों को निर्देशित किया गया कि वे विवेचना को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें, जिससे न्यायालय में अभियोजन को मजबूती मिल सके एवं दोषियों को दंड तथा पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित हो। गोष्ठी के अंत में विवेचकों को गोष्ठी में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए निर्देशित किया।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। अमरोहा। शहर में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ चोरों ने अब फिर एक घर के बाहर खड़ी बाइक को अपना निशाना बनाया है। पीड़ित ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए शहर कोतवाली में तहरीर दे दी है लेकिन पुलिस ने मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दरबार कलां की है। यहां पर वजीउल हसन का परिवार रहता है। 16 जनवरी की रात में उनके बेटे मोहम्मद अली ने अपनी सीडी डिलक्स बाइक गली में ही घर के बाहर खड़ी की थी। शनिवार सुबह लगभग 9 बने जब मोहम्मद अली किसी काम से घर से निकले तो घर के आगे खड़ी की गई बाइक गायब देख होश उड़ गए। मोहल्ले में काफी तलाश किया लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित मोहम्मद अली के मुताबिक उनके द्वारा शहर कोतवाली में तहरीर दे दी गई है लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

### बूथों पर आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियो द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया। उनके पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6, 7 तथा 8 उपलब्ध है। सभी एआरओ एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसकी समीक्षा की जा रही है। भ्रमण कर कार्यक्रम की निगरानी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा भी विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया। बूथों पर बीएलओ द्वारा आलेख्य मतदाता सूची एवं सूची को पढ़कर सुनाया गया। जिसके क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा 41अमरोहा वि0स0क्षे0 के बूथसं0 169 से 173 राजकीय इन्टर कालेज, अमरोहा पर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

### एक मंच पर आएं विश्वकर्मा समाज के लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। श्री विश्वकर्मा सेवा समिति के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष टीकम सिंह विश्वकर्मा ने कहा कि समाज के लोगों को एक मंच पर लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा जो कुरीतियां है उनको दूर करने के लिए समाज सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। रविवार को संस्कार वाटिका में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन के बाद श्री टीकम सिंह विश्वकर्मा को सर्वसम्मति से श्री विश्वकर्मा सेवा समिति का जिला अध्यक्ष चुना गया नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाज के लोगों ने जो उन्हें दायित्व सोपा है उसका इमानदारी से निर्वाह किया जाएगा समाज के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव कोशिश और सभी को साथ लेकर चलना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। यहां पर मुख्य रूप से बनवारी लाल,नरोत्तम सरन, जयप्रकाश सिंह, महिपाल सिंह, जगदेव सिंह,सत्यवीर सिंह, श्योराज सिंह,कमाल सिंह,गोपीचंद विश्वकर्मा,राकेश कुमार,संजीव विश्वकर्मा, विनोद कुमार,डॉक्टर कपिल कुमार,तेजपाल सिंह बॉबी आदि मौजूद थे। अध्यक्षता नरोत्तम सरन विश्वकर्मा तथा संचालन जयप्रकाश सिंह फौजी नें किया।

# गुरु जंभेश्वर के दार्शनिक विचारों पर विद्वानों का मंथन

### 12 राज्यों से आए विद्वानों ने संगोष्ठी में रखे विचार, जेएस कॉलेज में हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा**। जेएस डिग्री कालेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान गुरु जंभेश्वर के दार्शनिक चिंतन पर विस्तार से मंथन हुआ। आठ तकनीकी सत्रों में आयोजित इस संगोष्ठी में देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए लगभग 350 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। रविवार को महाविद्यालय में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से संपोषित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'गुरु जंभेश्वर का दार्शनिक चिंतन' विषय पर आयोजित की गई। संगोष्ठी के संयोजक डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि यह संगोष्ठी भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से अनुदानित है। जिसमें आठ तकनीकी सत्रों के माध्यम से लगभग 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन किये गये। इस संगोष्ठी में देश के राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली आदि दर्जन भर राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यहां गुरु जंभेश्वर के दार्शनिक चिंतन के संबंध में विभिन्न पक्षों को शोध पत्रों के माध्यम से उद्घाटित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह संगोष्ठी महाविद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में से एक है जिससे महाविद्यालय के शोधार्थियों को शोधदृष्टि मिलेगी तथा शोध का वातावरण बनाने में सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने आयोजक टीम की सराहना करते कहा कि सभी कर्मठ साथियों के सहयोग से संगोष्ठी जैसे कार्य सहजतया सम्पन्न होते रहे हैं। हमने आईसीपीआर के नियमों अनुपालन करते हुए सेमिनार का विधिवत् आयोजन किया है। विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राध्यापकों और शोधार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इस अवसर पर अतवीर यादव, किशनाराम विश्नोई, डॉ.सत्यकेतु, आचार्य सत्य देवानंद मौजूद थे।



# दरगाह निजाम गंज-ए-रवा पर कुल शरीफ

### देर रात तक चली नूरानी महफिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**। हजरत सैय्यद निजाम गंज-ए-रवा रहमतुल्लाह अलैह का 1017 वां उर्स शरीफ पूरी अकीदत-ओ-एहतराम के साथ मनाया गया। अकीदतमंदों ने आस्ताने पर हाजिरी देते हुए मजार-ए- मुबारक पर चादरपोशी की। दो दिन चली नूरानी महफिल के चलते दरगाह में देर रात तक नूर बरसता रहा।

शहर के मोहल्ला नौबत खाना में तकिया हजरत गिनडार शाह से मशहूर दरगाह पर इस्लामिक कलैंडर के मुताबिक माहे रजब की 26 व 27 तारीख को हर साल उर्स होता है। शुक्रवार को दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अतहर अजहरी व सचिव सभासद यासिर अंसारी एडवोकेट ने परचम कुशाई से इस दो दिवसीय उर्स का आगाज किया। ईशा की नमाज के बाद महफिल शबे मेराज का आयोजन किया गया। जिसका आगाज हाफिज मोहम्मद फैजान रजा अजहरी ने कलाम-ए-पाक की तिलावत से किया। आलिमेदीन मुफ्ती मोहम्मद नसीम रजा मंजरी ने मेराज-ए-मुस्तफा पर बयान करते हुए बताया कि नबी-मेराज की रात मस्जिद-ए-हरम से मस्जिद-ए-अक्सा और फिर वहां से सातों आसमान होते हुए अर्श-ए-मौअल्ला पहुंचे, जहां उन्होंने अपने रब का दीदार किया। ये एक मोअजिजा है। मगरिब की नमाज के बाद हल्का-ए-जिक्र के साथ 1017 वां कुल शरीफ हुआ। अकीदतमंदों में लंगर तकसीम किया गया। इस दौरान ख्वाजा सलीम फरीदी, सैय्यद उवैस मुस्तफा रिजवी, शजर आलम शाही, सऊद साहब, अब्दुल रहीम, नबी हुसैन, अब्दुल खालिद, मोहम्मद अंसार, आले नबी, मोहम्मद साबिर, फरमान अहमद, हाफिज शौकत, हाजी मेहरबान, सरताज अहमद, मोहम्मद जर्रार, मोहम्मद आदम, सरदार अहमद, तुफैल, फारूक, आबिद, दिलनावाज आदी मौजूद रहे।

# शोषण से बचने को किसानों की सरकार बनाएं

### राकिमसं की बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गजरौला**। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा किसानों की दुर्दशा के लिए पक्ष और विपक्ष सभी पार्टियों की सरकारें जिम्मेदार हैं। किसानों को जाति धर्म में बांटकर पार्टियां सरकारें बनाती हैं लेकिन नीतियों से उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया जाता है। जिसके कारण प्रत्येक किसान भारी कर्ज की दलदल में फंस चुका है। रविवार को क्षेत्र के खादगूजर में स्थित कालेज में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह के मिशन 2027 किसान सरकार को सफल बनाने के लिए जिला, तहसील, ब्लाक व ग्राम स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। प्रत्येक तहसील व ब्लाक स्तर पर बैठक करके सभी गांवों में किसान मजदूर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यकारी जिलाध्यक्ष लकी गौसल ने प्रत्येक माह की 10 तारीख को ब्लाक गजरौला, 15 तारीख को को धनौरा, 25 को ब्लाक धनौरा तथा प्रत्येक 17 तारीख को ब्लाक हसनपुर पर बैठक करने की घोषणा की। युवा जिला प्रभारी अंकित महाल ने कहा अगले सप्ताह जिला तहसील व ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिसमें सभी वर्गों के किसान मजदूर नौजवानों को जोड़ा जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष जोरावर सिंह की पत्नी को गम्भीर बीमारी से यथाशीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान सरदार सावेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, रईस प्रधान, रमेश यादव, भुवनेश गिरि, हरदीप सिंह, मंडल महासचिव जोगेन्द्र आर्य, नरेंद्र सिंह, जोगेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, बलराज सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, विजयपाल सिंह, महीपाल सिंह, कमलजीत सिंह, चमन सिंह, नरेश यादव, जगदीश सिंह, उमेशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ के विरोध में दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर**। छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने से दो महिलाएं घायल हो गई। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया है। नगर के मोहल्ला लालबाग कनेटा रोड निवासी एक पांच बच्चों की मां रविवार की सुबह कुआं डालने के नहीं जा रही थी। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने घने कोहरा का फायदा उठाते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। महिला के साथ छेड़छाड़ होने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष की ओर से आसमा पत्नी अबरार वह दूसरे पक्ष की ओर से सायबा पुत्री गफ्फार घायल हो गई। दोनों घायल पक्ष कोतवाली पहुंच गये तथा एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलो को मेडिकल कराने के सरकारी अस्पताल भेज दिया।

### भाजपा नेत्री का कुत्ता चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया निवासी सीमा चौधरी भाजपा में अमरोहा विधानसभा महिला प्रवासी के पद पर कार्यरत हैं। भाजपा नेत्री का पालतू कुत्ता चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि भाजपा नेत्री के घर के बाहर से उनका पालतू कुत्ता संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संभावित आरोपियों की तलाश की जा रही है।डिडौली थाना पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# गरीब-मजदूर की समस्या समझें अधिकारी व जनप्रतिनिधि



### भारतीय मजदूर एवं गरीब रक्षा दल की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गजरौला**। भारतीय मजदूर एवं गरीब रक्षा दल ट्रस्ट की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने कहा कि, गरीब और मजदूर के हितों के लिए शासन और प्रशासन को गंभीर होना चाहिए।

रविवार को नगर के मुहल्ला नाईपुरा में स्थित कार्यालय में हुई बैठक में कर्मवीर सिंह ने कहा कि हमारा ट्रस्ट गरीब, मजदूर और जरूरतमंदों के हितों के लिए कार्य कर रहा है। ऐसे लोग जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अपने बच्चों को शिक्षित कराने में सक्षम नहीं है, उन्हें ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से भी मिलकर गरीब और मजदूरों के हितों के लिए प्रयास किये जायेंगे। बैठक के बाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने समाजसेवक तेजवीर सिंह अलूना समेत अन्य को भी संविधान रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र भेंट करके सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साजिद सैफी, राष्ट्रीय सचिव इन्द्रपाल, राष्ट्रीय महासचिव चमन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आकिल कस्सार आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को रौंदा

■ **दो किलोमीटर तक घसीटा, हालत गंभीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** नेशनल हाईवे पर कुल्छा खुर्द पेट्रोल पंप के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

इन्द्रा नगर सिरौली किच्छा उधम सिंह नगर निवासी अनवर शाह पुत्र बन्ने शाह जो रामपुर जनपद के मिलक क्षेत्र स्थित गोल कुण्डा भट्ठे पर मजदूरी करता हैं कि रविवार की शाम के समय साइकिल से मीरगंज साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। इसी दौरान रामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से साइकिल में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार साइकिल को घसीटते हुए करीब दो किलोमीटर दूर ओवरब्रिज तक ले गई। हादसे के बाद हाईवे पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए सिंधौली पुलिया के पास कार सहित चालक को पकड़कर पुलिस चौकी पहुंचाया।

सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को हेड कांस्टेबल फिरोज पासा, कांस्टेबल सचिन गंगवार एवं इन्द्रजीत शर्मा की सहायता से सीएचसी मीरगंज में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

उधर, घायल के दामाद गुलफाम



भी सीएचसी पहुंचे। उन्होंने बताया कि अनवर शाह बाजार जा रहे थे और वह स्वयं पीछे से आ रहे थे, तभी रामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।वहीं दूसरी घटना अनुी. बस पुलिस चौकी के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# उधार के रुपये मांगने पर दबंगों ने दलित युवक का सर मुंडाया

■ **मूंछ-भौं काटी, कीचड़ पोती, पूर्व प्रधान समेत दो हिरासत में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** उधार दिए गए रुपये वापस मांगने पर दबंगों द्वारा अनुसूी. चत जाति के युवक के साथ अमानवीय व्यवहार करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने युवक की पिटाई की, जातिसूचक गालियां दीं और जबरन उसका सिर मुंडवाकर मूंछ व भौंह काट दी। इसके बाद उसके चेहरे पर कीचड़ भी पोत दी गई।

थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम गुरसौली निवासी पप्पू दिवाकर ने नवाबगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह ग्राम गेला टांडा के रहने वाले पूर्व प्रधान चंद्रसेन के यहां रह रहा था। आरोप है कि चंद्रसेन ने ट्रैक्टर खरीदने के लिए



उससे चार लाख पचास हजार रुपये उधार लिए थे। रुपये वापस मांगने पर चंद्रसेन, उसके बेटे पप्पू व गोधनलाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और सार्वजनिक रूप से उसके बाल कटवाकर अपमानित किया। पीड़ित दिवाकर का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उस्तरे से उसकी मूंछ और भौंह भी कटवा दी। घटना का वीडियो उसके पास है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व चार-पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ग्राम के पूर्व प्रधान समेत दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कार्यवाहक कोतवाल राजेश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की विवेचना सीओ नीलेश मिश्रा द्वारा की जा रही है। इस मामले में सीओ से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

घटना के विरोध में भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भड़क गए और उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपकर घटना की निन्दा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान शाहिद अंसारी, चरण सिंह, मुनीष, जान मोहम्मद अंसारी, शाकिर अली, ऐबरन कुमार, प्रेमपाल और अंकित कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने को पहुंचे दर्जनों मतदाता, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एसआईआर में छूटे मतदाता अपना नाम सूची में जुड़वाने को अपने अपने बूथों पर बड़ी संख्या में पहुंचे। मतदाताओं ने फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ को दिए। कस्बे के जेपीएन इण्टर कॉलेज में लगे 7



बूथों पर नरेन्द्र गंगवार, सरोज राठौर, अमजद अली, शेषपाल सिंह, माधुरी द्विवेदी, शहंशाह वली खां, प्रीति विष्ट ने मतदाता सूची में शामिल होने से रह गए मतदाताओं के फार्म 6 प्राप्त किए। इस दौरान बूथों का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम उदित पवार ने बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के गांव ईंधजागीर, गरगैया के बूथों का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आर आर अंब्रेश ने भी नगर में लगे मतदाता बूथों का निरीक्षण किया।

### समरसता के महापर्व पर सेंथल सहभोज में सभी ने खूब खाई खिचड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर पंचायत सेंथल के श्री ठाकुर द्वारा मन्दिर में नवयुवक संघ के सौजन्य से मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य पर होने वाली सामाजिक समरसता के पर्व पर विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन मौनी अमावस्या दिन-रविवार को किया गया। भगवान को भोग व भोजन मंत्र के



पश्चात प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में कई सौ लोगों ने एक साथ बैठकर सामाजिक सद्‌भाव के साथ इस पर्व पर खिचड़ी सहभोज किया।

नव युवक संघ पिछले कई वर्षों से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्माकोल की प्लेटों को बहिष्कृत कर पुरानी परंपरा के अनुसार हरे पत्तों व कागज की प्लेटों का उपयोग करके समाज को स्वच्छ वातावरण के प्रति एक संदेश प्रेरित करता रहा है। खिचड़ी भोज में हिन्दू-मुस्लिम समाज के सभी वर्ग, पंथ के लोगों के अलावा मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में सामूहिक रूप से सहभागिता कर खिचड़ी खाई व कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग मुक्ति की सराहना भी की। कार्यक्रम स्थल पर लगे सन्देश भी लोगों को प्रेरित कर रहे थे कि उतना ही लें थाली में व्यर्थ न जाये नाली में व धरती मां की यहीं पुकार, फिर पत्तों में सामूहिक आहार, आदि। नगर के सभी पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे।

# बीएलओ ने एसआईआर की ड्रॉफ्ट सूची सुनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग के आदेश पर शीशगढ़ के किसान जूनियर हाई स्कूल स्थित पोलिंग बूथों पर विशेष दिवस के अवसर पर लगे बूथों पर नायब तहसीलदार अरविंद कुमार की मौजूदगी में सभी बीएलओ का एक शिविर का आयोजन किया गया। जिस अवसर पर सभी बीएलओ ने मौके पर पहुंचे लोगों को एसआईआर के तहत बने बोटों की ड्रॉफ्ट सूची पड़कर सुनाई। इसी के साथ लगभग सौ से अधिक नए बोट भी बनाए गए। इस अवसर पर लेखपाल पुष्पेंद्र कुमार सहित सभी बीएलओ मौजूद रहे। कोटा डीलर शिव कुमार सिंह ने अपना सहयोग दिया।

# गोरक्षकों ने पकड़ा गया खालों से भरा ट्रक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रामपुर के गोरक्षकों ने मीरगंज ओवरब्रिज के पास खालों से भरा ट्रक पकड़ कर हंगामा किया। पुलिस ट्रक को चौकी ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रविवार की शाम को रामपुर से एक ट्रक बरेली की ओर जा रहा था। ट्रक से तरल पदार्थ टपकता देखकर मिल्क रामपुर के गोरक्षक उसके पीछे लग गए। गोरक्षकों ने मीरगंज में ओवरब्रिज के पास ट्रक रोक लिया। कुछ गोरक्षक ट्रक पर चढ़ गए। गोरक्षकों ने ऊपर पड़ा तिरपाल हटाकर देखा। ट्रक में पशुओं की खालें भरी थीं। खालें देखकर



गोरक्षकों ने काफी देर तक हंगामा कर नारेबाजी की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने समझाया। गोरक्षक कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस गोरक्षकों को चौकी ले गई। चौकी से गोरक्षक थाने पहुंचे। गोरक्षकों ने कार्रवाई की मां पुलिस से की।

गौरक्षक दल के कार्यकर्ता अंकित जोशी ने बताया कि कुछ कार्यकर्ताओं ने उन्हें सूचना दी थी कि एक ट्रक से खून जैसा पदार्थ टपक रहा है। इसी सूचना के आधार पर वह अपने साथियों के साथ कार से ट्रक के पीछे लग गए और पीछा करते हुए मीरगंज बस स्टैंड स्थित हाईवे पर ट्रक को रोक लिया। ट्रक को रोककर जब तिरपाल हटाया तो उसमें पशुओं की खालें भरी पाई गईं हैं।

एसओ संजय तोमर ने बताया पेयर कंपनी रामपुर से ट्रक में एक हजार खालें लेकर चालक कानपुर की लेदर कंपनी जा रहा था। चालक के पास वैध बिल हैं। ट्रक का पीछा करने पर चालक ने कंपनी को भी सूचना दी थी। पुलिस जांच कर रही है। जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव थानपुर के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया।

टक्कर के बाद कार चालक मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को अपनी कार से बरेली अस्पताल ले गया।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के शहर रुद्रपुर के दिनेश पुर निवासी पवन कुमार रविवार को किसी काम से बाइक के द्वारा बरेली जा रहे थे।दोपहर के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के गांव थानपुर के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही अनियंत्रित कार की चपेट में आकर वह गंभीर घायल हो गए।प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक रुककर घायल पवन कुमार को अपनी कार से बरेली अस्पताल ले गया। जहां इलाज के दौरान युवक की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# दो सगे भाई, एक की सामान्य तो दूसरे की पिछड़ी जाति

■ **एसडीएम ने डीएम को भेजी रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बदायूं जिले की दातागंज नगर पालिका की चेयरमैन नैना गुप्ता की जाति को लेकर नया बखेड़ा खड़ा हो गया। कस्बे के रहने वाले उनके पिता रमेश चन्द गुप्ता उर्फ बंगाली बाबू की जाति का सत्यापन कर एसडीएम ने अपनी रिपोर्ट डीएम को भेज दी है।

बदायूं जिले की दातागंज नगर पालिका परिषद के मोहल्ला परा के रहने वाले मुकेश शर्मा द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। तहसीलदार ने इस मामले की राजस्व निरीक्षक लाला राम और लेखपाल प्रेमपाल गंगवार से इसकी जांच कराई थी। जांच में आरोपी रमेश चन्द गुप्ता उर्फ बंगाली बाबू ने अपनी जाति को लेकर तहसीलदार को कस्बे के जेपीएन इण्टर कॉलेज की टीसी (स्थानांतरण) प्रमाण पत्र सौंपा, जिसमें उनकी जाति कसौधन वैश्य बताई गई। तहसीलदार ने इसकी जानकारी संबंधित विद्यालय जेपीएन इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य से ली गई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य ने 10 सितंबर 2025 को लिखित में रमेश चन्द गुप्ता उर्फ बंगाली बाबू की जाति कसौधन वैश्य बताई। इसी दौरान रमेश चन्द गुप्ता उर्फ बंगाली बाबू के सगे भाई शिवओम गुप्ता ने अपने पुत्र रवि प्रकाश गुप्ता के ई डब्लू एस प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया, जिसमें उसने अपनी टीसी (स्थानांतरण) प्रस्तुत किया, जिसमें शिवओम ने अपनी जाति वैश्य बताई गई। इस मामले की जांच तहसीलदार ने कस्बे के जेपीएन इण्टर कॉलेज से जाति प्रमाणित कराए जाने का पत्र भेजा, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य ने 9 सितंबर 2025 को शिवओम पुत्र गप्पामल की जाति वैश्य अंकित की।

कस्बे के एक ही विद्यालय से दो सगे भाइयों की अलग अलग जाति प्रमाणित होने के बाद एसडीएम उदित पवार ने अपनी रिपोर्ट डीएम को भेज दी है। रिपोर्ट भेजे जाने के बाद शिकायत कर्ता मुकेश शर्मा ने मंडल आयुक्त को पत्र देते हुए मामला बदायूं जिले की जिला जाति सत्यापन समित को भेजे जाने की मांग है।

जाति का मामला सामने आने के बाद दातागंज नगर पालिका की चेयरमैन नैना गुप्ता के खिलाफ कार्यवाही की तलवार लटक गई है। मालूम हो नैना गुप्ता ने पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र लगाकर चुनाव लड़ा था और वह चुनाव जीत गईं।

# कांग्रेस ने किया मनरेगा संवाद चौपाल कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मनरेगा संवाद चौपाल कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी ने कहा कि देश का कोई भी नागरिक किसी नाम को लेकर आपत्ति नहीं कर रहा है, लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से चल रही योजनाओं का नाम बदलना भारतीय जनता पार्टी सरकार की सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का सम्मान पूरे विश्व में किया जाता है, और यदि अपने ही देश में उन्हें सम्मान नहीं मिलेगा तो इससे दुर्भाग्यपूर्ण बात और कोई नहीं हो सकती।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में ब्लॉक दमखोदा ब्लॉक के मिलक गांव में मनरेगा संवाद चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि वास्तव में भाजपा आज



एक लिमिटेड कंपनी की तरह कार्य कर रही है, जहां सरकार का काम केवल अपने मित्रों को लाभ पहुंच. ाना रह गया है। जिला महासचिव सुखविंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार केवल नाम बदलने में विश्वास रखती है, जबकि जमीनी स्तर पर काम करने की सरकार की कोई ठोस नीति नहीं है। जिला उपाध्यक्ष अयाज खान ने कहा कि वर्तमान सरकार से युवाओं का मोहभंग हो चुका है। युवाओं में सरकार के प्रति भारी रोष है, जो देश के भविष्य और लोकतंत्र के लिए हितकारी नहीं है।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया। इस मौके पर सरदार चरणजीत, हसनैन कादरी, मुक्तयार, राजदीप सिंह, रमेश श्रीवास्तव, अफसार अहमद, अरबाज, कमरुद्दीन सैफी, मुख्तार अहमद, मुकर्रम शरीफ, तविश मलिक, गालिब मलिक, तस्लीम सलमानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गांव कुरतरा के प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ ने दी मतदाता सूची की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार को गांव कुरतरा के प्राथमिक स्कूल में लगाया गए मतदाता बूथ 400,401,402,403 का जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिंह ने निरीक्षण कें दौरान बीएलओ से ली जानकारी।

बीएलओ सुमन गंगवार, सृष्टि गंगवार, राकेश बाल्मीकि,सुजाता सागर ने उन्हें बताया रविवार को चारों बूथ पर करीब 7 लोगों ने नाम संशोधन और करीब 80 लोगों ने नए वोट बनाने के लिए आवेदन किए है।बताया अगले 6 फरवरी तक यह कार्य चलेगा।तेजेश्वरी सिंह ने बीएलओ और शक्ति संयोजक उमेश कुमार साहू से अधिक से अधिक पात्र वोट बनवाने की अपील की।जिससे हर कोई अपने मत के अधिकार का प्रयोग कर सके।

### महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का हुआ अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव रसूला चौधरी में शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का अनावरण क्षेत्रीय विधायक माननीय डॉ. डी.सी. वर्मा के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान, ग्राम प्रधान लालता प्रसाद, पूर्व प्रधान वेदपाल सिंह ,सभासद धर्मेंद्र सिंह, मोनू, गन्ना समिति अध्यक्ष तेजपाल सिंह गंगवार जी, अबोध सिंह, गौरव मिश्रा, बबलू गंगवार, रंजीत दिवाकर और आपका भाई सचिन चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

# विशेष पुनरीक्षण के तहत बूथों पर पढ़ी गई निर्वाचक नामावली

■ **बीएलओ ने आमजन को सुनाए नाम, डीएम ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत रविवार को जनपद के सभी बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा निर्वाचक नामावली के प्रालेख्य को आमजन को पढ़कर सुनाया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाताओं को अपने नाम व विवरण की जांच का अवसर प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने स्वयं विभिन्न मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने एवरग्रीन



पब्लिक स्कूल, ग्राम पंचायत सचिवालय करगैना, सेवायोजन कार्यालय तहसील सदर तथा पंडित दीनानाथ मिश्र इंटर कॉलेज सहित कई बूथों पर पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

डीएम ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को किया जा चुका है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को ड्राफ्ट सूची उपलब्ध कराई जा चुकी है तथा यह सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध है, जिसे कोई भी मतदाता डाउनलोड कर देख सकता है। उन्होंने बताया कि दावा-आपत्ति की प्रक्रिया 06 फरवरी 2026 तक चलेगी। नोटिस चरण एवं दावों/आपत्तियों का निस्तारण 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि विशेष अभियान के अंतर्गत सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर उपस्थित थे। उनके पास ड्राफ्ट मतदाता सूची, नाम कटे हुए मतदाताओं की सूची तथा पर्याप्त संख्या में फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 उपलब्ध थे। बड़ी संख्या में मतदाता अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम एवं विवरण जांचते नजर आए।

डीएम ने उपस्थित नागरिकों को जानकारी दी कि 01 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे नवयुवा मतदाता अथवा ऐसे पात्र मतदाता, जिनका नाम अभी निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है, वे बीएलओ से निर्धारित प्रारूप-6 प्राप्त कर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न बूथों पर ईआरओ, सुप. रवाइजर, बीएलओ सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पशुशाला से चार मवेशी चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम लभेड़ा दुर्गाप्रसाद में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक किसान की पशुशाला से दो भैंस, एक पाड़िया व एक कटरा चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम लभेड़ा दुर्गाप्रसाद निवासी मंसाराम पुत्र झम्मनलाल शनिवार-रविवार की रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे से 1 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने पशुशाला की ईंटों की बाड़ को हटाकर अंदर प्रवेश किया और वहां बंधे चारों मवेशियों को खोलकर ले गए। सुबह जब परिजन जागे तो पशुशाला खाली देख घटना की जानकारी हुई।

पीड़ित किसान ने बताया कि चोरी गए मवेशियों की अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये है, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मामले में इंस्पेक्टर मीरगंज संजय तोमर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमें चोरों की तलाश में जुटी हैं और जल्द ही घटना का खुलासा कर मवेशियों की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

### बाइक और इको की आमने-सामने टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मीरगंज थाना क्षेत्र में बाइक और इको की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को पहले मीरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को बरेली रेफर कर दिया।

घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव शीशम खेड़ा के पास की बताई जा रही है। गांव निवासी मोहनिश खान पुत्र श्री गौहर खां अपने दोस्त फिरोज पुत्र शहंशाह के साथ बाइक से मीरगंज से अपने गांव लौट रहे थे। शीशम खेड़ा से कुछ दूरी पहले सामने से आ रही तेज रफ्तार इको ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार इको के टायरों के नीचे आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दोनों युवकों के पैर बुरी तरह कुचल गए, जबकि बाइक के परखच्चे उड़ गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल मीरगंज सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को उच्च उपचार के लिए बरेली भेज दिया गया। घटना शाम करीब सात बजे के आसपास की बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर एएनए कट बंद होने से हादसों पर लगा विराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर स्थित खतरनाक एएनए कट बंद होने के बाद क्षेत्र में सड़क हादसों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। कट बंद होने से अब तक कोई बड़ा हादसा सामने नहीं आया है, जबकि इससे पहले खासतौर पर कोहरे के मौसम में यहां लगातार दुर्घटनाएं होती थीं और कई बार हालात बेहद भयावह हो जाते थे।

स्थानीय लोगों के अनुसार एएनए कट खुले होने के दौरान वाहन चाल. कों को अचानक सामने से आने वाले वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाता था। घना कोहरा होने पर यह कट जानलेवा साबित होता था और आए दिन दुर्घटनाओं की खबरें मिलती थीं। अब कट बंद होने से यातायात पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित हो गया है और लोगों ने राहत की सांस ली है। पर कुछ लोग झुमका चौराहे से अभी भी गलत दिशा में आ रहे है जोकि हादसों को दावत दे रहे है। गौरतलब है कि यह मामला दिसंबर 2025 का है, जब कस्बे के छात्र असद अंसारी की शिकायत पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लिया था। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए एएनए कट को बंद कराया।

हालांकि एएनए कट बंद होने से स्थिति में सुधार आया है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह राधा कृष्ण मंदिर कट को भी बंद कर दिया जाए, तो राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसों पर और प्रभावी रोक लग सकती है। राधा कृष्ण मंदिर कट कस्बे का प्रमुख प्रवेश मार्ग होने के कारण अभी भी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस कट को भी बंद कराएगा, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर और अधिक सुरक्षित हो सके और भविष्य में होने वाले संभावित हादसों से लोगों की जान बचाई जा सके।

# एसआईआर के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का वाचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रविवार को मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन किया गया।

इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों और मतदाताओं को सूची में दर्ज नाम पढ़कर सुनाए गए।बीएलओ ने ग्रामीणों को मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने, दर्ज नाम पर आपत्ति करने तथा नाम, पता या अन्य विवरणों में संशोधन के लिए भरे जाने वाले विभिन्न फार्मों की जानक. ारी दी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे सूची को ध्यानपूर्वक



सुनें और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर समय रहते आवेदन करें।अभियान की निगरानी करते हुए उपजिलाधिकारी आलोक कुमार ने फतेहगंज पश्चिमी, अगरास, सहोड़ा एवं मीरगंज क्षेत्र के करीब एक दर्जन बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्राफ्ट मतदाता सूची के वाचन की स्थिति जानी और बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा एआरओ आशीष कुमार सिंह, अरविंद कुमार, अवनीश कुमार, प्रियंका, भानुशंकर, रवि शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया।

### पीएम आवास योजना के तहत जनपद में 8693 लाभार्थियों को मिली पहली किस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का अंतरण किया। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ से आयोजित किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद बरेली में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा और सुना गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, सांसद बरेली छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर उमेश गौतम, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, परियोजना अधिकारी डूडा/अपर उप जिलाधिकारी सदर रामजनम यादव सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान

## बैंक परिसर और चौकियों पर सुरक्षा व्यवस्था जांची





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर क्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान चलाया। यह अभियान बैंक परिसरों, मुख्य प्रवेश द्वारों, एटीएम काउंटरों, पार्किंग स्थलों और अवधेशानंद व मोटा महादेव चौकियों सहित विभिन्न स्थानों पर केंद्रित था। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और अपराध तथा धोखाधड़ी पर अंकुश लगाना है।

अभियान के दौरान, पुलिस टीम ने इन स्थानों का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों को सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी, अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने और सुरक्षा गार्डों की सतर्क तैनाती के निर्देश दिए। पुलिस ने बैंक में मौजूद ग्राहकों को लेनदेन के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी। उन्हें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने और साइबर व बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

मंडावली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र की जनता को सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था और अपराध मुक्त माहौल प्रदान करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग, सतर्कता बरतने और जागरूकता बनाए रखने की अपील की, ताकि आपराधिक गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। इस संघन चैकिंग अभियान में मंडावली प्रभारी राकेश कुमार के साथ उप निरीक्षक महेश चन्द्र, कांस्टेबल जयवीर, कांस्टेबल मोनू कुमार, कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल इमरान, कांस्टेबल बृजेश कुमार और होमगार्ड जगदीश कुमार मौजूद रहे।

# नंद महोत्सव का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला साहूवान स्थित गोयल भवन पर चल रहे सात दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के चौथे दिन की कथा में भगवान कृष्ण के जन्म तथा नंद महोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस दौरान पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज तथा उनके संगतकारों द्वारा उच्चारित किए गए बधाई गीतों और भजनों पर श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण की सामूहिक जय जयकार से कार्यक्रम स्थल को कृष्णमय बना दिया।

इस दौरान प्रदर्शित की गई वासुदेव और भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त प्रस्तुत किए गए भजन नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की को सुनकर उपस्थित समूह ने पारंपरिक जयकारों की जमकर गुंजार की। चौथे दिन की कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने बताया कि जिस प्रकार त्रेता युग में लोगों को अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान राम ने अवतार धारण किया था, उसी प्रकार द्वापर युग में कंस के अत्याचारों को बढ़ता हुआ देखकर भगवान कृष्ण ने अवतार धारण किया। महाराज श्री ने नंद महोत्सव का प्रसंग सुनाते हुए जहां यशोदा मैया और नंद बाबा के यहां आयोजित महोत्सव का बिंदु बार विस्तार से वर्णन किया।



वहीं श्रद्धालुओं को भाव विभोर करते हुए कंस के कारागार में हुए कृष्ण जन्म से संबंधित प्रसंग की भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

इस अवसर पर प्रदर्शित की गई वासुदेव और भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी में रविंद्र किशोर गोयल ने वासुदेव तथा अरनव गोयल ने बाल रूप कृष्ण की भूमिका प्रदर्शित की। झांकी के दर्शन करके श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। स्वेता गोयल, तापस गोयल, जयंत गोयल, नित्या गोयल, हर्षा गोयल, प्राची, राधिका, मजुला माथुर, सुमन गोयल आदि मौजूद रहे।

# तारा देवी मंदिर आश्रम में भव्य हिंदू सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** प्रसिद्ध मां तारा देवी मंदिर आश्रम हादकपुर में आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित अनिल कुमार, डॉ. आदित्य अग्रवाल एवं मोहन सिंह ने हिंदू संस्कृति, सनातन परंपरा, राष्ट्र निर्माण तथा सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकजुटता है और 'सब हिंदू भाई-भाई हैं' का भाव ही समाज को सशक्त बनाता है। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संघ विगत 100 वर्षों से धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रहा है। संघ ने हमेशा समाज को संस्कार, सेवा और समर्पण की दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 वर्षों की यात्रा में राष्ट्रहित, समाजसेवा एवं सांस्कृतिक जागरण का महत्वपूर्ण कार्य किया है। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, शांति और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया तथा समाज की एकता के लिए मंगलकामनाएं की गईं। सम्मेलन के दौरान भजन कीर्तन, धार्मिक प्रवचन का भी आयोजन किया गया ,जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# शहजादपुर में आम के पेड़ काटे

## कमेटी पदाधिकारियों में भारी रोष व्याप्त, कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** क्षेत्र में लकड़ी तस्करों ने अब मन्दिर मस्जिदों को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। यह नजारा उस समय देखने को मिला, जब लकड़ी तस्करों ने जामा मस्जिद के ग्राम में मौजूद बाग से आम के पेड़ काट डाले। मस्जिद कमेटी ने पुलिस को घटना की तहरीर सौंप कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के जामा मस्जिद एवं मदरसा इस्लामिया रियाज-उल-उलूम का संयुक्त आम का बाग थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर में स्थित है। बाग से एक ग्रामीण द्वारा आम का पेड़ काटकर ले जाने की घटना सामने आने पर कमेटी पदाधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है।

कमेटी के अध्यक्ष अफसार खां पुत्र अंसार खां ने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर हारून पुत्र दिलावर निवासी ग्राम शहजादपुर के खिलाफ पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी और उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।



मालूम हो कि इस समय क्षेत्र में लकड़ी माफिया ने जगह-जगह रात के अंधेरे में लकड़ियों का कटान खुलेआम कर वन विभाग सहित पुलिस को चुनौती दे रहे है। पूर्व में थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण द्वारा ग्राम समाज के पेड़ों का कटान की शिकायत करना उस समय भारी पड़ गया था। जब माफियाओं ने शिकायत कर्ता को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया था, जिसकी पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्यवाही की थी। इतना ही नहीं यह माफिया किसी जगह का लकड़ी काटने का ठेका लेते है, तो स्वयं वन विभाग से कम पेड़ व सुखे पेड़ दिखाकर परमिशन ले लेते है, लेकिन रात के अंधेरे में बड़ी मात्रा में पेड़ों का कटान कर लेते है। मजेदार बात यह यह है कि वन विभाग को सब कुछ पता होने के बावजूद भी इन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्यवाही या मौके पर जांच तक नहीं होती है। वही लोगों ने इन लकड़ी माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। उधर जामा मस्जिद व मदरसे के बाग मे कटे पेड़ के प्रकरण में तहरीर में नामजद व्यक्ति से बात करने का प्रयास किया तो उनसे सम्पर्क नहीं हो सका है।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कमेटी सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**किरतपुर।** क्रांति देवी इंटर कॉलेज, शाहपुरा रतन में विद्यालय परिवार द्वारा श्रीमती क्रांति देवी के परिनिर्वाण (पुण्यतिथि) के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक चंद्र प्रकाश सिंह 'रवि' ने अपने संबोधन में अपनी माता. जी श्रीमती क्रांति देवी के जीवन मूल्यों, संस्कारों एवं त्याग को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सेवा, सादगी और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रचना देवी ने भी श्रीमती क्रांति देवी के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों एवं सामाजिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके संस्कारों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ राजीव कुमार, राकेश कुमार, निशी मैडम, मौसम, कुलदीप, मानवी चौधरी सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### प्रबंध समिति के गठन के लिए नामांकन






**किरतपुर।** हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर की प्रबंध समिति के गठन हेतु आज सुबह 10:00 बजे से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उपाध्यक्ष पद के लिए अरुण गोयल (राम पेपर मिल), प्रबंधक पद के लिए अरुण अग्रवाल (भट्टे वाले), उप-प्रबंधक पद के लिए प्रदीप चौहान (पत्रकार), कोषाध्यक्ष पद के लिए सत्येंद्र अग्रवाल ने नामांकन किया। वहीं सदस्य पद के लिए कुंवर रविंदर सिंह, अरविंद राणा, अरविंद वर्मा, कृपाल सिंह राजपूत, शिव कुमार राजपूत, राकेश राजपूत तथा सुभाष चंद्र शर्मा सहित अन्य लोगों ने नामांकन पत्र भरे। चुनाव अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण सभी उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है।

### मानवता पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता

**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने मानवता पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान जितनी तरक्की कर रहा है, इतना ही हम मानव संवेदनाओं से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब कोई दुर्घटना होती थी, तो सब बेचैन हो जाते थे। लेकिन आज लोग हिंदू-मुस्लिम देखते हैं। हम संप्रदाय और समुदाय में बंट कर रह गए है। राष्ट्र से हमें कुछ लेना-देना नहीं रहा। इस खुदगर्जी के दौर में मानवता गुम होती जा रही है। आखिर हम आने वाली नसलों को क्या देकर जाना चाहते हैं।

### परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**नजीबाबाद।** क्षेत्राधिकारी नितेश सिंह ने थाना क्षेत्र में स्थित रमा जैन कन्या महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, तैनाती और व्यवहार की जांच की। उन्होंने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। नितेश सिंह ने अधिकारियों और कर्मियों से कहा कि परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए और छात्रों को परीक्षा के दौरान पूरी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्राधिकारी को परीक्षा संचालन के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण के बाद नितेश सिंह ने कहा कि इस प्रकार के नियमित निरीक्षण परीक्षा के सुचारू संचालन और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं।

### आदिनाथ चालीसा के पाठ का आयोजन

**नजीबाबाद।** श्री दिगम्बर जैन पचायती मंदिर में प्रथम तीर्थकार भगवान ऋषभदेव के निर्वाण महोत्सव पर शास्त्री दिवाकर जैन के सान्निध्य में आदिनाथ चालीसा का पाठ कर आघ्य समर्पण कर निर्वाण महोत्सव मनाया गया। वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र जैन ने निर्वाण महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया है कि प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव कैलाश पर्वत से मोक्ष पधारे थे, उनके पुत्र भरत ने वहां कई चैत्यालयों का निर्माण कराया था। प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, उपमंत्री निशु जैन, भण्डारी पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, राहुल जैन, भाविक जैन, वदान्त जैन, धीरज जैन, रश्मि जैन, वन्दना जैन, पीयूष जैन, रेना जैन, पूनम जैन, अक्षय जैन, रूकमणी जैन, स्वाति जैन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम विजय शंकर मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जनसुनवाई करते हुए एक-एक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।




## सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त प्रार्थनापत्रों का निस्तारण पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 15 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें राजस्व, पुलिस विभाग सहित कई अन्य विभागों के मामले शामिल रहे। प्रशासन की तत्परता का परिणाम यह रहा कि दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष सभी प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए भेजा गया।

# मतदाता सूची संशोधन को लेकर विशेष कैंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इंटर कॉलेज में मतदाता सूची संशोधन एसआईआर को लेकर एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप आज सुबह 11 बजे से बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर लगाए गए शिविरों का हिस्सा था।

इस कैंप में बीएलओ मुनेश कुमार, सलमा बेगम, सुनीता रानी, आमिर अली, ओमवती, गुलिस्ता सैफी और बृजेश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कैंप का उद्देश्य मतदाताओं को आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और आवश्यक संशोधन कराने में सहायता करना था। बता दें कि आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन छह जनवरी को किया जा चुका है। मतदाताओं को सलाह दी गई है कि वह इस सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। आज प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाया गया। उन मतदाताओं के नाम भी पढ़े गए जिनके नाम मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित, दो. हरी प्रविष्टि या गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर न करने के कारण सूची से कट गए थे। मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने बूथ पर जाकर आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। कैंप का समय पूर्वाह्न 11 बजे से सायं चार बजे तक निर्धारित था। यदि किसी मतदाता का नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं है, तो वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर अपने बीएलओ को जमा कर सकते हैं। इसके अलावा, voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। यदि मतदाता अपनी प्रविष्टि में कोई त्रुटि सुधारना चाहते हैं, तो उन्हें फॉर्म-8 भरना होगा।

# सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

ग्राम जैतरा स्थित दुर्गा मंदिर पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा यह भजन सबको खूब पसंद आया, सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।



अंत में आयोजकों को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजकों मे सौरभ सैनी, छोटेलाल सैनी, सनी सैनी, रवि सैनी, डोली सैनी, पिंटू सैनी, गौतम गिरी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तोगी आचार्य, दिनेश चंद्र भारद्वाज, दिनेश राणा, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, राम प्रकाश वर्मा, संजीव शर्मा, प्रवेश मिश्रा आदि शामिल रहे।

## विहिप का 'सामाजिक समरसता' कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा सामाजिक एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सामाजिक समरसता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

विदुर कुटी प्रखण्ड के ग्राम जिरौठी में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभाग सह-संयोजक शिवम वर्मा ने सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करना ही परिषद का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जब समाज आंतरिक रूप से संगठित और समरस होगा, तभी देश सशक्त बनेगा। कार्यक्रम को विभाग सत्संग प्रमुख शोभित शर्मा एवं संगठन मंत्री शिव कुमार ने भी सम्बोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप अध्यक्ष कौशल अग्रवाल तथा संचालन प्रखण्ड मंत्री विपिन जोशी ने किया। इस अवसर पर विहिप उपाध्यक्ष अजय जी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने सामाजिक कुरीतियों को त्यागने और एकजुट रहने का संकल्प लिया।

# समाधान दिवस में 25 शिकायतें दर्ज

## लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मंशा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील नजीबाबाद के नव निर्मित स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सके।

आज संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिनमें 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोहरे में हाइवे पर आपस में टकराए एक दर्जन वाहन, दस लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रविवार को छाए घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्जन वाहन आपस में टकरा गए। हादस में दस लोग घायल हो गए। हादसे के बाद हाइवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर

**■ हादसे के बाद राजमार्ग पर लगा लंबा जाम**

पहुंचकर घायलों को एंबुलैंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया तो वहीं वाहनों को धीरे धीरे आगे बढ़ाकर यातायात व्यवस्था सुचारू की।

बता दें कि इन दिनों लगातार कोहरे और कड़ाके की सर्दी के हालात बने हुए हैं। रविवार की सुबह भी वातावरण में घना को. हरा छाने के कारण चालकों को वाहन चलाने में काफी



असुविधा का सामना करना पड़ा और शहबाजपुर डोर के पास एक-एक करके आपस में एक दर्जन वाहन आपस में टकरा गए। सबसे पहले दिल्ली दिशा में जा रहे सरिये लदे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे उसमें पीछे से आ रही रोडवेज बस टकरा गई। इसके बाद एक एक करके एक दर्जन वाहन टकरा गए। रोडवेज बस में सवार रुद्रपुर के संजय नगर खेड़ा निवासी प्रकाश चौधरी की पत्नी बसंती घायल हो गई। अवनीश अपनी पत्नी नंदरानी व राकेश अपनी पत्नी लता देवी के साथ ब्रजघाट नहाने आए थे, वे भी हादसे में घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, वहीं क्षतिग्रस्त वाहन हटवाकर जाम खुलवाया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस और ट्रैफिक पुलिस पहुंच गई थी।क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई गई।



## कोहरे से सुबह में रही सर्दी, दिन में खिली धूप से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रविवार को कोहरे के कारण सुबह को कड़ाके की ठंड रही तो वहीं दिन में धूप खिलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली। लोगों ने अपने घरों की छतों पर पहुंचकर धूप सेंकी। बाजार में भी धूप निकलने के बाद ही रौनक देखने को मिली। रविवार को सुबह के समय घना कोहरा छाया था और कड़ाके की ठंड थी। दिन में अच्छी धूप खिली तो लोगों को राहत मिली। धूप निकलने के बाद ही बाजारों में रौनक आई, लोगों ने खरीददारी की। वहीं शाम होने पर फिर से मौसम ने अपना रूप बदल लिया और सर्दी बढ़ गई। रात के आठ बजते बजते बाजारों में सन्नाटा पसर गया। लोग सर्दी से बचने के लिए शाम होते ही घरों में दुबक गए और हीटर आदि का सहारा लिया।

## रोडवेज से भिड़ी ईको, महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ईको रोडवेज की भिड़ंत में महिला की मौत हो गई। चार अन्य घायल हो गये। महिला की मौत से परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।

जनपद संभल के थाना हजरत गढ़ी के गांव रहटोल निवासी सतवीर सिंह रविवार की सुबह करीब 8:00 बजे गंगा ब्रजघाट से स्नान कर ईको में सवार होकर घर लौट रहे थे। सैदनगली ढक्का के ईको रोडवेज की भिड़ंत हो गई। जिससे उषा आयु 40 वर्ष



**■ हादसे में चार लोग घायल**

की मौके पर मौत हो गई। इसके साथ ही पति सतवीर व ईको में बैठे मोहनवती, सावित्री रामपाल भी घायल हो गये। राहगीरों ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। उषा की मौत की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गये। उषा अपने पीछे 6 बेटी वह एक बेटे को रोता बिलखता छोड़ गई है। घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



■ गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते विवि अधिकारी व अतिथिगण।

# खंदक में पलटी पिकअप, मजदूर की मौत

### हादसे में चार मजदूर घायल, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता ढवारसी।** हरियाणा से मजदूरी करके घर लौट रहे महिंद्रा मैक्स में सवार मजदूर रविवार की सुबह अमरो. हा जनपद के थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव मरौरा के मोड पर महिंद्रा मैक्स पिकअप खंदक में पलट गई जिसमें दबकर एक 32 बर्षीय मजदूर प्रेमपाल की मृत्यु हो गई जबकि विद्याराम श्योराज धर्मवीर ठाकुरदास दबकर घायल हो गए मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस की सहायता से घायलों को सीएचसी में भिजवाया गया जबकि मृतक प्रेमपाल के शव को कब्जे में



लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया जाता है कि चंदौसी थाना क्षेत्र के गांव बसौमी निवासी लोग हरियाणा के झज्जर से मजदूरी करके अपने गांव वापस आ रहे थे रास्ते में ही उनकी मजदूरों से भरी महिंद्रा पिकअप पलट जिससे चीख पुकार मच गई स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी के निचे दंबे मजदूरों को बाहर निकाला तथा पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया प्रेमपाल की शादी करीब 3 वर्ष पहले हुई थी मृतक ने अपने पीछे पत्नी सहित एक मासूम को रोता बिलखता छोड़ा। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है कि चंदौसी क्षेत्र के गांव निवासी के मजदूरों की भारी महिंद्रा पिकअप पलट गई जिसमें चार लोग घायल हैं जबकि एक की मृत्यु हो गई है मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# लूट की झूंठी सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** फर्जी लूट की सूचना मिलने से पुलिस ने घटना स्थल की ओर को दौड़ लगा दी। झूठी सूचना देने वालों का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर गढ़ी निवासी कुछ युवकों ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उनके साथ 32000 की लूट हुई है। जिससे पुलिस महकमें हड़कंप मच गया। आनंन फानन में कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल की ओर को दौड़ लगा दी। शिकायत करने वालों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 32000 का कटरा बचा था। वह जंगल गये थे वहां पर उनके साथ गांव के लोगों ने लूट की है। लेकिन जब पुलिस ने मामले की जांच की तो दूध का दूध और पानी का पानी निकाल कर सामने आ गया। कोतवाल प्रेम पाल सिंह ने बताया कि गांव के लोगों के बीच आपस में मारपीट हो गई थी। शराब पीकर नशे की हालत में पुलिस को लूट होने की झूठी सूचना दी गई थी। पुलिस इस मामले में चार लोगों के खिलाफ शांति भंग में चालान करने की तैयारी कर रही थी।

# फेसबुक लाइव में आपत्तिजनक बयानबाजी, पकड़ा तूल

### पंचायत के दबाव में युवक ने मांगी माफी

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के एक गांव में फेसबुक लाइव के जरिए की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला सामने आया है। क्षत्रिय समाज के एक युवक ने अनुसूचित जाति, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मुस्लिम समाज को लेकर अभद्र बयान दिए, जिससे सामाजिक तनाव की स्थिति बन गई। मामला तूल पकड़ने पर गांव में पंचायत बैठी, जहां युवक ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का वादा किया।

यह मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। तीन दिन पहले इस गांव के क्षत्रिय समाज के एक युवक ने फेसबुक पर लाइव आकर अनुसूचित जाति के साथ ही बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की थी। इतना ही नहीं उसने मुस्लिम समाज को लेकर भी आपत्तिजनक बातें कहीं थीं। यह भी कहा था कि अनुसूचित जाति के लोगों को जब ये लोग प्रताड़ित करते हैं तो हम लोग ही हथियार उठाते हैं। करीब दो मिनट तक लाइव आकर युवक ने आपत्ति. जनक बयानबाजी की थी।जानकारी पर अनुसूचित समाज के लोगों में रोष फैल गया था। पहले तो फेसबुक पर लोगों ने कमेंट कर युवक पर अपनी भड़ास में निकाली थी। बाद में मामला पुलिस तक पहुंचा तो गांव में पंचायत बैठ गई। खुद को घिरता हुआ देख युवक ने भरी पंचायत में माफी मांगी तथा भविष्य में इस तरह की हरकत दोबारा न करने का वादा किया। पंचायत की वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामला संज्ञान में नहीं होने की बात कही।

# दो घंटे जाम से जूझा हाइवे, वाहनों की लगी कतारें

### पुलिस ने बमुश्किल पाया जाम पर नियंत्रण, वीकेंड के चलते बनी समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** रविवार की दोपहर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बृजघाट के निकट भीषण जाम लग गया। इस दौरान करीब दो घंटे तक सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया। बताया जा रहा है कि मौनी अमावस्या की भीड़ के साथ वीकेंड पर घूमने गए लोग वापस लौटे तो हाईवे पर वाहनों की संख्या बढ़ी और जाम लग गया। जाम खुलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

शनिवार को वीकेंड पर हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली समेत कई राज्यों के लोग घूमने के लिए उत्तराखंड व अन्य स्थानों पर जाते हैं। जिसके चलते शनिवार व रविवार को हाईवे पर वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। हाईवे सिक्सलेन होने के बाद भी जाम की स्थिति तक बन जाती है। रविवार की सुबह मौनी अमावस्या पर



श्रद्धालुओं का बृजघाट पहुंचना शुरू हो गया था। भारी संख्या में श्रद्धालु गंगास्नान करने पहुंचे। वहीं दोपहर के वक्त वीकेंड पर घूमने जाने वाले लोग भी वापस लौटना शुरू हो गए। जिसके चलते बृजघाट पुल पर जाम लगना शुरू हो गया। बृजघाट से गजरौला की दिशा में करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। करीब दो घंटे जाम लगा रहा। सैकड़ों की संख्या में वाहन जाम में फंसे गए। काफी कोशिशों के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया।

## एक नजर

### दबंगों के हमले में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कस्बे के मोहल्ला गांधी नगर में शुक्रवार रात एक मामूली विवाद हिंसक घटना में बदल गया। मोहल्ले के निवासी हरिओम सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ दबंगों ने उनके घर पर धावा बोल दिया और उनके ऊपर तमंचा, लोहे के पंच और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में हरिओम के सिर पर गंभीर चोट आई। उनके भाई बाबूराम और भाभी विमला भी गंभीर रूप से घायल हुए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की। न्याय की गुहार लेकर पीड़ित परिवार शनिवार को तहसील समाधान दिवस में पहुँचा और जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को अपनी व्यथा सुनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तत्काल थाना पुलिस को आरोपी विपिन, बन्टी पुत्र रामौतार, विवेक पुत्र राजेन्द्र, राहुल पुत्र विजयपाल और केशव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए।

### फौलादपुर में लगा फिजियोथेरेपी कैम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** फौलादपुर में ग्राम प्रधान मनु यादव के नेतृत्व में नि:शुल्क मेडिकल एवं फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज कराया। कैंप का शुभारंभ ग्राम प्रधान मनु यादव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पल्लवी यादव (बीपीटी) मौजूद रहीं। उन्होंने ग्रामीणों को फिजियोथेरेपी के फायदे बताए और मौके पर ही मरीजों का उपचार किया।ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान मनु यादव लगातार विकास और जनसेवा के कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों से गाँव की पहचान जिला और प्रदेश स्तर तक बनी है।

### बहू को भगा ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ससुर ने थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्रवधु को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उनके बेटे कि शादी वर्ष 2021 में गजरौला निवासी युवती से हुई थी। शादी के बाद पुत्रवधू गांव में ही परिवार के साथ रह रही थी। ससुर का कहना है कि शनिवार सुबह जब परिवार के सभी लोग नींद से जागे तो पुत्रवधु घर पर नहीं मिली। काफी तलाश के बाद जानकारी हुई कि उसको उमरी, थाना रजबपुर का रहने वाला विकास बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों को आशंका है कि पुत्रवधु के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। पीड़ित ने बताया कि पुत्रवधु के पास मोबाइल फोन भी था, जिसकी जानकारी उन्हें बाद में हुई। उन्होंने पुलिस से मोबाइल की भी जांच कराने की मांग की है। ससुर ने पुलिस से पुत्रवधु की शीघ्र बरामदगी और मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### टप्पलबाज को रकम के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बैंक में विधवा के साथ 15000 की जालसाजी करने वाले टप्पलबाज को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने पैसा भी बरामद कर लिया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतोली निवासी विधवा मुन्नी पंजाब नेशनल बैंक से 50000 निकाल कर वहां मौजूद टप्पलबाज से गिनवाने लगी थी। लेकिन जालबाज ने इसका फायदा उठाते हुए उसमें से 15 हजार गायब कर लिए थे। 15000 की जालसाजी होने की सूचना मिलने पर पुलिस बैंक में पहुंच गई थी तथा वहां लगे सीसीटीवी कैमरो से फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया था। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि सीसीटीवी कैमरो की सहायता से आरोपी लोहित शुक्ला पुत्र मुन्नीलाल शुक्ला निवासी अवंतिका पार्क कॉलोनी थाना गजरौला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14000 रुपये भी बरामद कर लिए हैं।

# हर गरीब को मकान दे रही सरकार: तंवर

### 3691 लाभार्थियों को भेजी दो लाख की रकम



**अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत 3691 लाभार्थियों के खाते में दो लाख रूपये की राशि भेजी।

नगर पालिका टाउन हाल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसके अन्तर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत जिलेभर के 3691 लाभार्थियों के खाते में दो लाख रूपये की धनराशि सीधे तौर पर भेजी गयी। इस दौरान सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि उनकी सरकार हर गरीब व्यक्ति को फ्री में मकान दे रही है। यही नहीं सरकार गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी लगातार प्रयासरत् है। इस अवसर पर विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स, चेयरमैन श्रीमति शशि जैन, अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, चेयरमैन धनौरा प्रवीण अग्रवाल, अभिनव कौशिक, राम सिंह सैनी, पूरन सिंह सैनी, चन्द्रभान भाटी, राकेश वर्मा, नगर पालिका व डूडा का स्टाफ मौजूद रहा।

# हक और इंसाफ की मिसाल है इमाम हुसैन का सफर

### 28 रजब पर निकला सफरे इमाम हुसैन का जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात।** सफरे इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में रविवार को कस्बे में जुलूस निकाला गया। जिसमें शामिल ऊंटों, दुलदुल (इमाम हुसैन का घोड़ा) व अलमों ने उस दौर के सारे मंजर ताजा किए। तयशुदा रास्तों पर गश्त करते हुए जुलूस देर शाम इमाम बारगाह पुख्ता बंगला पहुंचकर संपन्न हुआ।

28 रजब के सिलसिले में इस जुलूस का आयोजन किया गया। इसी तारीख में नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन ने काफिले के साथ मक्का से मदीने के लिए सफर शुरू किया था। इसी कड़ी में अंजुमन हैदरी के संयोजन में रविवार को इमाम बारगाह पुख्ता बंगला में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सफदर हुसैन बाकरी ने वाक्या-ए-कर्बला की पृष्ठभूमि में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के इस सफर के मकसद को बताया। तथा उनके इस सफर को इंसाफ, हक और इस्लामी मूल्यों की रक्षा का प्रतीक करार दिया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन (अ. स.) का यह सफर जुल्म, नाइंसाफी और फसाद के विरुद्ध एक संदेश है, जो आज भी दुनिया को इंसानियत का रास्ता दिखा रहा है। मजलिस के बाद इस सफर की ही याद में कस्बे में जुलूस निकाला गया। जिसमें अंजुमने हैदरी ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से होते हुए देर शाम इमाम बारगाह पुख्ता बंगला पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में ऊंट, घोड़े और अलम शामिल रहे। मंजरकशी ने इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम मदीना से मक्का के लिए शुरू हुए सफर की याद ताजा कर दी। जुलूस के दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने पुलिस बल के साथ जुलूस में गश्त की।

# कुत्ते ने भाकियू नेता का कान काटकर खाया

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** खूंखार बन चुका कुत्ता भारतीय किसान यूनियन के नेता का कान काटकर ले गया। आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों को कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया।

तहसील क्षेत्र के गांवो में खूंखार कुत्तों का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है। शायद ही कोई गांव ऐसा बचा हुआ होगा जहां पर खूंखार कुत्ते ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें काटकर घायल ना करते हो। कोतवाली क्षेत्र

**■ हसनपुर में खुंखार बने कुत्ते**

के गांव लुहारी खादर में खूंखार कुत्ते ने आधा दर्जन ग्रामीणों को काट लिया। भारतीय किसान यूनियन असली के ब्लॉक अध्यक्ष मेवा राम पुत्र मुंशी सिंह का कुत्ता कान काटकर ले गया। इसके अलावा शिवानी, रजनी, ताराचंद, जोगिंदर, नौबहार सिंह, नैनसुख को भी कुत्ते ने काटकर घायल कर



दिया। बताया जा रहा है कि गांव के अन्य लोगों को भी कुत्ते ने काटा है। बताया जाता है कि कुत्ता पागल हो चुका था। जो भी उसे रास्ते में मिला उसने उसे ही काट लिया। भारतीय किसान यूनियन नेता मेवाराम ने बताया उन्होंने इस मामले की जानकारी एसडीएम को दे दी है। यदि जल्द कुत्ते को नहीं पकड़वाया गया तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने अपने कान की सर्जरी करवाये जाने की मांग की है।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते हुआ बड़ा हादसा

## करीब एक दर्जन कारें और अन्य वाहन आपस में टकराएं, हादसे में कई ड्राइवर और कार सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में सुबह के समय कम दृश्यता के कारण करीब एक दर्जन कारें और अन्य वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में कई ड्राइवर और कार सवारों को चोटें आई हैं, जिन्हें मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस और हाईवे अथॉरिटी की टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कारों और ट्रकों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने वाहन चालकों से कोहरे में धीमी गति, सुरक्षित दूरी और फॉग लाइट के प्रयोग की अपील की है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। मामला दिल्ली देहरादून कॉरिडोर पर पाठशाला चौकी के समीप का है जहां आधा दर्जन से अधिक वहां एक दूसरे से कम विजुअलिटी होने के चलते टकरा गए और पीछे से आ रहे वाहन चालक लगातार क्षतिग्रस्त वाहनों से टकराकर घायल हो गए जिसमें 12 से अधिक वाहन चालक वाहनों में सवार लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे खड़ा कर कर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया है।

वहीं हादसे के दौरान यातायात व्यवस्था भी ठप हो गई और मौके पर पहुंचे हाईवे अधिकारी और पुलिस टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे खड़ा कर कर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।







# विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजित, एकता और जागरूकता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में एक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत एवं हिन्दू समाज के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना और उनमें सामाजिक व सांस्कृतिक जागरूकता पैदा करना रहा।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर भैया दास महाराज उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रजघाट पीठाधीश्वर श्री श्री1008 स्वामी जलेश्वर आनंद गिरि महाराज ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। मंच से वक्ताओं ने हिन्दू समाज की एकता, संगठन और जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर भैया दास महाराज ने अपने संबा. ेधन में कहा कि हिन्दू समाज लंबे समय से जाति-पाति में बंटा रहा है, जिससे उसकी एकजुटता कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि जातिगत विभाजन के कारण हिन्दुओं का शोषण और हनन होता रहा है। अब समय आ गया है कि सभी हिन्दू जाति-पाति से ऊपर उठकर एक होकर रहें और स्वयं को केवल हिन्दू के रूप में पहचानें। विशिष्ट अतिथि स्वामी जलेश्वर आनंद गिरि महाराज ने भी हिन्दू समाज को संगठित रहने का संदेश देते हुए कहा कि एकजुट समाज ही अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा कर सकता है। सम्मेलन के माध्यम से हिन्दू समाज को जागृत करने का प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया तथा हिन्दू एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।



# शास्त्र पढ़ने से ज्ञान की होती है वृद्धिः विमर्श सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज अजितनाथ सभागार मंडी बड़ौत में धर्मसभा के मध्य आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि शास्त्र पढ़ने से ज्ञान की वृद्धि होती है और सन्त समागम से अज्ञान का नाश होता है। अज्ञान का नाश होने के उपरान्त व्यक्ति आचरण को अंग. ीकार कर लेता है। इसलिए जैन दर्शन में आचार्य उसी को माना गया है, जो ज्ञान व आचरण दोनों से युक्त है। जो मात्र ज्ञान को ही मिथ्यात्व व संसार को हटाने वाला मानता है। उसकी बुद्धि उल्लू के समान होती है। जैसे उल्लू सूर्य के प्रकाश को अंधकार का कारण मानता है। उसी प्रकार तथाकथित ज्ञान सन्त के समागम को अज्ञान की वृद्धि मानता है और शस्त्र अध्ययन को केवलज्ञान का दाता मानता है। आचार्य श्री ने कहा कि महावीर का मार्ग संकल्प का मार्ग है। उन्होंने आचार्य की गुरू गरिमा रूप उपमाओं का विश्लेषण करते हुए बतलाया कि साधू सिंह या पराक्रमी होता है। जैसे सिंघो का संगठन नहीं होता, उसी प्रकार साधु का भी संगठन नहीं होता। सिंह मरना स्वीकार कर लेता है पर घास खाना नहीं। उसी प्रकार साध समाधि स्वीकार कर लेता है पर मिथ्यात्व का सेवन नहीं। सभा में महेंद्र जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, संजीव जैन, वकील चंद जैन, मदन जैन, जितेंद्र जैन, सतीश जैन आदि उपस्थित रहे।



# दस्तावेज लेखक एसोसिएशन शाखा की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में दस्तावेज एडवोकेट धीर सिंह तोमर के चेंबर पर दस्तावेज लेखक एसोसिएशन शाखा बडौत की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष पद पर सुरेश पाल तोमर एवं रामवीर सिंह अनिल कुमार के नाम सहमति जताई गई। कोषाध्यक्ष पद पर कृष्ण पाल सिंह एवं सूरजबल महामंत्री पद के लिए राकेश कुमार व उपाध्यक्ष पद पर प्रवेश कुमार के नाम की घोषणा की गई। बैठक में सुरेश पाल तोमर शकील अब्बासी एडवोकेट धीरज पाल तोमर संदीप कुमार धिरसिह रामवीर सिंह प्रवेश कुमार अश्वनी शर्मा आदि बैठक में मौजूद रहे। संचालन प्रवेश कुमार ने किया। अध्यक्षता सुरेश पाल तोमर ने की सभी दस्तावेज लेखकों ने जल्द चुनाव कराने की घोषणा की। इस मौके पर एडवोकेट धिर सिंह तोमर ने कहा कि दस्तावेज लेखकों का चुनाव बड़े शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। सभी दस्तावेज लेखक इस चुनाव में अपनी भूमिका निभाने का काम करें।



## एक नजर

### जनपद में हर मतदान बूथ पर विशेष ड्राइव आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को जनपद में हर मतदान बूथ पर विशेष ड्राइव आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम दर्ज करना और मतदाता सूची को शुद्ध बनाना था। प्रत्येक बूथ पर बीएलओ मौजूद रहे, जहां लोगों ने अपना नाम वोटर लिस्ट में खुद जांचा, नाम नहीं होने पर फॉर्म-6 भरकर नया वोटर बने, नाम, पता या उम्र में गलती होने पर फॉर्म-8 से तुरंत सुधार करवाया, और अगर किसी का नाम हटवाना था तो फॉर्म-7 भी वहीं मिला। ग्राम निवाड़ा में युवा कल्याण विभाग से संबद्ध युवक मंगल दल के स्वयंसेवकों ताहिर अब्बास, इनाम उल हसन, सपा नेता डा सगीर राणा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया और लोगों की सहायता की गई। इस अभियान के माध्यम से लोगों को अपने मतदाता अधिकार के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अपने नजदीकी बूथ पर जाकर अपना नाम जांचने और जरूरत हो तो तुरंत सुधार कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव थानपुर के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। टक्कर के बाद कार चालक मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को अपनी कार से बरेली अस्पताल ले गया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के शहर रुद्रपुर के दिनेश पुर निवासी पवन कुमार रविवार को किसी काम से बाइक के द्वारा बरेली जा रहे थे।दोपहर के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के गांव थानपुर के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही अनियंत्रित कार की चपेट में आकर वह गंभीर घायल हो गए।प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक रुककर घायल पवन कुमार को अपनी कार से बरेली अस्पताल ले गया। जहां इलाज के दौरान युवक की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### गांव कुरतरा के प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ ने दी मतदाता सूची की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार को गांव कुरतरा के प्राथमिक स्कूल में लगाया गए मतदाता बूथ 400 ,401 ,402 ,403 का जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिंह ने निरीक्षण कें दौरान बीएलओ से ली जानकारी। बीएलओ सुमन गंगवार, सृष्टि गंगवार, राकेश बाल्मीकि,सुजाता सागर ने उन्हें बताया रविवार को चारों बूथ पर करीब 7 लोगों ने नाम संशोधन और करीब 80 लोगों ने नए वोट बनाने के लिए आवेदन किए है। बताया अगले 6 फरवरी तक यह कार्य चलेगा।तेजेश्वरी सिंह ने बीएलओ और शक्ति संयोजक उमेश कुमार साहू से अधिक से अधिक पात्र वोट बनवाने की अपील की।जिससे हर कोई अपने मत के अधिकार का प्रयोग कर सके।

### महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का हुआ अनावरण

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव रसूला चौधरी में शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का अनावरण क्षेत्रीय विधायक माननीय डॉ. डी.सी. वर्मा के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक प्रति. निधि संजय चौहान, ग्राम प्रधान लालता प्रसाद, पूर्व प्रधान वेदपाल सिंह ,सभासद धर्मेंद्र सिंह, मोनू, गन्ना समिति अध्यक्ष तेजपाल सिंह गंगवार जी, अबोध सिंह, गौरव मिश्रा, बबलू गंगवार, रंजीत दिवाकर और आपका भाई सचिन चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

**न्यायालय श्रीमान अति.स्थाई न्यायालय मुजफ्फरनगर**

विविध वाद सं. 5533 सन 2025

जैन गर्ल्स इण्टर कालेज बसेडा बनाम उ.प्र.सरकार आदि .... बनाम

1-श्रीमति संतोष पत्नी केशोराम निवासी ग्राम भूड बराल, जिला मेरठ। 2-श्रीमति निर्मेष पत्नी सीताराम निवासी 29 सी एच, पल्लवपुरम शहर मेरठ 3-श्रीमति पूनम उर्फ कविता माहेश्वरी पत्नी सुशील कुमार निवासी मौहम्मदपुर देवपुरम जिला बिजनौर। -विपक्षीगण / प्रतिवादीगण मौजा-बसेडा प्रथम

चूँकि उपरिनामांकित वाद अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय मे उक्त विविध वाद/प्रार्थनापत्र नम्बर साबिक प्रस्तुत कर रखा है, विचाराधीन है अत: एव आपको एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतू संदर्शित करने के लिये 2026 के 1 के 21 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वंय या सम्यक रूपक अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और निर्णीत कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2026 के 1 के 13 दिवस को निकाली गयी। न्यायालय अति.स्थाई न्यायालय मुजफ्फरनगर

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं 18 वर्ष के नागरिक का फॉर्म-6 भरकर बनाया मतदाता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल ने रविवार को जनपद में मतदाता सूची पठन कार्यक्रम के दौरान स्वयं अपने हाथों से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके एक नागरिक का फॉर्म-6 भरकर उसे मतदाता के रूप में पंजीकृत किया।

जिलाधिकारी की इस पहल ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता बनना उसका संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवयुवकों से अपील की कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिक. ारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में आज 18 जनवरी को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का पठन कर नागरिकों को सुनाया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया तथा स्वयं नागरिकों के आवेदन पत्रों में पाई गई त्रुटियों को ठीक कराया। उन्होंने मौके पर उपलब्ध फार्म-6, 7 एवं 8 के माध्यम से मतदाता नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ERO), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिका. रियों (AERO), बीएलओ सुप. रवाइजर एवं अन्य संबंधित कर्मियों के कार्यों की समीक्षा की तथा भ्रमण कर पूरे कार्यक्रम की सतत निगरानी की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा सभी कार्य पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं।



# पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना खेकड़ा पुलिस ने टयूबवेल से सामान चोरी की दो अलग-अलग शिकायतों का सफल अनावरण करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार पहली शिकायत 17 दिसंबर 2025 को संजय धामा पुत्र केहर सिंह, निवासी खेकड़ा द्वारा दर्ज कराई गई थी, जबकि दूसरी शिकायत सुंदर पुत्र अतर सिंह, निवासी खेकड़ा ने दी थी। दोनों ही मामलों में टयूबवेल से सामान चोरी किए जाने का उल्लेख था। इन शिकायतों के आधार पर थाना खेकड़ा पर बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने इन दोनों मामलो में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से टयूबवेल से चोरी किया गया सामान बरामद किया गया, जिसमें 03 कट-आउट (टूटे हुए), 01 प्लास, 01 पाना तथा करीब 20 किलोग्राम कटी हुई केबल शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अरसालान उर्फ हरसलान पुत्र इम्तियाज, निवासी लाइनपार प्रेमपुरी कस्बा व थाना खेकड़ा, जावेद पुत्र बल्लू, निवासी वार्ड नंबर 07 शेखपुरा, आकिल उर्फ ढोलू पुत्र हाजी हसन, निवासी वार्ड नंबर 17 शेखपुरा तथा धर्मेंद्र उर्फ रोहित पुत्र हरपाल, निवासी वार्ड नंबर 17 मोहल्ला शेखपुरा कस्बा व थाना खेकड़ा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार चारों अभियुक्तों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा में बीएनएस की वृद्धि की गई है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# संगठन को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं से किया आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** कैडवा गांव में रविवार को आजाद समाज पार्टी का सदस्यता कार्यक्रम एवं कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन जन में प्रचारित कर संगठन को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं से आहवान किया।

रवि सिंह के आवास पर हुए सम्मेलन में मुख्य अतिथि मेरठ मंडल सह प्रभारी डा.इमरान मलिक ने कहा कि आसपा समाज के गरीब, पिछड़े व वंचितों की हितैषी है। पार्टी अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर एडवोकेट समाज के सब वर्गो को साथ लेकर चलने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन जन तक पहुंचने का आहवान किया। जिला प्रभारी रणबीर देशवाल ने कहा कि समाज के दबे कुचले लोगों का शोषण न हो इसके लिए सांसद चंद्रशेखर आजाद कार्य कर रहे हैं। महासचिव राहुल एडवोकेट, सचिव राधे आर्य, प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह, विकास मौर्य व प्रताप सिंह ने विचार रखे। अनिल शंकर चौधरी के संचालन में हुए सम्मेलन में संयोजक रोकी सिंह, जयकरण, अनिल प्रधान, सईद प्रधान व कमल कुमार ने भी संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।



# कैंडल मार्च कर दी सोनू कश्यप का श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में रविवार को महर्षि कश्यप सेवा ट्रस्ट द्वारा नगर के कोताना रोड पर बैठक करके सोनू कश्यप को श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल मार्च निकाला मेरठ में हुए सोनू हत्याकांड को पर गहरा दुख प्रकट किया गया। इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा कैंडल मार्च में वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट दीपक शर्मा ने कहा कि सोनू कश्यप की हत्या साजिश के तहत की गई है। उन्होंने श्रद्धांजलि सभा के दौरान हत्याकांड की निंदा की श्रद्धांजलि सभा से पूर्व कोतवाली प्रभारी बडौत मनोज कुमार चाहल पुलिसफोर्स के साथ दीपक शर्मा एडवोकेट के कार्यालय पर पहुंचे उन्होंने कैंडल मार्च निक. ालने से मना कर दिया तो लोगों ने वही 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च कार्यालय पर ही निकाला। सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए कामना की। इस मौके पर रविंद्र कश्यप रमेश कश्यप आजाद कश्यप राजकुमार कश्यप प्रवीण कश्यप जितेंद्र कश्यप राधिका कश्यप बाबूराम कश्यप वीरेंद्र स्वामी हेमचंद जैन नकुल शर्मा सुनील पहलवान अनिल कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।



# विजेता खिलाड़ियों का समाजसेवी ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** यूपी के एल व नैशनल खिलाड़ियों का किया गया भव्य स्वागत नोएडा में चल रही यूपी के एल लीग द्वर्तीय सीजन में काशी किंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ द्वारा बताया गया कि इस टीम के ओरनर कुलवंत बालियान और टीम कोच नरेन्द्र सिंह जिला कबड्डी सचिव बागपत व विजेता खिलाड़ी यूपी के एल काशी किंग ने लखनऊ लायंस को 38 - 32 के कड़े स्कोर के साथ रोमांच मुकाबले के साथ फाइनल का खिताब हासिल किया जिसमें सुमित तोमर मलकपुर, विक्रांत तोमर मलकपुर, लक्ष्य तोमर बिज़रोल का ढोल नगाड़ों के साथ शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत में भव्य स्वागत किया गया। साथ ही साथ यूपी टीम से तेलांगना में चल रहे राष्ट्रीय स्तर अंडर 17 (नैशनल) पर यूपी टीम ने राजस्थान के साथ फाइनल मुक. ाबला खेल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें बागपत जिले के शुभम राजपूत गांव बिलौचपुरा को बेस्ट रेडर के रूप में चुना गया व विजय कुमार मलकपुर का भी अच्छा प्रदर्शन रहा व वंश तोमर बड़ौली, विजय कुमार शर्मा ने भी उत्तराखंड टीम से प्रतिभाग कर अपना अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिश तोमर वाजिदपुर ने भी अंडर 19 में हरियाणा में चल रही राष्ट्रीय स्तर (नैशनल) पर अपना अच्छा प्रदर्शन किया। इन सभी खिलाड़ियों ओर कोच का शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत में ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन डा. महताब अली पुट्ठी ने फीता काटकर किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रंजन तोमर पुत्र डा. अजय तोमर पूर्व विधायक छपरौली विधानसभा, एडवोकेट जयवीर सिंह तोमर ,ऋषिपाल प्रधान , डा. गौरव बड़ौत , बृजपाल चौधरी , नरसिंह गुराना ने अपना आशीर्वाद विजेता खिलाड़ीयो को दिया जिसमें एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, शौकेंद्र सिंह उर्फ काला, वीरेंद्र मास्टर , सोनू प्रधान , सतेंद्र बरवाला CISF, ऋषि प्रधान पुट्ठी, लाखन सिंह उर्फ काला, अजयवीर सिंह वेदवान सुनील ककोर, राकेश सिंह सुमित तोमर, दीपक तोमर , प्रदीप उर्फ छोटू, आदि उपस्थित रहे।



# 27 जनवरी को पूरनपुर में होगा भव्य हिन्दू सम्मेलन

'kkg VkbEl loknnkrk ijuijA

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरे देश भर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य जातिगत भेदभाव भूलाकर सामाजिक समरसता, एकता तथा सामा. जिक चेतना की भावना का निर्माण करना है, इसी कड़ी में नगर पूरनपुर में 27 जनवरी दिन मंगलवार को विराट श्री राम जानकी हिंदू सम्मेलन का आयोजन होना तय हुआ है जिससे पूर्व जन जागरण हेतु 21 जनवरी दिन बुधवार को विशाल बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा।

जो कि पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस आसाम रोड से प्रारंभ होकर कोतवाली रोड होते हुए, ब्लाक चौराहा,स्टेशन चौराहा से तिरंगा चौक से पकड़िया, बंडा रोड घुंघचिहाई चौराहा होते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर समापन के होगा। आयोजकों ने हिंदू जनमानस से अनुरोध है अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में महामंडलेश्वर भैया दास जी महाराज श्री बालाजी धाम आश्रम दिल्ली बागपत रोड वाले उपस्थित रहेंगे।

# 20 मोबाइल फोन बरामद, दो स्नेचर गिरफ्तार

## ■ पुलिस ने एक बाल अपराधी को भी पकड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** ई-रिक्शा पर बैठी सवारियों और राहगीरों का मोबाइल झपटकर फरार होने वाले बाइक सवार तीन बदमाशों को सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। इनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल होने वाली बाइक, लूट और चोरी के 20 मोबाइल, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात सेक्टर-39 थाने की पुलिस बोटेनिकल मेट्रो स्टेशन के सामने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से टीम को सूचना दी कि थानाक्षेत्र स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे तीन युवक बाइक लेकर खड़े हैं। सभी लूट के मोबाइल को बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों को देखते ही बाइक सवार तीनों संदिग्ध भागने लगे। टीम ने पीछा कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों ही शातिर मोबाइल लुटेरे हैं। बदमाशों की पहचान सदरपुर के खजूर कॉलोनी निवासी अर्जुन कुमार और सेक्टर-128 स्थित सुल्तानपुर गांव निवासी रोबिन त्यागी के रूप में हुई है। एक अन्य आरोपी के नाबालिग होने के कारण पुलिस की ओर से उसकी पहचान को उजागर नहीं की गई है। नाबालिग छलेरा गांव का रहने वाला है। 22 वर्षीय अर्जुन और 28 वर्षीय रोबिन का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। बरामद मोबाइल में कई की लूट शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्र में की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लूट का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए वह अपने पास तमंचा रखते हैं। कई बार तीनों वारदात के दौरान राहगीरों को धक्का देकर घायल भी कर देते हैं। लूट के मोबाइल को बेचकर बदमाशों ने दो हजार रुपये की नगदी भी अर्जित की थी। इसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

**राहगीरों को ही सस्ते दाम पर बेचते थे लूटा हुआ मोबाइल:** अर्जुन ने बताया कि लूट के मोबाइल को बेचने का जिम्मा नाबालिग का होता है। वह राहगीरों खास तौर पर कबाड़ियों को चोरी और लूट के मोबाइल बेचता है। अगर किसी मोबाइल की मूल कीमत 50 हजार रुपये के आसपास होती है तो आरोपी उसे महज छह हजार रुपये में बेच देते हैं। अन्य मोबाइल को भी बेहद कम दामों में बेचा जाता है। बेचने के दौरान आरोपी लोगों को बताते हैं कि उनके परिवार का एक सदस्य बीमार है। उसका उपचार कराने के लिए मोबाइल समेत अन्य सामान बेचना पड़ रहा है। ऐसे में राहगीर आरोपियों की बातों को सच मानकर मोबाइल खरीद लेते हैं।

**बाइक का नंबर प्लेट बदलकर वारदात करते थे:** दबोचे गए आरोपी ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है। तीनों ने महज पांचवीं तक की पढ़ाई की हुई है। मोबाइल लूट को ही गिरोह के सदस्यों ने अपना पेशा बना लिया है। बताया जा रहा है कि अर्जुन पूर्व में भी जेल जा चुका है। सबसे पहले आरोपी रोबिन त्यागी ने वारदात करनी शुरू की। बाद में उसने अर्जुन और नाबालिग को अपने साथ लिया। वारदात में जिस बाइक का इस्तेमाल करते थे, वह आरोपी अर्जुन के मामा की है। बीच में या पीछे बैठा बदमाश ही मोबाइल लूट की वारदात करता था। जब घटना करनी होती थी तो गिरोह के बदमाश बाइक की नंबर प्लेट बदल लेते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद सही नंबर प्लेट को फिर से लगा लिया जाता था।

**तीन साल पहले नौकरी करने आया था आरोपी:** अर्जुन मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला है। करीब तीन साल पहले वह नौकरी करने नोएडा आया था। बाद में उसने अपराध का रास्ता चुन लिया। तीनों ही आरोपियों के परिजनों को उनके द्वारा किए जा रहे अपराधों की जानकारी दे दी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी दी है। पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपी को तमंचा कहां से मिला इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। दबोचे गए आरोपी नशे के आदी भी बताए जा रहे हैं।

# ग्रेनो में सफाई व्यवस्था सुधरने के लिए सर्वेक्षण होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** एकीकृत सफाई व्यवस्था के तहत ग्रेटर नोएडा में सड़कों की मैनुअल और मशीन से सफाई के साथ घर- घर से कचरा उठाने की योजना में रुचि दिखाने वाली अनुभवी कंपनियां इलाके का सर्वेक्षण करने के बाद ही अपना सुझाव देंगी। स्थलीय निरीक्षण से कार्य की अनुमानित लागत का आकलन भी करेंगी। निविदा जारी करने से पूर्व बीते दिनों हुई बैठक में कंपनियों ने इसके लिए प्राधिकरण से दो सप्ताह का समय मांगा है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सफाई की नई व्यवस्था लागू करने के लिए सक्षम फर्मों यानी कंपनियों की तरफ से दिए गए सुझावों और अनुमानित लागत का आकलन करने के बाद निविदा जारी की जाएगी।

> ग्रेनो सेंट्रल-ईस्ट क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए निविदा जारी करने से पूर्व सक्षम कंपनियों के साथ बैठक की गई। कंपनियों ने सुझाव देने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। सुझाव मिलने के बाद निविदा जारी की जाएगी।
>
> **-रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

उम्मीद है कि यह प्रक्रिया अगले एक से दो माह के अंदर पूरी कर ली जाएगी। प्रथम चरण में ग्रेटर नोएडा सेंट्रल और ग्रेटर नोएडा ईस्ट के लिए कंपनी का चयन किया जाएगा। इसे तीन जोनों में बांटा गया है। जोन- 3,4 और 5 में सेक्टरों के साथ सूरजपुर-कासना मार्ग, 105 मीटर चौड़ी सड़क और नोएडा एक्सप्रेसवे के हिस्से को भी शामिल किया गया है। इस इलाके में वर्तमान में काम कर रही एजेंसी का समय पूरा होने वाला है। दरअसल, एकीकृत सफाई व्यवस्था के तहत एक अनुभवी कंपनी की तलाश के लिए प्राधिकरण ने करीब दो साल पहले 242 करोड़ रुपये की निविदा जारी की थी। पांच साल के लिए कंपनी का चयन किया जाना था। कंपनी द्वारा निविदा राशि 242 करोड़ रुपये से अधिक लगभग 350 करोड़ रुपये की मांग की जा रही थी। इसके चलते बात नहीं बन पाई। इस बार प्राधिकरण निविदा जारी करने में काफी सावधानी बरत रहा है।

बता दें कि शहर की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी लगभग 2000 कर्मियों पर है। पांच कंपनियां जिम्मेदारी संभाल रही हैं। व्यवस्था को दुरुस्त करना बड़ी चुनौती ग्रेटर नोएडा की साफ-सफाई के मामले में अपनी एक अलग पहचान थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से स्थिति खराब हो गई है। नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होती। सेक्टर के लोग आए दिन शिकायत करते रहते हैं। लोगों का कहना है कि इसकी मुख्य वजह गैर अनुभवी लोगों के पास सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी होना है। साथ ही अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कंपनी है। नई व्यवस्था के तहत एक ही कंपनी सफाई से जुड़ा सारा काम देखेगी।

# हंगामे की भेंट में चढ़ गई जीबीएम: एओए पर दस्तावेज न दिखाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स एवं किंग्सवुड सोसाइटी में रविवार को जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) का आयोजन किया गया। जीबीएम में एओए व निवासी आमने-सामने आ गए। निवासियों का आरोप है कि एओए की ओर से निवासियों के साथ गलत व्यवहार किया गया। निवासियों ने मेंटेनेंस व सुरक्षा के लिए चयनित एजेंसी में घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने एओए पर दस्तावेज भी नहीं दिखाने का आरोप लगाया है। वहीं एओए की ओर से सारे आरोपों का खंडन किया गया है।

निवासियों ने बताया कि जीबीएम के दौरान पर एओए से जब एजेंसी के चयन की प्रकिया के बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बाते बनाना शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि हाल ही में पास किए गए एफएमएस टेंडर का पूरा विवरण लोगों को नहीं दिया जा रहा है। टेंडर में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये प्रति माह की एजेंसी को नियुक्त किया गया है। जबकि कम रेट में अन्य एजेंसी काम करने को तैयार थी। उसके बाद भी 5,806 फ्लैट्स में रहने वाले निवासियों के पैसों को बर्बाद किया गया। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

आरोप है कि निवासियों द्वारा पिछली जीबीएम में लिए गए निर्णयों और उनके अनुपालन की जानकारी मांगे जाने पर एओए पदाधिकारी कोई स्पष्ट जवाब देने में असफल रहे। लगभग चार महीने बाद बुलाई गई इस जीबीएम में निवासियों के कई गंभीर और महत्वपूर्ण सवाल थे, लेकिन उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया गया और माइक तक देने से इनकार कर दिया गया। निवासियों के विरोध के बाद एओए के सभी मेंबर्स बिना किसी औपचारिक समापन या निर्णय के जीबीएम छोड़कर चले गए। इसके पश्चात जीबीएम में उपस्थित सभी निवासियों ने सर्वसम्मति से हस्ताक्षर कर एओए को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का प्रस्ताव पारित किया।

**निवासियों को चोर कहने पर भड़का गुस्सा:** बैठक में मौजूद निवासियों का आरोप है कि एओए की ओर से आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें चोर कहा गया। इसके साथ ही कहा गया कि निवासी दस्तावेज लेकर भाग सकते हैं। इस बयान से वहां मौजूद निवासी भड़क गए। जिसके बाद काफी देर तक सोसाइटी में एओए के खिलाफ नारेबाजी की गई।

# इंटरनेशनल साइबर क्राइम का पर्दाफाश

## ■ बेटिंग ऐप के जरिए करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह अपराधी कॉल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन बेटिंग ऐप पर पैसे लगवाकर ठगी करता था। आरोपी की पहचान नेपाल निवासी अनूप श्रेष्ठ के रूप में हुई है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त गोपनीय इनपुट के आधार पर रविवार को थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी सेक्टर-1, नोएडा स्थित MIR PEGASIS CONNECT PVT LTD कंपनी के द्वितीय तल पर 1XBET ऑनलाइन बेटिंग ऐप का अवैध कॉल सेंटर संचालित कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 01 सर्वर, 04 कंप्यूटर सीपीयू, 03 राउटर, 10 पीएनटी फोन, 01 अंग्रेजी/रूसी भाषा का की-बोर्ड और 01 सैमसंग मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी और कंपनी के मालिकों द्वारा अब तक करोड़ों रुपये की ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों की जानकारी जुटाई रही है।

एडीसीपी शेव्या गोयल ने बताया कि 1XBET ऑनलाइन बेटिंग से संबंधित एक मामला जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर साइबर थाने में दर्ज हुआ था। इसकी जानकारी i4C के माध्यम से नोएडा पुलिस को दी गई थी। i4C की तकनीकी-कानूनी सहायता से ऑफिस को ट्रेस कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी भारत में प्रतिबंधित ऑनलाइन बेटिंग ऐप के जरिए भारतीय नागरिकों को जुआ खेलने के लिए प्रेरित करता था। वह ग्राहकों के पैसे जमा/निकासी के लिए टेक सपोर्ट के नाम पर ठगी करता था। ये पैसे कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित MULE ACCOUNT में लिए जाते थे और फिर मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए जाते थे, जिससे भारत सरकार के राजस्व को नुकसान होता था।

**पूरा काम ऑनलाइन सर्वर पर किया जा रहा था:** बरामद सर्वर सीपीयू में ठगी से संबंधित डेटा मौजूद है। 1XBET ऐप के संबंध में भारत के विभिन्न राज्यों में कई मुकदमे दर्ज हैं। यह एक सत्यापित ऐप नहीं है, बल्कि एक थर्ड पार्टी ऐप है जिसे एपीके फाइल के माध्यम से ब्राउजर से डाउनलोड कर इस्तेमाल किया जाता है। MIR PEGASIS CONNECT PVT LTD के PT FABLE TECHNOLOGY NUSANTARA साथ एग्रीमेंट की आड़ मे 1XBET को टेक सपोर्ट देने भारत में प्रतिबन्धित ऑनलाइन बेटिंग ऐप की गतिविधि को प्रमोट एवं संचालित किया जा रहा है। जिसका पूरा कार्य ऑनलाइन सर्वर के माध्यम से किया जा रहा है।

आरोपी मई 2022 के अन्तिम सप्ताह में नेपाल से दिल्ली आया और उसके बाद में दिल्ली से मास्को (रूस) चला गया। जहाँ आरोपी ने ऑनलाइन प्लेटफार्म HSRU पर जॉब सर्च की, जिसके बाद कॉल सेंटर से ऑपरेटर की जॉब के लिए कॉल आया तो आरोपी 1XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी के ऑफिस पहुँचा।

जहां 1XBET ऑनलाइन बेटिंग के काम के सम्बन्ध में अच्छी जानकारी होने पर आरोपी नवम्बर 2022 से मास्को रूस में स्थित 1XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी में करीब ढाई वर्ष तक काम किया। इसके बाद 1XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी की रसियन ऑफिसर लीजा ने आरोपी को दिल्ली भेज दिया।

फिर आरोपी जून 2025 को मास्को से इंडिया आ गया। 1XBET कम्पनी द्वारा पहले आरोपी को REDDY APP की आईडी प्रोवाइड कराकर इंडिया भेजा गया था, दिल्ली (इंडिया) आने के बाद आरोपी को कम्पनी वालो ने REDDY APP के माध्यम से सम्पर्क किया और खुद को दिल्ली के 1XBET कम्पनी का डॉयरेक्टर बताया तथा आरोपी उक्त कम्पनी में काम करने लगा।

## एक नजर

### दादरी और बुलंदशहर रूट पर मेट्रो की मांग

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के शहरों में आबादी तेजी से बढ़ रही है। लोगों के सुगम आवागमन के लिए गाजियाबाद-दादरी व बुलंदशहर रूट पर मेट्रो के संचालन की मांग की गई है। इस संबंध में आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉ॰ आनंद आर्य ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। डॉ॰ आनंद आर्य का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में बहुत तेजी से मेट्रो का जाल फैल रहा है, जो कि यहां कि बढ़ती आबादी और प्रगति के लिए बेहद जरूरी है। संस्था की मांग है कि जो क्षेत्र मेट्रो सेवा से वंचित है, वहां के लिए भी योजना बनाई जाए। विशेष तौर पर गाजियाबाद- दादरी- सिकंद्राबाद और बुलंदशहर रूट पर बढ़ती आबादी के कारण मेट्रो आवश्यक है। ताकि सबका साथ सबका विकास के नारे की तर्ज पर इस रूट के आसपास की लगभग 50 लाख की आबादी को परिवहन की बेहतर सुविधा मिल सके।

### सेक्टर-63 की बिल्डिंग में आग, मचा हड़कंप, दमकल की दो गाड़ियों ने पाया काबू



**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा के सेक्टर-63 स्थित एक ऑफिस बिल्डिंग में आग लगने की घटना सामने आई। आग बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल पर लगी थी, जिसे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार, आग लगने की घटना सुबह लगभग 6:01 बजे सेक्टर-63 स्थित ई-143 नंबर की ऑफिस बिल्डिंग में हुई। आग की लपटें तेजी से फैलीं, जिससे बिल्डिंग के निचले दो तलों को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, समय रहते दमकल विभाग को सूचित कर दिया गया था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर रवाना हो गईं। अग्निशमन कर्मियों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने का कार्य शुरू किया। उन्होंने आग को बिल्डिंग के अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए। लगभग दो गाड़ियों की मदद से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।

### डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन के लिए महापंचायत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-115 स्थित सोरखा खेल मैदान में रविवार को भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में डूब क्षेत्र की 40 कॉलोनियों के लोगों ने बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर महापंचायत की। पंचायत में भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खिलाफ ने कहा कि जिले में रहने वाले हर निवासी को बिजली आपूर्ति देने की विद्युत निगम की जिम्मेदारी है। डूब क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोग बिजली आपूर्ति से वंचित है। ठेकेदारों द्वारा मनमाने तरह से आपूर्ति दी जा रही है। इसके लिए लोगों को भारी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आठ फरवरी तक डूब क्षेत्र में कनेक्शन देने के लिए विद्युत निगम को समय दिया गया है। अन्यथा नौ फरवरी से सेक्टर-16 मुख्य अभियंता परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू दिया जाएगा। साथ ही एनटीपीसी दादरी और नोएडा प्राधिकरण से लंबित अधिकारों की लड़ाई के लिए आने वाले समय में चेतावनी ज्ञापित करते हुए धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। डूब क्षेत्र में जल्द बिजली कनेक्शन देने के लिए शहर के विधायक पंजक सिंह भी दो बार लिखित और कई बार मौखिक भी मांग कर चुके हैं। इस पर उन्हें जल्द बिजली कनेक्शन देने का आश्वासन भी मिला है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई।

# गड्ढे में गिरी कार, पिता के सामने बेटे की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में घने कोहरे ने एक साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की जान ले ली। वो अपनी ग्रैंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहा था। यहां एटीएस ले ग्रांड के पास कार नाले की दीवार को तोड़ते हुए आगे बने बेसमेंट में जा गिरी। ये बेसमेंट खाली प्लॉट में है। जिसमें 70 फीट तक नाले का पानी भरा हुआ था। युवराज की कार इसी में डूब गई। युवराज किसी तरह कार से बाहर निकला। फिर कार के ऊपर चढ़कर उसे मोबाइल फोन से पिता को सारी घटना बताई। पिता ने आनन-फानन डायल-112 पर सूचना दी। खुद भी मौके पर पहुंचे। कंट्रोल रूम से सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह मौके पर पहुंचे। नॉलेज पार्क फायर स्टेशन से दमकल कर्मी भी छोटी- बड़ी क्रेन के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान भी युवराज मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन 80 मिनट बाद युवराज की आवाज आना बंद हो गई। वो कार सहित डूब गया। रेस्क्यू टीम ने इंजीनियर को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। सुबह रेस्क्यू टीम ने युवराज के शव को बाहर निकाला।

**पूरे घटनाक्रम की टाइम लाइन:** 16 जनवरी की रात करीब 12 बजे युवराज मेहता (27) अपनी ग्रैंड विटारा कार से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहा था। सेक्टर-150 मोड़ पर युवराज की कार नाले की बाउंड्री को तोड़ते हुए खाली पड़े मॉल के बेसमेंट में गिर गई। बेसमेंट में 70 फीट तक पानी भरा हुआ था।

युवराज किसी तरह डूबती कार से बाहर निकला। फिर उसने कार के ऊपर चढ़कर 12 बजकर 20 मिनट पर पिता को मोबाइल फोन से सूचना दी। पिता ने तुरंत डायल 112 पर घटना की सूचना दर्ज कराई। सूचना मिलते ही 12 बजकर 50 मिनट पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची थीं। रात 1:15 बजे एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। इस समय तक घने कोहरे की वजह से युवराज की सिर्फ आवाजें ही सुनाई दे रही थी। युवराज करीब दो से ढाई घंटे तक चिल्लाता रहा कि कोई मुझे बचा लो। कार जल्दी ही डूब जाएगी। कोई मुझे बचा लो। लेकिन कोई उसकी मदद नहीं कर सकता। फिर पौने दो बजे के करीब बेसमेंट में भरे पानी में कार समेत युवराज डूब गया। उसकी आवाजें आना बंद हो गईं।

रात करीब 1:45 पर युवक बेसमेंट में डूब गया। 1:55 पर एनडीआरएफ की टीम भी गाजियाबाद से मौके पर पहुंची। सुबह के समय करीब 4:30 युवक के शव को बाहर निकाला गया।

**मौके पर मौजूद डिलीवरी बॉय बोला- मैं कूदा था:** घटना के चश्मदीद मुनेंद्र, जो एक डिलीवरी बॉय है। उसने बताया कि रात में डिलीवरी करते समय उन्होंने घटनास्थल पर भीड़ देखी। पुलिस भी मौजूद थी। एक लड़का मोबाइल की लाइट जलाकर मदद के लिए चिल्ला रहा था। लेकिन कोई भी व्यक्ति पानी में उतरने को तैयार नहीं हुआ। पुलिस ने भी पानी बहुत ठंडा और सरिया होने का हवाला देते हुए पानी में उतरने से इनकार कर दिया था। इसके बाद मैंने अपनी कमर पर रस्सी बांधकर पानी में उतरने का प्रयास किया। लेकिन अंधेरा और कोहरा होने के कारण मुझे कुछ भी दिखाई नहीं दिया। मैं सुबह करीब 5:30 बजे तक वहीं रहे, लेकिन तब तक युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर मौत केस: पिता ने दर्ज कराई शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 150 के पास बेसमेंट में भरे पानी में कार सहित डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के बाद पिता राज कुमार मेहता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने मामले में बिल्डर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

वहीं जिस जगह पर हादसा हुआ है। वहां 50 से अधिक सोसाइटी है। 20 से अधिक सोसाइटी में हजारों लोग रहते भी हैं। यहां कई जगह स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं। सड़क भी टूटी हुई हैं। लोगों ने एक से डेढ़ करोड़ रुपये खर्च दो और तीन बीएचके वाले फ्लैट ले रखे हैं। मगर सोसाइटी से निकलने वाले पानी के लिए उचित निकासी की व्यवस्था नहीं है। सोसाइटियों के पीछे से निकलने वाली हिंडन नदी में पानी छोड़ने पर मनाही है। इस कारण बिल्डर की ओर से कई सोसाइटियों से बिना शोधित किए ही पानी को खुले नाले और खाली प्लॉट में छोड़ा जाता है। घटना स्थल के पास पीछे जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं।

**नोएडा प्राधिकरण की उदासीनता पड़ी भारी:** पुलिस को दी तहरीर में राजकुमार मेहता ने कहा कि सेक्टर-150 के निवासियों द्वारा पहले भी नोएडा प्राधिकरण से कई बार नाले के आसपास मजबूत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर और साइन बोर्ड लगाने की मांग कर चुके हैं। बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे आए दिन हादसे होते हैं। लेकिन प्राधिकरण की उदासीनता के कारण सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। इसलिए मामले में संबंधित विभाग के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई हो। जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो सके।

**युवराज का हुआ अंतिम संस्कार:** शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने सफीपुर में नम आंखों से युवराज का अंतिम संस्कार किया। पिता, रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए। दोस्तों ने बताया कि युवराज मिलनसार और काम में बेहद अच्छा था। करीब एक साल से गुरुग्राम की कंपनी में काम कर रहे थे।

# महिलाओं ने स्टोर से 17 शर्ट चुराई

**नोएडा।** जीआईपी स्थित जोडियक स्टोर से महिलाएं 17 शर्ट चोरी कर फरार हो गईं। जब स्टोर की सीसीटीवी फुटेज चेक की गई तब जाकर घटना की जानकारी हुई। सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में गाजियाबाद निवासी रोहन कुमार ने बताया कि उनका जीआईपी मॉल में स्टोर है। इसी माह एक जनवरी को शाम पांच बजकर 49 मिनट पर तीन से चार अज्ञात महिलाओं स्टोर के अंदर दाखिल हुईं। अंदर मौजूद कर्मचारियों क ध्यान भटकाकर उन्होंने 17 शर्ट चोरी कर लिए। शिकायतकर्ता ने पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही है। इस मामले में अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। फुटेज के आधार पर महिलाओं की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में थाना इकोटेक-3 पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

दरअसल, शनिवार रात थाना ईकोटेक-3 पुलिस कच्ची सड़क के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने एक संदिग्ध अर्टिगा कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन कार सवार व्यक्ति नहीं रुके और तेज गति से भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया।

आगे रास्ता बंद होने पर कार सवार बदमाश गाड़ी से उतरकर भागे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए।

घायल बदमाशों की पहचान जियाउल्लाह उर्फ हैदर (निवासी ग्राम छोटा चन्दमोहन, थाना कुंडवाचौदपुर, जिला मोतिहारी, बिहार) और अमन गुप्ता (निवासी मोहल्ला बालकिशन अलीगंज, थाना अलीगंज, जिला एटा) के रूप में हुई है। उनका एक साथी नसीम अली उर्फ रियाज (निवासी ग्राम अर्जुनी सिमरई, थाना राजा का रामपुर, जिला एटा) को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

बदमाशों के कब्जे से एक अर्टिगा टैक्सी कार, तीन अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी और अन्य सामान बरामद हुआ है।

एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि दोनों घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि ये लोग आते-जाते व्यक्तियों और सवारियों को गाड़ी में बैठाकर उनके साथ पैसे और मोबाइल लूटने की वारदातों को अंजाम देते थे। इन बदमाशों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं और उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

# कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुत्याना गांव के पास सीआरपीएफ कैंप के पीछे स्थित कबाड़ के एक बड़े गोदाम में रविवार तड़के करीब चार बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में गोदाम में रखा लाखों रुपये का कबाड़ जलकर राख हो गया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को जानकारी दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका है कि किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगाई गई। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जिससे ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके। वहीं कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब



**मुंबई, वार्ता।** इथियोपियाई धावक टाडू अबाटे और एशी चेकोले ने रविवार को आयोजित हुई मुम्बई मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। अबाटे का यह चौथा अंतर्राष्ट्रीय फुल मैराथन खिताब है। उन्होंने 2:09:55 के समय के साथ पुरुष एलीट वर्ग में शीर्ष पर रहे। केन्या के लियोनार्ड लंगाट 2:10:10 के समय के साथ दूसरे स्थान, जबकि पिछले एडिशन के उपविजेता इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे ने 2:10:22 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

2023 के विश्व चैंपियन युगांडा के विक्टर किपलांगट 2:11:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में, एशी चेकोले ने टॉप स्थानों पर इथियोपियाई धावकों का दबदबा बनाया, उन्होंने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। किडसन एलेमा गेब्रेमेडिन 2:27:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर, गोज्जाम त्सेगाए एनएव 2:28:27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इथियोपिया की मदीना आर्मिनो, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रही थीं, 2:33:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय एलीट महिलाओं में, संजीवनी जाधव ने अपने मुंबई मैराथन डेब्यू में शीर्ष पर रही।

उन्होंने 2:48:58 का समय निकालकर निर्मबेन ठाकोर को खिताब की हैट्रिक बनाने से रोक दिया। ठाकोर 2:49:07 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सोनम ने 2:49:21 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में, कार्तिक करकेरा सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रहे, वे 2:19:55 के समय के साथ 2:20:00 से कम समय में दौड़ने वाले एकमात्र भारतीय बने। पूर्व चैंपियन अनीश थापा 2:20:08 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रदीप चौधरी ने 2:20:49 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: चीन के झांग पहले राउंड में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीन के सबसे सफल पुरुष खिलाड़ियों में से एक, झांग झिझेन रविवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दिन 18वीं सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से सीधे सेटों में हार गए। मार्गरेट कोर्ट एरिना में गर्म मौसम में, अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण रखा और दो घंटे और आठ मिनट में 6.3, 7.6 (0), 6.3 की जीत में 38 विनर्स लगाए। यह लगातार दूसरा साल था जब पूर्व विश्व नम्बर 31 झांग सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम में कोई मैच नहीं जीत पाए। दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे रैंक वाले खिलाड़ी सेरुंडोलो अब बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहर से खेलेंगे। सेरुंडोलो ने कहा, ष्मैंने आज बहुत अच्छा खेला, और मैं बहुत खुश हूं। यह साल शुरू करने का एक शानदार तरीका है।ष सेरुंडोलो कभी भी किसी मेजर के चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़े हैं। यह झांग के लिए निराशाजनक था।

# सोनमेज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेक्जेंड्रोवा को हराया



**मेलबर्न, वार्ता।** क्वालीफायर जेनेप सोनमेज ने खेल भावना, हॉट शॉट्स और आखिरकार तुर्की के इतिहास का एक हिस्सा पेश किया, जब वह तीसरे सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद नम्बर 11 सीड एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7.5, 4.6, 6.4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में जीत हासिल की।

23 साल की सोनमेज ने अपने करियर की दूसरी टॉप 20 जीत हासिल की (पिछले साल बीजिंग में क्लारा टौसन को हराने के बाद), और ओपन एरा में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैच जीतने वाली पहली तुर्की महिला बनीं। पिछले साल, वह कागला बुयुकाकके के बाद यहां मुख्य ड्रॉ में प्रतिस्पर्धा करने वाली दूसरी तुर्की महिला बनीं, जो 2017 में अपने एकमात्र मुख्य-ड्रॉ उपस्थिति में पहले राउंड में हार गई थीं। 2 घंटे, 37 मिनट का यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सोनमेज ने पहला सेट 5.2 से पीछे होने के बाद जीता, एक सेट प्वाइंट बचाया, और लगातार सात गेम जीते( वह दूसरा सेट 3-1 से आगे होने के बाद हार गईं क्योंकि एलेक्जेंड्रोवा ने अगले नौ में से आठ गेम जीते( लेकिन निर्णायक सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद, सोनमेज ने फिर से लय पकड़ी और आखिरी सात में से छह गेम जीते, एलेक्जेंड्रोवा के बैकहैंड नेट पर लगने के साथ ही उन्होंने अपना चौथा मैच प्वाइंट जीता। सोनमेज की तीसरे सेट में वापसी दिन के सबसे अच्छे प्वाइंट में से एक से शुरू हुई, जो रैली बनाने की एक मास्टरक्लास थी। जब एलेक्जेंड्रोवा 3-1, 15-30 पर सर्व कर रही थीं, तो सोनमेज ने एक शक्तिशाली एंगल्ड फोरहैंड से कोर्ट खोला। उसने एलेक्जेंड्रोवा को ड्रॉप शॉट से नेट के पास खींचकर यह किया, और हालांकि एलेक्जेंड्रोवा ने अपने जवाब में अच्छी स्पीड बनाए रखी।

**खेल विशेष**

## ज्वेरेव ने धीमी शुरुआत के बाद दूसरे राउंड में जगह बनाई

**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रविवार को मेलबर्न में गैब्रियल डियालो के खिलाफ चार सेट की जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी धीमी शुरुआत पर काबू पाया। रॉड लेवर एरिना के सेंटर कोर्ट पर गर्म मौसम में, जर्मन खिलाड़ी ने 24 वर्षीय डियालो को दो घंटे और 43 मिनट में 6-7 (1), 6-1, 6-4, 6-2 से हराया। पिछले साल मेलबर्न पार्क में फाइनल में हारने वाले ज्वेरेव को तब थोड़ी घबराहट हुई जब वह पहले सेट के टाईब्रेक में संघर्ष कर रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने खुद को संभाला और अपने जाने-माने शक्तिशाली ग्राउंडस्ट्रोक से पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण कर लिया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने कहा, ष्पहला सेट मेरा सबसे अच्छा टेनिस नहीं था, लेकिन उसके बाद जब मैं मैच में आया, तो मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा और मैं निश्चित रूप से अपने खेल के स्तर से खुश हूं। ज्वेरेव की पहली बड़ी जीत की तलाश जारी रहेगी जब वह अगले मैच में ऑस्ट्रेलियाई एलेक्सी पोपीरिन या फ्रांस के अलेक्जेंडर मुलर से खेलेंगे।

## उस्मान सदात, महबूब खान के अर्धशतकों से अफगानिस्तान ने बनाए 262/6

**विडहोक, वार्ता।** उस्मान सदात (88) और कप्तान महबूब खान (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने रविवार को अंडर-19 विश्वकप के 11वें मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह विकेट पर 262 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। खालिद अहमदजई और उस्मान सदात की सलामी जोड़ी ने अफगानिस्तान को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 18वें ओवर में विटेल लॉज ने खालिद अहमजई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

# आईपीएल मैचों से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को सशर्त मंजूरी

**बेंगलुरु।** भले ही 4 जून, 2025 को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की यादें अभी भी ताजा हैं, लेकिन कर्नाटक सरकार ने इस जगह को इंटरनेशनल क्रिकेट मैच और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेजबानी के लिए सशर्त मंजूरी दे दी है।

गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने कहा कि यह फैसला कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन और उन पर रखे गए ष्भरोसेष पर आधारित है। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए, परमेश्वर ने कहा कि सरकार का फैसला कई निरीक्षणों और समिति की रिपोर्टों के बाद आया है, लेकिन यह भी माना कि सुरक्षा शर्तों का सख्ती से पालन करने की शर्त पर ही अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, ष्उन्होंने लिखित में दिया है कि वे शर्तों को पूरा करेंगे। हमने उन पर भरोसा किया है। गृह मंत्री ने कहा कि भगदड़ के बाद स्टेडियम का निरीक्षण करने और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करने के लिए जस्टिस कुन्हा समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, ष्समिति ने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें लागू करने के निर्देशों के साथ कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भेजा गया था। बाद में सिफारिशों की जांच के लिए एक कैबिनेट-स्तरीय समिति का गठन किया गया, जबकि महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक अलग समिति ने भी अनुपालन की स्थिति का अध्ययन किया। परमेश्वर ने कहा कि महेश्वर राव समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, और नई कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन समिति ने कहा है कि वह सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करेगी। यह देखते हुए कि आईपीएल मार्च में शुरू होने वाला है, परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट ने अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आईपीएल से पहले अल्पकालिक शर्तों को पूरा करना होगा। उसी के आधार पर, हमने शर्तों के अधीन अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुपालन की निगरानी करती रहेगी, खासकर प्रमुख सुरक्षा आवश्यकताओं के संबंध में। उन्होंने कहा कि हम देखेंगे कि वे एक और प्रमुख शर्त को भी पूरा करते हैं या नहीं, यह कहते हुए कि स्टेडियम में काम पहले ही शुरू हो चुका है।

# फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में हजारों हुए शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में आज केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने गुजरात में साइकिल चलाई।

वहीं कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी हैदराबाद में हुए कार्यक्रम में खिलाड़ियों पी गोपी. चंद, दीप्ति जीवनजी, ईशा सिंह के साथ विशेष मेहमान के तौर पर शामिल हुए। देश भर में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन आज सुबह कई जगहों पर पूरे जोश के साथ आयोजिंत किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने राजकोट के पास गोंडल में इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जबकि केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद में 1000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच कार्यक्रम की कमान संभाली।

डा. मनसुख मांडविया ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारत को फिट बनाने के लिए, हमें संडेज ऑन साइकिल में भाग लेना होगा। इस दौरान डा. मांडविया ने प्रतिभागियों से बात की और उनकी कहानियां सुनी। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि साइक्लिग सभी उम्र के लोगों के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। यह कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी मदद करती है। हम सभी को एक साथ आना चाहिए और रेग.ुलर साइक्लिग करनी चाहिए। मुझे इतने सारे लोगों के साथ साइकिल चलाने में मजा आता है, यह हम सभी को एक कम्युनिटी होने का एहसास देता है, जो बहुत जरूरी है। मैं पूरे देश के भारतीयों से अपील करता हूं कि वे हर रविवार को अपने शहर में किसी जगह पर इसमें शामिल हों। उन्होंने कहा कि कोई भी देश उतना ही मजबूत होता है जिंतने उसके नागरिक। अगर हमें अपने सपनों का विक.सित भारत बनाना है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर भारतीय अपनी सबसे अच्छी शारीरिक और मानसिक फिटनेस में हो ताकि हर कोई देश के विकास में योगदान दे सके। यही विजन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारे लिए है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजिंत देशव्यापी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन में खेल, संस्कृति और कम्युनिटी को एक यादगार नजारे में मिला दिया गया। दो लाख से अधिक जगहों पर 22 लाख से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया है। हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में, हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजिंत इस कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियां और खेल हस्तियां मौजूद थीं, जिंनमें केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी-किशन रेड्डी, तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव सेना रेड्डी, बैडमिंटन के दिग्गज, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता पुलेला गोपीचंद, अर्जुन पुरस्कार विजेता शूटर ईशा सिंह और पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता दीप्ति जीवनजी शामिल थे।

## इटली ने जेजे स्मट्स को अपनी टी-20 टीम में किया शामिल

**रोम।** पहली बार टी-20 विश्वकप में खेलने जा रही इटली ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जेजे स्मट्स को अपनी 15-सदस्ईय टीम में शामिल किया है। वेन मैडसेन टूर्नामेंट में इटली की टीम की कप्तानी करेंगे। क्वालिफायर के दौरान टीम की कप्तानी जो बर्न्स ने की थी, लेकिन पिछले साल के आखिर में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को कप्तान के पद से हटाकर टीम से बाहर कर दिया गया था। इटली की इस विश्व कप टीम में दो भाइयों की जोड़ी हैरी और बेंजामिन मैनेंटी, और एंथनी और जस्टिन मोस्का भी शामिल है। एमिलियो गे चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। टीम के मुख्य को जॉन डेविसन होंगे जबकि केविन आ ब्रायन और डौगी ब्राउन को असिस्टेंट कोच बनाया गया है। इटली को टी-20 विश्व के ग्रुप सी में बंगलादेश, इंग्लैंड, नेपाल और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टी-20 दल में फूलमाली व पाटिल की वापसी





**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज भारती फूलमाली ने 2019 के बाद पहली बार भारत की टी-20 टीम में वापसी की है। उनके साथ ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को भी फरवरी में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुना गया है। 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार वनडे टीम से बुलावा मिला है। ए दोनों खिलाड़ी पिछले साल दिसम्बर में श्रीलंका के खलिाफ खेलने वाली भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा थीं। काश्वी गौतम को वनडे दल में शामिल किया गया है,

जबकि भारत ने तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को बाहर कर दिया है। रेड्डी टी-20ष दल का हिस्सा हैं, जबकि राधा ने हाल ही में टी-20 टीम से भी अपनी जगह गंवाई थी। वनडे सेट-अप का हिस्सा रहीं हरलीन देओल को टी-20 टीम से बाहर कर दिया गया है। गौतम ने आखरी बार पिछले साल मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं फूलमाली की अंतर्राष्ट्रीय वापसी मौजूदा डब्ल्यूपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। उन्होंने गुजरात जायंट्स के लिए चार पारियों में 191-66 के स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था और चार पारियों में 172-72 के स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए थे। यह 2023 के पहले डब्ल्यूपीएल सीजन से काफी बेहतर प्रदर्शन था, जहां उन्होंने तीन मैचों में 120-75 के स्ट्राइक रेट से 64 रन बनाए थे। फूलमाली ने सात साल पहले गुवाहाटी में इंग्लैंड के खलिाफ भारत के लिए डेब्यू किया था और अब तक सिर्फ दो अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पाटिल के लिए यह अक्टूबर 2024 में हुए टी-20 विश्व कप के बाद पहला अंतर्राष्ट्रीय दौरा होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ ही था। चोट के कारण लगभग एक साल तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद उन्होंने पिछले साल सितम्बर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, जहां वह खतिाब जीतने वाली बारबाडोस रॉयल्स टीम का हिस्सा थीं। मौजूदा डब्ल्यूपीएल में पाटिल ने चार मैचों में आठ विकेट लिए हैं, जिंसमें जायंट्स के खिलाफ लिया गया पंजा भी शामिल है। भारत 15 फरवरी से 1 मार्च के बीच तीन टी-20 और उतने ही वनडे खेलेगा।

# सबालेंका ने पहले राउंड का टेस्ट पास किया

मेलबन। वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका का लगातार चौथा ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचने का सफर रविवार को शानदार तरीके से शुरू हुआ, उन्होंने टियांत्सोआ राकोटोंमांगा राजाओनाह को हराया, जिन्होंने पहले सेट में सबालेंका को कड़ी टक्कर दी।

वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी ने निश्चित रूप से अपने करियर के सबसे ऊंचे रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सब कुछ लगा दिया, लेकिन दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन का अनुभव रॉड लेवर एरिना में 6.4, 6.1 की जीत में काम आया और रात का सेशन शुरू हुआ। सबालें.का ने पहले सेट जीतने के मोमेंटम और आत्मविश्वास का पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के आखिर में राकोटोंमांगा राजाआ.ेनाह की सर्विस तोड़कर सबालेंका ने 1-0 की बढ़त बना ली। जल्दी ही, दूसरे सेट में यह बढ़त 3-0 हो गई। यह साफ था कि सबालेंका के शॉट के पीछे की ताकत राकोटोंमांगा राजाओनाह के लिए बहुत ज्यादा थी, जो अक्सर रिटर्न नेट में मार देती थीं या गेंद कोर्ट से बाहर चली जाती थी। दूसरे सेट में, सबालेंका की कोर्ट पर राकोटोंमांगा राजाओनाह की मूवमेंट को कंट्रोल करने की क्षमता ने कुछ आसान विनर्स बनाए - उन्होंने उस शाम 23 विनर्स मारे - या राकोटोंमांगा राजाओनाह से गलतियां करवाईं। तुलना के लिए, सबालेंका की पहली सर्विस की औसत गति 167 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जबकि राकोटोंमांगा राजाओनाह की 149 किलोमीटर प्रति घंटा थी। रिटर्न पर, सबालेंका ने अपने प्रतिद्वंद्वी की पहली और दूसरी सर्विस पर क्रमशः 42: और 64: अंक जीते। इसके बाद सबालेंका ने आखिरी चार गेम में से तीन जीतकर एक घंटे और 16 मिनट का मैच खत्म किया।


# विजेंदर सिंह को एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया



**नई दिल्ली, वार्ता।** बीजिंग ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट विजेंदर सिंह को एशियाई बॉक्सिग एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया गया है, जबकि राजेंद्रन रविद्रन को रेफरी और जज कमीशन सदस्यों का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

एनियुक्तियां एशियाई बॉक्सिग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एशियाई बॉक्सिग संविधान और उसके गवर्नेंस ढांचे के अनुसार प्रभावी समन्वय, तकनीकी देखरेख और आने वाले कार्यक्रमों और चैंपियनशिप को पूरा करने में सहायता के लिए की हैं। बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि विजेंदर सिंह की नियुक्ति, साथ ही प्रमुख एशियाई बॉक्सिग कमीशन में भारत की व्यापक उपस्थिति, महाद्वीपीय निकाय में बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया की रणनी.तिक हिस्सेदारी को मजबूत करती है एथलीट कमीशन में नौ सदस्य होंगे और इसकी अध्यक्षता ईरान के सैयद रोहुल्लाह हुसैनी करेंगे। एशियाई बॉक्सिग कमीशन में अन्य भारतीय प्रतिनिधियों में चंदर किशोर जेरथ (खेल और प्रतियोगिता), स्मिता कुमारी (लैंगिक समानता, विविधता और समावेशन आयोग) और चरणजीत सिंह विर्क (न्यायिक आयोग) शामिल हैं।

# युई सुसाकी के नेतृत्व में हरियाणा थंडर्स ने दिल्ली को 6.3 से हराया



**नोएडा, वार्ता।** जापानी दिग्गज युई सुसाकी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ शनिवार को 6-3 की प्रभावशाली जीत दिलाई।

कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विज.ेता सुसाकी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात्र 57 सेकंड में मुक.ाबला जीतकर लीग इतिहास की सबसे तेज तकनीकी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इस जीत के साथ हरियाणा ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चार अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुसाकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद हरियाणा थंडर्स की कप्तान युई सुसाकी ने कहा, ष्आज का मुकाबला अच्छा रहा और मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मेरा लक्ष्य निर्णायक तरीके से जीत दर्ज करना था,

चाहे वह पिन के जरिए हो या तकनीकी श्रेष्ठता से, और मैं अपनी योजना को अच्छे से लागू कर पाई। टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों का प्रयास उत्साहजनक रहा। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा, ष्हमारी उम्मीद जीत की थी, लेकिन शुरुआती कुछ मुकाबले हमारे पक्ष में नहीं गए। ए मुकाबले कड़े और करीबी थे, एकतरफा नहीं, लेकिन आज हमारा दिन नहीं था। हम हार से सीख लेंगे, टीम के रूप में खुद को दोबारा संगठित करेंगे और आगामी मुकाबलों में मजबूत वापसी करेंगे। हरियाणा ने शुरुआत 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक के जरिए शानदार अंदाज में की। कड़े मुकाबले में काजल ने अनास्तासिया अल्पएवा को 6-5 से हराया। दूसरे पीरियड में बनाई गई मामूली बढ़त को उन्होंने अंत तक बरकरार रखते हुए हरियाणा को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शुभम कौशिक को 13-3 से परा.जंत कर हरियाणा की बढ़त 2-0 कर दी। मैच का निर्णायक क्षण 53 किग्रा महिला मुकाबले में आया, जहां युई सुसाकी ने अपनी गति, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन नमूना पेश किया। सारिका को पूरी तरह दबाव में रखते हुए सुसाकी ने मात्र 57 सेकंड में 16-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जो न केवल मुकाबले का रुख तय करने वाला पल था बल्कि एक नया लीग रिकॉर्ड भी बना। इसके बाद हैवीवेट वर्ग में अनिरुद्ध गुलिया ने रोनक को 13.0 से हराकर हरियाणा की पकड़ और मजबूत कर दी। 57 किग्रा महिला वर्ग में नेहा सांगवान ने कनाडा की कार्ला गोंजालेज को तकनीकी श्रेष्ठता से पराजिंत कर हरियाणा के लिए पांचवीं जीत सुनिश्चित की और मैच लगभग सील कर दिया। दिल्ली को पहली सफलता 65 किग्रा पुरुष वर्ग में मिली, जहां कप्तान सुजीत कलकल ने रणनी.तिक मुकाबले में तुमुर ओचिर तुलगा को 2.1 से हराया। हालांकि, हरियाणा ने जल्द ही वापसी करते हुए 62 किग्रा महिला वर्ग में इरीना कोलियाडेंको के शानदार प्रदर्शन के दम पर अंजली को 13.0 से हराकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के तुरान बायरामोव ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 8.1 से जीत दर्ज की और दिल्ली के लिए दूसरा मुक.ाबला अपने नाम किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 19 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# महाराष्ट्र में खींचतान

बीएमसी के मेयर को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में नया पेंच फंसता दिखाई दे रहा है। हालांकि जिस तरह के नतीजे वहां से आए, उससे यह लग रहा था कि मुंबई बीएमसी का मेयर भाजपा का होगा। उसका कारण भी था मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट न 29 वार्ड जीते हैं। इस तरह बहुमत का आंकड़ा 114 पर हो जाता है। भाजपा का अगर मेयर बनना है तो उसे शिंदे गुट के 29 वार्ड सदस्यों की जरूरत पड़ेगी। चुनाव नतीजों के बाद शिंदे गुट ने जिस तरह के तेवर दिखाए हैं, उसने भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है। शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाबा साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। स्वाभाविक है, शिंदे का यह रुख भाजपा के लिए हैरत वाला है और दोनों गुटों में खींचतान भी शुरू हो गई है। वहीं दूसरी तरफ उद्धव गुट के संजय राउत ने भी यह कहकर विवाद को और हवा दे दी कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वह पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। मुंबई में उद्धव ठाकरे की शिवसेना दूसरे नंबर पर आई है। बताया जा रहा है कि एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांदरा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। यहां यह बताना जरूरी है कि उद्धव ठाकरे के मराठी कार्ड खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या कम रह गई है। जाहिर है शिंदे गुट उद्धव गुट के दबाव के चलते मेयर पद का दांव चलता दिखाई दे रहा है। जाहिर है अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती तो सत्ता के समीकरण बदल सकते हैं। महाराष्ट्र की सियासत आगे चलकर क्या रुख लेती है यह तो आने वाले तीन दिन में पता चलेगा, क्योंकि शिंदे गुट के सभी पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। शिंदे वह व्यक्ति हैं, जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना से अलग हो गए थे और उन्होंने अपनी अलग शिवसेना बना ली थी। वह 2022 में अपनी ही पार्टी में बगावत करके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए थे। सियासत में ऐसा यूं ही नहीं कहा जाता कि इस खेल में कब क्या हो जाए, कोई नहीं जान सकता और इस खेल में चीजें बहुत नाटकीय तेजी के साथ बदलती रहती हैं। ऐसा इस समय भी देखने में आ रहा है। बड़ी पार्टी के रूप में जिस तरह भाजपा ने मुंबई बीएमसी के चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और 227 में से 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई, उससे लग रहा था कि वह आराम से अपना मेयर बना लेगी, लेकिन शिंदे गुट ने यह कहकर बड़ा दांव चल दिया कि 2026 शिवसेना संस्थापक ठाकरे जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। बात साफ है शिंदे गुट अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं और कहीं न कहीं उसे लगता है कि भाजपा उसके अस्तित्व के लिए संकट पैदा कर रही है।

## जेल में फर्श पर कंबल में सोते हैं वांगचुक




लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है, उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है, उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें, सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है, इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिएं, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए, यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए, जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। **–गीतांजलि आंगमो, पत्नी, सोनम वांगचुक**

# कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ अफवाह और दुष्प्रचार



**तनवीर जाफरी**



> ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचा. रित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का राजधानी कोराकस से गत 3 जनवरी को अपहरण कर ड्रग्स तस्करी को बढ़ावा देने के नाम पर जिसत. रह उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया और उसके फौरन बाद जिसतरह ईरान पर अमेरिकी हमले की भूमिका तैयार करने के लिए ईरान में पिछले दिनों चले कथित सत्ता विरोधी प्रदर्शनों को प्रचारित व प्रसारित किया गया इन घटनाओं इनसे जुड़ी जमीनी सच्चाई ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या अब यह दुनिया पूरी तरह से झूठ,अफवाह व दुष्प्रचार की गिरफ्त में आ चुकी है? क्या आज की दुनिया में झूठ, दुष्प्रचार और अफवाहें बहुत बड़ी ताकत बन चुकी हैं। इतनी बड़ी ताकत कि इनके बल पर कहीं चुनाव परिणाम भी उलट सकते हैं? अपने देश के विपक्ष या किसी देश की सत्ता को बदनाम किया जा सकता है? कहीं गृह युद्ध की आग भड़काई जा सकती है? इसी के बल पर किसी देश को परमाणु हथियार रखने वाला तो किसी को केमिकल हथियार रखने वाला देश बताकर उस देश को ही तहस नहस किया जा सकता है? किसी स्वाभिमानी देश या शासक को नीचा दिखाने के लिए उसे तानाशाह या जनविरोधी कुछ भी बताकर वहां खूनी इबारत लिखी जा सकती है ?

निश्चित रूप से झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार सत्ता व राजनीति का हमेशा से ही प्रबल हथियार रहा है। खुद जर्मन तानाशाह हिटलर इसे एक प्रभावी हथियार मानता था। हिटलर का मानना था कि हमेशा एक ही बात को दोहराओ, चाहे वो कितनी भी सरल क्यों न हो। वह कहता था कि प्रोपेगैंडा में सच्चाई को थोड़ा-सा मिलाकर झूठ को और प्रभावी बनाया जा सकता है और उसी का मत यह भी था कि झूठ इतना बड़ा होना चाहिए कि कोई सोचे भी नहीं कि कोई इतना बड़ा झूठ बोल सकता है। खुद हिटलर ने इसी नीति का इस्तेमाल यहूदियों के विरुद्ध कर दुनिया का सबसे बड़ा नरसंहार अंजाम दे डाला। इसी तरह 2002-2003 का वह दौर याद कीजिए जब अमेरिका ने तत्कालीन इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर रासायनिक हथियार और अन्य सामूहिक विनाश के हथियार रखने का गंभीर आरोप लगाया था। इस आरोप को अमेरिका ने इतना प्रचारित किया था कि इसी आधार पर मार्च 2003 में अमेरिका ने इराक पर हमला तक कर दिया। सद्दाम को अपदस्थ कर उसे सामूहिक हत्या के दूसरे मामले में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया। बाद में रिपोर्ट आई कि इराक के पास कोई सक्रिय या बड़े पैमाने पर रासायनिक हथियारों का भंडार नहीं मिला। कोई रासायनिक हथियार उत्पादन, कोई टग गैस का बड़ा भंडार, कोई मोबाइल बायोलॉजिकल लैब आदि कुछ भी नहीं मिला। यहां तक कि अमेरिका ने बाद में खुद यह स्वीकार भी किया कि उसकी खुफिया जानकारी गलत थी। इराक पर हमले का आदेश देने वाले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भी उस समय यही कहा था कि श्वे भी निराश हैंश। कई अमेरिकी अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुखों ने इसे खुफिया विफलता यानी intelligence failure भी कहा परन्तु तब तक तो झूठ अफवाह और दुष्प्रचार का निशाना सद्दाम हुसैन बन चुके थे। उसके बाद इसी बहाने इराक से तेल दोहन से लेकर इराक को अस्थिर व तबाह करने तथा वहां अमेरिकी सैन्य बेस बनाने तक के कई खेल खेले गए।

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलास मदुरो पर भी मुख्य रूप से नारको-टेररिज्म, कोकीन आयात की साजिश, मशीन गन और विनाशकारी उपकरणों का कब्जा और उपयोग तथा मनी लॉन्ड्रिंग और हथियारों की साजिश जैसे आरोप लगाए हैं परन्तु उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के फौरन बाद ट्रंप ने कहा कि अमे. रिका वेनेजुएला को संचालित करेगा, खासकर इसके तेल भंडार और तेल उद्योग को। जब तक कि वहां सुरक्षित और उचित व्यवस्था नहीं हो जाती। ट्रंप ने यह भी कहा कि बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियां अरबों डॉलर निवेश करेंगी, देश के खराब हो चुके तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करेंगी, और उत्पादन बढ़ाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार (लगभग 303 अरब बैरल) हैं और अमेरिका अब इनका नियंत्रण लेगा, तेल बेचेगा और इससे होने वाली कमाई अमेरिका व वेनेजुएला के लोगों के फायदे में इस्तेमाल होगी। गोया क्या सद्दाम की ही तरह निकोलास मदुरो पर लगाया गया आरोप भी झूठ अफवाह और दुष्प्रचार पर आधारित था। असल मकसद वेनेजुएला के तेल भंडार पर नियंत्रण ही था?

इसी तरह पिछले दिनों ईरान में हुए विरोध प्रदर्शनों को भी पश्चिम मीडिया खासकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा बढ़ा चढ़ाकर प्रचारित किया जाने लगा। ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे उन्हीं प्रदर्शनों में सत्ता बदलने की मांग होने लगी। आरोप है कि अमेरिका-इजराइल फंडिंग पर चलने वाले कई पश्चिमी मीडिया ने इन प्रदर्शनों में हुई मौतों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया। यहां तक कि 2,000 से लेकर 20,000 प्रदर्शनकारियों तक की मौत होने के झूठे आंकड़े दे दिए गए । अल जजीरा की एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इजराइल से जुड़े नेटवर्क ने हैशटैग और नैरेटिव को कृत्रिम बढ़ावा दिया, ताकि ऐसा लगे कि विरोध बहुत बड़ा है और जनता में व्यापक सहमति है। यह astroturfing कहा जाता है। इजराइली चैनल 12 के विश्लेषक एहुद यारी ने खुद माना कि इजराइली मीडिया ने ईरान के वर्तमान शासन के पतन की अफवाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर फैलाईं और बाद में मुआफी मांगी कि प्रदर्शन कम हो गए हैं और सरकार के नियंत्रण में हैं। रूस और चीन की मीडिया ने भी इसे ईरान विरोधी प्रोपेगंडा व पश्चिमी दुष्प्रचार बताया, जबकि ठीक इसके विपरीत पूरे ईरान में लाखों लोग वर्तमान ईरानी सत्ता खासकर सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामनेई के समर्थन में व अमेरिका इस्राईल के विरोध में सड़कों पर उतरे। उसे इसी पश्चिमी मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया गया। लिहाजा कहना गलत नहीं होगा कि झूठ अफवाह और दुष्प्रचार आज पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली और खतरनाक हथियार बन चुका है। और दुर्भाग्य से सच और झूठ की इस लड़ाई में निःसंदेह झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार काफी तेज और बहुत आगे चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के लिए नई तैयारियां

> **यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लट्ठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है।**



वैसे तो इस बात पर आम सहमति है कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना सर्वोत्तम तरीका है लेकिन कई लोग मानते हैं कि सिर्फ उत्सर्जन कम करने से बात नहीं बनेगी। कार्बन डाईऑक्साइड को वायुमंडल में से हटाकर भंडारित करना भी जरूरी होगा। इसी सिलसिले में कनाडा में 3775 साल पुराने संरक्षित लाल देवदार के लट्ठे की खोज ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के एक नए तरीके में रुचि उत्पन्न की है। लकड़ी की तिजोरियां (वुड वॉल्ट)। इस तकनीक में लकड़ी को इस तरह दफनाया जाता है कि वह सड़कर वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड न छोड़े। गौरतलब है कि कार्बन डाईऑक्साइड ग्लोबल वार्मिंग में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है। जेंग और उनके सहयोगियों का अनुमान है कि दुनिया भर में एक-दो बार इस्तेमाल की जा चुकी लकड़ी के 4.5 प्रतिशत बायोमास को इस तरह दफनाने से वायुमंडल से सालाना 10 गीगाटन तक कार्बन डाईऑक्साइड को हटाया जा सकता है। अलबत्ता, इस उपाय की प्रभाविता पर कुछ विशेषज्ञों को चिंता है। इस रणनीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि दबी हुई लकड़ी में कार्बन सदियों तक कैद रहता है या नहीं। अब तक, समुद्री मिट्टी के नीचे क्यूबेक लॉग का संरक्षण वैज्ञानिकों को उम्मीद देता है कि इसी तरह के परिणाम बड़े पैमाने पर प्राप्त किए जा सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या अन्य किस्म की मिट्टियां भी ऐसी सुरक्षात्मक परिस्थितियां प्रदान कर सकती हैं। एक चिंता यह है कि कहीं यह तकनीक जंगलों को काटने की प्रेरणा न बन जाए, क्योंकि वह जैव विविधता के लिए खतरे की घंटी होगी। एक और चुनौती पेड़ों को दफनाने की व्यावहारिकता और अर्थशास्त्र है। लकड़ी का उपयोग निर्माण कार्य, कागज और फर्नीचर बनाने में किया जाता है और इसे दफनाने से वनों की कटाई और जैव विविधता के नुकसान सम्बंधित चिंताएं बढ़ सकती हैं। हालांकि, जेंग का सुझाव है कि इन जोखिमों से बचने के लिए केवल बेकार लकड़ी को दफनाया जा सकता है। जेंग के अनुसार बेकार लकड़ी के ढेर आग का खतरा भी बन सकते हैं, इसलिए उन्हें दफनाने से कई लाभ मिलेंगे। अभी के लिए, काष्ठ तिजोरियां जलवायु परिवर्तन के खिलाफ व्यापक लड़ाई में एक आशाजनक रणनीति दिख रही है। यद्यपि पर्यावरण सम्बंधी चिताओं के मद्देनजर इस पर और शोध की आवश्यकता है। **-स्रोत फीचर्स**


# योग और स्वस्थ जीवनशैली के लाभ



**विनीत नारायण**

भारत की प्राचीन सभ्यता में योग को जीवन का आधार माना गया है। आज की तेज-रफ्तार और तनावपूर्ण दुनिया में, जहां जीवनशैली संबंधी बीमारियां जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और मानसिक विकार तेजी से बढ़ रहे हैं, योग एक प्राचीन लेकिन अत्यंत प्रासंगिक समाधान के रूप में उभर रहा है। भारत की यह अमूल्य धरोहर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है, बल्कि मन की शांति और आध्यात्मिक संतुलन भी प्रदान करती है। बीते वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' ने इसे और अधिक प्रासंगिक बना दिया है, क्योंकि योग व्यक्तिगत स्वास्थ्य से लेकर पर्यावरणीय संतुलन तक सब कुछ जोड़ता है। आज का विषय योग को दैनिक जीवन में अपनाने के व्यावहारिक लाभों पर केंद्रित है, ताकि हम एक स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन जी सकें।

योग का अर्थ है 'जोड़ना' या 'मिलन'। यह शरीर, मन और आत्मा का मिलन है। महर्षि पतंजलि के योग सूत्रों में योग को 'चित्त वृत्ति निरोधः' कहा गया है, अर्थात मन की वृत्तियों का निरोध, लेकिन योग सिर्फ ध्यान या समाधि तक सीमित नहींय यह हठ योग, राज योग, भक्ति योग और कर्म योग जैसे विभिन्न रूपों में जीवन को संतुलित करता है। आज के संदर्भ में, हठ योग के आसन और प्राणायाम सबसे अधिक प्रचलित हैं, क्योंकि यह व्यावहारिक और तुरंत लाभ देने वाले हैं। शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग के लाभ अनेक हैं। नियमित योगाभ्यास से शरीर लचीला, मजबूत और संतुलित होता है। सूर्य नमस्कार जैसे गतिशील आसन पूरे शरीर की मांसपेशियों को सक्रिय करते हैं, रक्त संचार बढ़ाते हैं और चयापचय ⦅मेटाबॉलिज्म⦆ को तेज करते हैं। इससे वजन नियंत्रण में मदद मिलती है। कई अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि योग से मोटापा कम होता है, खासकर पेट की चर्बी। धनुरासन, भुजंगासन और नौकासन जैसे आसन पाचन तंत्र को मजबूत बनाते हैं, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत देते हैं। महिलाओं के लिए योग मासिक धर्म चक्र को नियमित करता है, प्रसव के बाद रिकवरी में सहायक होता है और हड्डियों की मजबूती बढ़ाता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी वृद्धावस्था की बीमारियों से बचाव होता है। हृदय स्वास्थ्य के लिए योग एक वरदान है। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं, कोलेस्ट्रॉल स्तर कम करते हैं और हृदय की धड़कन को संतुलित रखते हैं। भारत में हृदय रोग मौत का प्रमुख कारण है, और योग जैसे प्राकृतिक तरीके से इसे रोका जा सकता है। योग इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। नियमित अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कोविड महामारी के बाद यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मानसिक स्वास्थ्य योग का सबसे बड़ा योगदान है। आज की युवा पीढ़ी चिंता, अवसाद और तनाव से ग्रस्त है। योग में ध्यान और प्राणायाम मन को शांत करते हैं। विपश्यना या उपदकनिसदमे ध्यान से स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल कम होता है, नींद बेहतर आती है और एकाग्रता बढ़ती है। छात्रों के लिए यह परीक्षा तनाव कम करने का बेहतरीन माध्यम है। कार्यरत लोगों के लिए योग वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखता है, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है और भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। योग से आत्मविश्वास बढ़ता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफलता की कुंजी है। योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बनाना चाहिए। योग सिर्फ आसन नहीं, बल्कि आहार, नींद और दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है। आयुर्वेद के अनुसार, सात्विक भोजन . फल, सब्जियां, दालें, अनाज और दूध-योग के लाभों को बढ़ाता है। जंक फूड, ज्यादा तेल-मसाले और रात में भारी भोजन से दूर रहना चाहिए। सुबह जल्दी उठना, सूर्योदय के साथ योग करना और रात को 7-8 घंटे की नींद लेना आदर्श है। डिजिटल डिटॉक्स भी योग का हिस्सा बन सकता है, स्क्रीन टाइम कम करके ध्यान बढ़ाना।



योग नियमित अभ्यास से लचीलापन बढ़ाता है, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और संतुलन सुधारता है, जिससे गिरने का खतरा कम होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से सिद्ध है कि यह तनाव कम करता है, कोर्टिसोल स्तर घटाता है और चिंता को 40: तक कम कर सकता है। हृदय स्वास्थ्य में सुधार, बेहतर नींद, आत्मसम्मान में वृद्धि और समग्र जीवन गुणवत्ता में वृद्धि जैसे लाभ भी प्रमाणित हैं। योग कैंसर रोगियों में थकान कम करता है और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है, जिससे दैनिक जीवन अधिक संतु. लित और ऊर्जावान बनता है। समाजिक स्तर पर योग समुदाय को जोड़ता है। गांवों में योग शिविर, शहरों में पार्कों में सामूहिक सत्र और स्कूलों में योग शिक्षा से लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं। महिलाओं के लिए यह सशक्तिकरण का साधन है . घरेलू कामों के साथ स्वास्थ्य बनाए रखना। बुजुर्गों के लिए योग गतिशीलता बनाए रखता है और अकेलेपन को कम करता है। पर्यावरणीय दृष्टि से, योग हमें प्रकृति से जोड़ता है। योग हमें सिखाता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य जुड़े हुए हैं। कम खपत, अधिक जागरूकता और संतुलित जीवन से हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। आर्थिक रूप से भी योग फायदेमंद है। अस्पतालों के खर्च कम होते हैं, दवाओं पर निर्भरता घटती है। एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक उत्पादक होता है, जिससे परिवार और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। भारत में योग पर्यटन बढ़ रहा है . ऋषिकेश, हरिद्वार जैसे स्थान विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, जिससे रोजगार भी बढ़ता है। योग अपनाना आसान है। शुरुआत में 15-20 मिनट रोज काफी हैं। घर पर ऑनलाइन वीडियो या ऐप्स से सीख सकते हैं। वहीं सरकारी योजनाएं जैसे आयुष मंत्रालय के योग कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शिविर मुफ्त प्रशिक्षण देते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण है निरंतरता। योग कोई जादू नहीं, बल्कि अभ्यास है। योग को धीरे-धीरे बढ़ाएं, शरीर की सुनें और धैर्य रखें। याद रहे कि योग हमें सिखाता है कि सच्चा स्वास्थ्य बाहर नहीं, भीतर है। जब हम योग अपनाते हैं, तो न केवल हम स्वस्थ होते हैं, बल्कि समाज और पर्यावरण भी लाभान्वित होता है। इसलिए कोशिश करें कि हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



राजकोट। ठंडी और धुंध भरी सुबह में अलावा के पास बैठकर खुद को गर्म करते लोग।

## कनाडा में परिवहन विभाग ने फोर्ड की 300000 गाड़ियों को वापस मंगाया

**ओटावा।** कनाडा में परिवहन विभाग ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने के खतरे के कारण फोर्ड की 300000 से ज्यादा गाड़ियों को वापस मंगाने की घोषणा की है। सीटीवी न्यूज ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि कनाडा के परिवहन विभाग ने कहा कि अलग-अलग फोर्ड मॉडल की कुछ गाड़ियों में इंजन ब्लॉक हीटर से कूलेंट लीक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ऐसा होता है, तो प्लग लगाने पर ब्लॉक हीटर में शॉर्ट सर्किट हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फोर्ड मालिकों को मेल से सलाह दी गई है कि वे प्रभावित गाड़ियों को डीलरशिप पर ले जाएं ताकि ब्लॉक हीटर को बदला जा सके।

# ट्रम्प के बयानों के बाद ग्रीनलैंड, डेनमार्क में हुए विरोध प्रदर्शन

### प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे

**कोपेनहेगन।** ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने के अमेरिकी प्रयासों और बयानों के विरोध में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के कई शहरों में विशाल विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के 'सिटी हॉल स्क्वायर' पर शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:30 बजे) भारी भीड़ जमा हुई, जिसने अमेरिकी दूतावास तक मार्च निकाला।

इस प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे। इस बीच ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में भी दोपहर से ही लोग जुटना शुरू हो गए और 'ग्रीनलैंडवासियों का है ग्रीनलैंड' के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक निल्सन भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक इनुइट गीत गाए और कई लोग 'मेक अमेरिका गो अवे' (अमेरिका को वापस भेजो) लिखी हुई टोपियां पहने नजर आए। प्रदर्शनों के बीच




■ ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि अमेरिका एक फरवरी से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड से आने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि यदि ग्रीनलैंड की खरीद को लेकर कोई समझौता नहीं होता है, तो एक जून से इस शुल्क को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य के भीतर एक स्वशासी क्षेत्र है, जिसकी रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क सरकार के नियंत्रण में है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी इस द्वीप को 'खरीदने' की इच्छा जताई थी, लेकिन अब वे इसे हासिल करने के लिए 'अमेरिकी सेना के उपयोग' सहित कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को वाशिंगटन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी, जिसमें ग्रीनलैंड के भविष्य को लेकर 'मौलिक असहमति' बनी रही। इस बीच, ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों ने इसे 'ब्लैकमेल' और 'अस्वीकार्य' करार देते हुए एकजुट होकर जवाब देने की चेतावनी दी है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने इस धमकी पर हैरानी जताते हुए कहा कि वे यूरोपीय आयोग के संपर्क में हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने स्पष्ट किया कि सहयोगियों के बीच विवादों का समाधान दबाव के बजाय बातचीत से होना चाहिए। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने इसे सीधे तौर पर 'ब्लैकमेल' बताते हुए कहा कि स्वीडन ऐसी धमकियों के आगे नहीं झुकेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी ट्रम्प के कदम की आलोचना की है। मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय देश इस पर समन्वित प्रतिक्रिया देंगे, जबकि स्टार्मर ने ग्रीनलैंड के भविष्य का फैसला डेनमार्क और वहां के लोगों द्वारा किए जाने की वकालत की। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने चेतावनी दी कि ऐसे कदम से 'ट्रांस-अटलांटिक' संबंधों में गिरावट आएगी।

# ट्रम्प ने 8 यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया

### ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध कर रहे थे यूरोपीय देश, कहा: नहीं माने, तो जून से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोप के 8 देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान इन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने पोस्ट में 'ग्रीनलैंड की पूर्ण और पूरी खरीद' के लिए डील की बात कही है और साफ किया है कि तय समय तक समझौता नहीं होने पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा।

ट्रम्प ने लिखा: हमने कई वर्षों तक डेनमार्क, यूरोपीय यूनियन के सभी देशों और कुछ और देशों को सब्सिडी दी है। हमने उनसे टैरिफ या किसी भी तरह का कोई टैक्स नहीं लिया। अब सदियों बाद समय आ गया है कि डेनमार्क बदले में कुछ लौटाए क्योंकि अब विश्व शांति दांव पर है। ट्रम्प ने कहा कि चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं और डेनमार्क इसे चाहे भी तो नहीं रोक सकता।



■ डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी यूनाइटेड किंगडम नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे
■ चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं: ट्रम्प

फिलहाल वहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ दो डाग स्लेज (कुत्तों के खींचने वाली गाड़ी) हैं। इस खेल में सिर्फ अमेरिका ही कामयाब तरीके से दखल दे सकता है। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिका पिछले 150 सालों से ग्रीनलैंड खरीदने की कोशिश कर रहा है और कई राष्ट्रपतियों ने इसके प्रयास किए, लेकिन डेनमार्क ने हर बार इनकार किया। फिलहाल इस टैरिफ पर यूरोपीय देशों की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा कि हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

## ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर लगाई रोक

**ब्रुसेल्स।** ग्रीनलैंड मामले में अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी है। ईयू ने यह कदम डेनमार्क और संघ के कई देशों पर अमेरिका द्वारा आयात शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद उठाया है। ईयू के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ये आयात शुल्क संघ और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। साथ ही, उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता ऐसे सिद्धांत हैं जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि जुलाई 2025 में प्रस्तावित समझौते को आयात शुल्क कम करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया था। हालांकि ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के रुख और और आयात शुल्क लगाने की उनकी चेतावनी के बाद संघ ने इस प्रस्तावित समझौते के अनुमोदन को रोकने का आह्वान किया है। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में धमकी दी है कि यदि ग्रीनलैंड को 'पूरी तरह' से अमेरिका को नहीं बेच दिया जाता, तो एक फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो 1 जून से बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के 'रणनीतिक स्थान और खनिज संसाधनों को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण' बताते हुए चेतावनी दी कि एक फरवरी 2026 से उपर्युक्त सभी देशों द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा।

## उत्तरी सीरिया में अंतरिम सरकार एसडीएफ के बीच फिर शुरू हुई झड़प

■ समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था

**दमिश्क।** सीरिया के उत्तर-पश्चिम में मौजूद अलेप्पो और रक्का में सीरिया के अंतरिम प्रशासन और कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलो (एसडीएफ) के बीच सैन्य तनाव अचानक बढ़ गया है। एक दिन पहले घोषित वापसी समझौते के बावजूद दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें शुरू हो गई हैं। दिन की शुरुआत पूर्वी अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में फिर से शुरू हुई लड़ाई के साथ हुई। एसडीएफ ने सीरियाई सेना पर आरोप लगाया कि वह 48 घंटे की वापसी अवधि समाप्त होने से पहले ही देर हाफ़र और मस्कानह शहरों में दाखिल हो गई।

दूसरी ओर, सीरियाई सेना ने कहा कि उसने समझौते के उल्लंघन और अपने दो सैनिकों की हत्या के बाद क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए तैनाती की है। जैसे-जैसे टकराव बढ़ा, सीरियाई सुरक्षा बलों ने पूर्वी अलेप्पो से आगे रक्का प्रांत की ओर बढ़ने की घोषणा की और फुरात नदी के पश्चिम के सभी क्षेत्रों को बंद सैन्य क्षेत्र घोषित कर दिया। सरकारी मीडिया के अनुसार, सेना ने तबका के पास सफ़यान और अल-सौरा तेल क्षेत्रों सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों और कस्बों पर कब्जा कर लिया है और सैन्य हवाई अड्डे की घेराबंदी शुरू कर दी है। एसडीएफ ने इन दावों को खारिज कर दिया कि रक्का प्रांत वापसी समझौते के दायरे में था। उनका कहना है कि समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था। एसडीएफ ने रक्का में पूर्ण कर्फ्यू लागू कर दिया है और चेतावनी दी है कि इस तनाव से इस्लामिक स्टेट के कैदियों वाली जेलों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। तनाव शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही एसडीएफ कमांडर मजलूम आब्दी ने कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों की अपील पर उनकी सेनाएं शनिवार सुबह से फुरात के पूर्व से हटने लगेंगी। एसडीएफ और सीरियाई अंतरिम अधिकारियों दोनों का समर्थन करने वाले अमेरिका ने दोनों पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया है। अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सीरियाई सरकारी बलों से अलेप्पो और तबका के बीच आक्रामक अभियान रोकने का आग्रह किया है।

## इंडोनेशिया में 11 लोगो को ले जा रहा विमान लापता

■ पहाड़ी इलाके में रडार से गायब, सर्च ऑपरेशन जारी, सरकार से जुड़े लोग सवार थे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान शनिवार को रडार से गायब हो गया। विमान जावा द्वीप से सुलावेसी द्वीप की ओर जा रहा था और पहाड़ी इलाके में पहुंचते ही ग्राउंड कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 8 क्रू मेंबर और 3 यात्री सवार थे। इसके बाद सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

अभी किसी के जीवित या मृत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हादसे के बाद हुई प्रेस कान्फ्रेंस में इंडोनेशियाई सरकार में मंत्री ने कहा कि विमान में समुद्री मामलों और मत्स्य पालन मंत्रालय के तीन कर्मचारी सवार थे। वे इलाके में संसाधनों की हवाई निगरानी के मिशन पर थे। लापता हुआ टर्बोप्राप एटीआर 42-500 विमान इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट का था। यह विमान योग्याकार्ता से दक्षिण सुलावेसी की राजधानी की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय की प्रवक्ता एंडाह पुर्नामा सारी के मुताबिक, विमान दोपहर 1:17 बजे (05:17 जीएमटी) मारोस जिले के लेआंग-लेआंग इलाके में आखिरी बार रडार पर देखा गया। सारी ने बताया कि लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को अप्रोच एलाइनमेंट ठीक करने के निर्देश दिए थे। इसके तुरंत बाद रेडियो संपर्क टूट गया। इसके बाद कंट्रोल टावर ने इमरजेंसी डिस्टेस फेज घोषित किया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। विमान जिस इलाके में लापता हुआ, वह पहाड़ी और घने जंगलों वाला क्षेत्र है। यहां पहुंचना रेस्क्यू टीमों के लिए बड़ी चुनौती है। सर्च ऑपरेशन के लिए एयरफोर्स के हेलिकाप्टर, ड्रोन और ग्राउंड यूनिट्स को लगाया गया है। दक्षिण सुलावेसी के हसनुद्दीन मिलिट्री कमांडर मेजर जनरल बांगुन नवोको ने इसकी पुष्टि की। इस बीच माउंट बुलुसराउंग इलाके में ट्रैकिंग कर रहे कुछ हाइकर्स ने पहाड़ पर बिखरा मलबा, विमान जैसा लोगो और आग जलने की सूचना दी है।

## मर्कोसुर, यूरोपीय संघ ने किए मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**असुनसियन।** दक्षिणी साझा बाजार (मर्कोसुर) और यूरोपीय संघ (ईयू) ने 25 साल से चल रही बातचीत के बाद पराग्वे की राजधानी असुनसियन में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर समारोह में शनिवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे के विदेश मंत्रियों सहित ईयू और मर्कोसुर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों गुटों के बीच आयात शुल्क को कम करना और व्यापार का विस्तार करना है। अब इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी के साथ-साथ मर्कोसुर सदस्य देशों अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे की विधायिकाओं द्वारा अनुसमर्थन मिलना बाकी है।

## ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड से नाराज इजरायल

### कहा: बिना बातचीत टीम बनाई, यह नीति के खिलाफ, शांति बोर्ड में भारतवंशी अजय बंगा भी शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फार द एडमिनिस्ट्रेशन आफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है। इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया है। राष्ट्रपति खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा है कि गाजा के लिए बनाए गए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत के की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की। इस बोर्ड में 7 लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं। बंगा फिलहाल वर्ल्ड बैंक ग्रुप के अध्यक्ष हैं। बोर्ड के दूसरे सदस्यों में मार्को रुबियो (विदेश मंत्री),

■ व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की, इस बोर्ड में सात लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं

स्टीव विटकाफ (विशेष राजदूत) समेत कई लीडर शामिल हैं। पीस बोर्ड के अलावा, हाई रिप्रेजेंटेटिव और एनसीएजी की मदद के लिए गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया जा रहा है। इसके शुरुआती सदस्यों में स्टीव विटकाफ, जेरेड कुश्नर, तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान, अली अल-थावादी, जनरल हसन राशाद, टोनी ब्लेयर, मार्क रोवन, यूएई की मंत्री रीम अल-हाशिमी, बल्गेरियाई राजनेता निकोलाय म्लाडेनोव शामिल हैं। निकोलाई म्लाडेनोव एग्जीक्यूटिव बोर्ड के प्रतिनिधि होंगे। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। इजरायल का मुख्य विरोध तुर्की जैसे देशों की भूमिका से है। यह हमास के समर्थक माने जाते हैं और इजरायल के साथ इनका संबंध तनाव पूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने नेतन्याहू के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि गाजा को 'कार्यकारी बोर्ड' की जरूरत नहीं, बल्कि हमास को पूरी तरह खत्म करने और बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक पलायन की जरूरत है। ट्रम्प अक्टूबर 2025 में इजरायल पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने नेतन्याहू से मुलाकात की थी। व्हाइट हाउस ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड का हर सदस्य गाजा की स्थिरता और लंबे समय की सफलता से जुड़े एक तय पोर्टफोलियो की जिम्मेदारी संभालेगा।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने हमे धोखा दिया: ईरानी प्रदर्शनकारी

### कहा: सबसे ज्यादा जरूरत के वक्त समर्थन नहीं किया, हिंसा में अब तक 5000 लोगों की मौत का दावा

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में बदलाव आ गया है, इससे वह अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा कि ट्रम्प ने हमे धोखा दिया और बेवकूफ बनाया।

जब ट्रम्प ने कहा कि एक ईरानी अधिकारी ने उन्हें और हत्याएं न करने का भरोसा दिलाया है, तो यह सुनकर हम हैरान रह गए। एक ईरानी ने कहा, ट्रम्प के बयानों की वजह से लोगों को उम्मीद जागी थी और उन्होंने जान जोखिम में डालकर प्रदर्शन किया, लेकिन जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब अमेरिका का समर्थन खत्म हो गया।



■ सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे

ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं, जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे। ईरान में सरकार के खिलाफ 28 दिसम्बर को प्रदर्शन शुरू हुआ था। ईरान में फैशन की पढ़ाई कर रही 23 साल की एक कॉलेज की छात्रा को ईरानी सुरक्षा बलों ने 8 जनवरी को गोली मार दी थी। घटना की जानकारी अब सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक छात्रा रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षाबलों की गोली सीधे सिर के पीछे लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। रूबिना की मौत के एक सप्ताह बाद भी परिवार ने रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। सुरक्षा बलों से बचने के लिए उसके शव को चोरी से सड़क के किनारे गड्ढे में ही दफना दिया। वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार ये माना कि पिछले 28 दिसम्बर से जारी प्रदर्शनों के दौरान हजारों लोग मारे गए। उन्होंने इन मौतों के लिए ट्रम्प को जिम्मेदार ठहराया। खामेनई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ खून से रंगे हैं। ट्रम्प ने इसका जवाब देते हुए कहा कि ईरान सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। वहां नए नेतृत्व की तलाश करने का समय आ गया है। 23 साल की रूबिना अमिनियन ईरान के एक कॉलेज में फैशन की पढ़ाई कर रही थीं। रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षा बलों ने सिर में गोली मारी थी। घटना के समय रूबिना की मां करमनशाह शहर में थीं, जो तेहरान से लगभग 460 किलोमीटर दूर है। रूबिना की मां को उसके दोस्तों ने फोन कर बताया कि उन्हें गोली लग गई है। वे सब 8 जनवरी को कॉलेज से घर लौट रहे थे, तभी प्रदर्शन दिखाई दिया और वे उसमें शामिल हो गए। ईरानी एजेंट राइफल और शाटगन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर रहे थे।

